# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

जबलपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025, कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-14, वर्ष : 20, अंक : 172, पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## सीएम ने अन्नदाताओं के बीच बिताया पूरा दिन, दीपोत्सव पर किया बड़ा ऐलान

मुख्यमंत्री निवास में किसान आभार **सम्मेलन**

# सोलर पंप के लिए अब किसानों को 90 प्रतिशत सब्सिडी देगी सरकार

सीएम ने कहा कि 3 हॉर्सपावर वाले किसान को 5 हॉर्सपावर का सोलर पावर पंप और 5 हॉर्सपावर वाले किसान को 7.5 हॉर्सपावर का सोलर पावर पंप दिया जाएगा



सोयाबीन पर भावांतर भुगतान के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास में हुआ किसान आभार सम्मेलन

सम्मेलन में पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा

- 32 लाख सोलर पंप दिए जा रहे
- विद्युत पंप से एक स्टेप अधिक पावर कैपेसिटी का दिया जाएगा सोलर पंप
- पहले 40% सब्सिडी दी जाती थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूखे खेत को यदि पानी दे दिया जाए, तो फसल सोना हो जाती है। हमने तय किया है कि हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। मप्र के अन्नदाता अब ऊर्जादाता बन रहे हैं। किसान अपने खेतों में सोलर पंप जरूर लगाएं। सोलर पंप लगाने से बिजली के अस्थाई कनेक्शन के खर्च से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सोलर पावर पंप स्थापना के लिए अब 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में 'सोयाबीन पर भावांतर भुगतान के उपलक्ष्य में' आयोजित किसान आभार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

आज मप्र सोयाबीन स्टेट, मिलेट्स स्टेट, मसाला स्टेट, लहसुन स्टेट और संतरा स्टेट के रूप में प्रसिद्ध होकर देश का फूड बास्केट कहलाने लगा है

## हमारे किसान ही मप्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे किसान ही मप्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार का हर निर्णय किसानों के कल्याण को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है। किसानों की भलाई के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर संभव तरीके से किसानों की आय बढ़ाकर उनकी माली हालत मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। भावांतर योजना किसानों को खुले बाजार में फसलों की कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा देती है। यह योजना किसान हित में सरकार की एक बड़ी पहल है।

### प्रदेश की जीडीपी में कृषि का 39 प्रतिशत से अधिक का योगदान

डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की मेहनत से जीडीपी में कृषि 39 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, फलों और सब्जियों के उत्पादन की दृष्टि से मप्र देश में अग्रणी है। प्लांट बेस्ड प्रोटीन के उत्पादन के मामले में भी हम कम नहीं हैं। संतरा, मसाले, लहसुन, अदरक और धनिया उत्पादन में मप्र नंबर वन है। मटर, प्याज, मिर्च, अमरूद उत्पादन में दूसरे तथा फूल, औषधीय एवं सुंगधित पौधों के मामलेमें तीसरे स्थान पर मप्र है।

### *प्रदेश में अब 52 लाख हेक्टेयर रकबा सिंचित*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को अनुदान पर सोलर पंप प्रदान कर रही है। 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दे रहे हैं। 32 लाख सोलर पंप दिए जा रहे हैं। 5 हॉर्स पावर तक के सोलर पंप लगाएं। बिजली का खर्च बढ़ाएं और अतिरिक्त बिजली सरकार को बेचें। प्रदेश में अब 52 लाख हेक्टेयर रकबा सिंचित हुआ है। नदी जोड़ो योजना के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करा रहे हैं। किसानों की फसल को पानी मिल जाए, फसल सोने की हो जाती है। सरकार ने सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा है। किसानों को उनकी फसल का समुचित दाम मिले, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स भी स्थापित की जा रही हैं, जिससे अधिक उत्पादन होने पर किसानों को फसल फेंकनी न पड़े।*

## खबर संक्षेप

### होटल में एसआई ने लगाई फांसी, मौत



**अशोकनगर।** खरगोन में एक एसआई का शव होटल के कमरे में चादर से बनाए फांसी के फंदे पर लटका मिला। सब इंस्पेक्टर अक्षय कुशवाह अशोकनगर कोतवाली थाने में पदस्थ थे। खरगोन एक वारंटी की तलाश में गए थे और होटल में ठहरे हुए थे। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी। अक्षय कुशवाह ने रात 1 बजे कमरा बुक किया था। शनिवार दोपहर 12 बजे कमरे में शव लटकता मिला।

### घर में आग लगी, बच्चे की मौत, 4 की हालत गंभीर




**इंदौर।** विजय पैलेस कॉलोनी में स्क्रैप व्यापारी शहजाद खान के दो मंजिला घर में आग लग गई। जहां एक बच्चे की दम घुटने से मौत हो गई। दो बेटी,एक बेटा और पत्नी की हालत गंभीर बताई गई है। आग फोम, स्पंज और कबाड़ के सामान में लगी थी। जूनी इंदौर एसीपी विजय चौधरी के अनुसार घटना शुक्रवार रात सवा दो बजे की है।

### पुश्तैनी दुकान पर सामान बेचते नजर आए मंत्रीजी



**इंदौर।** प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुश्तैनी काम किराना व्यापार है। नंदानगर स्थित अपनी दुकान पर विजयवर्गीय हर साल धनतेरस पर आकर पूजा करते हैं और फिर कुछ देर के लिए ग्राहकों को सामान भी देते हैं। शनिवार को भी वे दुकान पर पहुंचे और ग्राहकों को सामान तौलकर दिया।




जबलपुर

रविवार, 19 अक्टूबर 2025

मौसम
अधि. 31
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


रूप चौदस **आज**



करीब 300 साल पुराना महालक्ष्मी जी का मंदिर | **दीप पर्व** पर 5 दिन नोटों-आभूषणों से सजा रहेगा, भक्तों ने तिजोरियां भी लाकर रखीं

# भक्तों के 2 करोड़ से सजा देश का इकलौता महालक्ष्मी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

रतलाम में मां महालक्ष्मी का मंदिर सज चुका है। सजावट फूलों से नहीं, हीरे, जवाहरात और नोटों से हुई है। मंदिर की हर लड़ में नोट लगे हैं। किसी में 10 तो किसी में 500 रुपए नजर आ रहे हैं। इस अद्भुत सज्जा के लिए भक्तों ने अपनी तिजोरी खोल दी हैं। मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी।मंदिर की सजाने की सालों पुरानी परंपरा के तहत इस साल 2 करोड़ रुपए से मंदिर को सजाया गया है। आज तक यहां से एक रुपया इधर से उधर नहीं हुआ है। धन राशि देने वालों में रतलाम के अलावा प्रदेश समेत अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। दीपोत्सव के पहले दिन यानी आज धनतेरस से मंदिर की सजावट को भक्त निहार सकते हैं।

**मंदिर में अर्पित नकदी-आभूषण को दीपोत्सव के पांच दिन के बाद समिति प्रसादी के रूप में भक्तों को लौटाएगी**



### बाकायदा होती है ऑनलाइन एंट्री

राजा वैभव, निरोगी काया और प्रजा की खुशहाली के लिए पांच दिन तक अपनी संपदा मंदिर में रखकर आराधना कराते थे। इसके लिए महाराजा शाही खजाने के सोने-चांदी के आभूषण मां लक्ष्मी जी के श्रृंगार के लिए चढ़ाते थे, तभी से ये परंपरा चली आ रही है। धीरे-धीरे व्यवस्था बदलती गई और भक्त मंदिर के लिए चढ़ावा लेकर आने लगे। अभी यह मंदिर सरकारी होकर कोर्ट ऑफ वार्ड्स में आता है। प्रशासन भी सजावट को लेकर पूरी निगरानी रखता है। ऑनलाइन एंट्री में नकदी व आभूषण देने वाले भक्तों का नाम, पता, पासपोर्ट फोटो और मोबाइल नंबर के साथ क्या धन राशि या आभूषण दी, उसकी डिटेल लिखी गई।

## उज्जैन का गज लक्ष्मी मंदिर 40 लाख के नोटों से सजा

### 6 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यहां गज लक्ष्मी मंदिर धन तेरस पर मंदिर को 40 लाख के नोटों से सजाया गया है।


दीपावली पर माताजी का 2100 लीटर दूध से अभिषेक कर मुख्य पूजा होगी। उज्जैन के नई पेठ स्थित प्रसिद्ध गजलक्ष्मी मंदिर में दीपावली पर्व के पांच दिनों में पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान गजलक्ष्मी मंदिर को सजाया भी जाता है। खासकर धन तेरस पर। इसलिए शनिवार को मंदिर में आकर्षक लाइट लगाने के साथ 40 लाख के 100, 200 और 500 के नोटों की लड़ियां बनाकर मंदिर को सजाया गया।

वहीं, तड़के से ही बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। नोटों से सजावट के कारण सुरक्षा के लिए 6 सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड तैनात किए हैं। सुरक्षा चाकचौबंद की गई है।

## खबर संक्षेप

### मुआवजा लौटाने का नोटिस, खाते किए फ्रीज

**मंदसौर।** जिले के टोकड़ी गांव के करीब 100 किसानों को नोटिस जारी कर फसल मुआवजा राशि लौटाने के निर्देश दिए गए हैं।



किसानों से कहा गया है कि वे तीन दिन के भीतर तहसीलदार कार्यालय में राशि जमा करें, अन्यथा कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से गांव के किसान बेहद परेशान हैं। कई किसानों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं, जिससे वे कोई वित्तीय लेनदेन नहीं कर पा रहे।

### भैंस पर विवाद, विवाहिता ने की आत्महत्या

**ग्वालियर।** दहेज प्रताड़ना से परेशान एक नवविवाहिता ने एसिड पीकर सुसाइड कर लिया।



ससुरालवालों ने उससे दहेज में मुर्रा भैंस मांगी थी। 21 साल की विमलेश बघेल की शादी साल 31 जनवरी 2025 को हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालवालों ने विमलेश को दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। 20 सितंबर को पति और परिजन ने उसकी पिटाई की।



## धनतेरस पर कारोबार, राजधानी में 600 करोड़ रुपए के पार

# आई खुशहाली ऐसे 'झूम' के

**दीपोत्सव पर** चौतरफा खरीदी का बूम...प्रदेश में 2500 करोड़ के कारोबार की संभावना

**भोपाल/जबलपुर।** धनतेरस पर बाजारों में खरीदारों की जबरदस्त भीड़ रही और चौतरफा खरीदारी का बूम रहा है। सोने-चांदी के भाव घटने से स्थानीय सराफा बाजार में सिक्के, मूर्ति और आभूषणों की खरीदी का जबरदस्त उत्साह रहा। जबकि ऑटोमोबाइल सेक्टर में दीपोत्सव पूर्व वाहन खरीदी की में 20 फीसदी की ग्रोथ रही। लेकिन, धनतेरस शनिवार के दिन पड़ने से इस सेक्टर में वाहनों की खरीदी तो हुई पर धनतेरस के एक दिन बाद भी खरीदारी का बूम रहेगा। इस बार की धनतेरस तीन दिनों में बंट गई। क्योंकि, शनिवार को दिन धनतेरस होने से अधिकांश लोगों ने इसके पूर्व वाहनों की खरीदी तो एक दिन बाद यानी रविवार को वाहन की चाबी अपने हाथ में लेंगे। लग्जरी कारें भी खूब बिकी और रविवार को और कारों की चाबी ग्राहकों को सौंपी जाएगी। वहीं एक अनुमान के अनुसार धनतेरस पर 20 किलो से अधिक का सोना और करीब डेढ़ क्विंटल चांदी की बिक्री हुई। इसके अलावा रियल एस्टेट, बर्तन , इलेक्ट्रॉनिक्स, जनरल गुड्स, किराना आयटम, मिठाई, ड्रायफूट्स, साज-सज्जा सहित अन्य दीपोत्सव उपयोगी सामग्री में बंपर बिक्री हुई। बाजार जानकारों के अनुसार इन सभी सेक्टरों को मिलाकर धनतेरस पर 600 करोड़ रुपए के अधिक की धन वर्षा हुई। जबकि रियल एस्टेट में 35-38 फीसदी तक ग्रोथ का अनुमान है। प्लॉट्स और डुप्लेक्स की मांग सबसे ज्यादा है, वहीं 1 करोड़ से ऊपर की प्रॉपर्टी में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

*रियल एस्टेट, बर्तन , इलेक्ट्रॉनिक्स, जनरल गुड्स, किराना आइटम, मिठाई, ड्रायफूट्स, साज-सज्जा सहित अन्य दीपोत्सव उपयोगी सामग्री में बंपर बिक्री हुई*



मार्केट में भारी भीड़ रही

**20 किलो से अधिक का सोना और करीब डेढ़ क्विंटल चांदी की बिक्री हुई**

### धनवर्षा

- ऑटोमोबाइल सेक्टर 500 करोड़ रुपए
- सराफा बाजार : 50 करोड़ रुपए
- इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार : 20 करोड़ रुपए
- बर्तन बाजार : 10 करोड़ रुपए
- जनरल गुड्स आयटम 10 करोड़ रुपए
- मिठाई और ड्रायफूट्स 12 करोड़ रुपए
- साज - सज्जा सामग्री : 5 करोड़ रुपए
- अन्य किराना सहित सामग्रीः 5 करोड़ रुपए



**दोपहर ढाई बजे हादसा,** दिल्ली से उड़ानें डाइवर्ट

## ढाका एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में लगी आग...

**पूरा एरिया 'खाक'**

*जहरीली गैस फैलने का खतरा, सभी उड़ानें स्थगित*

आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला

एजेंसी ▶▶ ढाका

राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल में शनिवार को भीषण आग लग गई, जिससे पूरा एरिया और वहां रखा सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के कारण एयरपोर्ट से सभी उड़ानें स्थगित कर दी गई हैं। भीषण आग की वजह से जहरीली गैस फैलने का खतरा बताया जा रहा है। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया। फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। एयरपोर्ट पर आग की वजह से निकला काला धुआं इतना घना था कि आसपास के इलाकों में हवा खराब हो गई।

### कई फ्लाइट ग्राउंड की गईं

बाटिक एयर की कुआलालंपुर जाने वाली और इंडिगो की मुंबई जाने वाली उड़ानें फिलहाल रनवे पर रुकी हुई हैं। बैंकॉक से आई यूएस-बांग्ला और शारजाह से आई एयर अरेबिया की उड़ानों को ढाका के बजाए चटगांव में उतारा गया है। इंडिगो की दिल्ली वाली उड़ान को कोलकाता भेज दिया गया है। कैथे पैसिफिक की हांगकांग वाली उड़ान हवा में ही चक्कर काट रही है और अभी उतर नहीं पा रही है।

दिल्ली हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

## पत्नी खर्च उठाने 'लायक' हो तो गुजारा भत्ता क्यों दिया जाए

**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि गुजारा भत्ता कोई अपने आप मिलने वाली चीज नहीं है। अगर कोई पत्नी आर्थिक रूप से अपना खर्च उठाने में सक्षम है, तो उसे तब तक गुजारा भत्ता नहीं मिल सकता जब तक वह यह साबित न कर दे कि उसे पैसों की सख्त जरूरत है। कोर्ट ने यह फैसला भारतीय रेलवे में ग्रुप 'ए' महिला अधिकारी की याचिका पर सुनाया, जिसने अपने वकील पति से तलाक के बाद स्थायी गुजारा भत्ता और हर्जाना मांगा था। यह मामला एक तलाकशुदा जोड़े का है। महिला ने अपने पति से तलाक के बाद स्थायी गुजारा भत्ता और हर्जाना मांगा था। उनकी शादी 2010 में हुई थी और वे सिर्फ एक साल साथ रहे थे। अगस्त 2023 में फैमिली कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर उनका तलाक मंजूर कर दिया था।



- महिला का विरोध रिश्ता बचाने नहीं बल्कि पैसे के लिए

उज्जैन में सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

## नलखेड़ा में मां बगलामुखी के दर्शन कर कार से लौट रहे थे

**उज्जैन।** यहां देर रात एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। चारों युवक मां बगलामुखी माता के दर्शन कर कार से लौट रहे थे, तभी उनकी कार रॉन्ग साइड से आ रहे कंटेनर से टकरा गई। कंटेनर अलिसा फूड कंपनी का है। इस घटना में मृत आदित्य पंड्या और अभय पंडित ममेरे भाई थे। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक बड़नगर के रहने वाले थे। मृतकों में आदित्य पंड्या (22, एमबीए छात्र, मसवाड़िया निवासी, इंगोरिया के पास), अभय पंडित (20, पासलोद इंगोरिया) और राजेश रावल (50, पंडिताई करते थे, वर्तमान में गरिराज, उज्जैन निवासी) शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल शैलेंद्र आचार्य (20, उज्जैन, गायत्री नगर) को पाटीदार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



- कार रॉन्ग साइड से आ रहे कंटेनर से टकरा गई



# दिल में था छेद

## अब जी पाएगा जीवन

- 7 वर्षीय बालक को गैलेक्सी हॉस्पिटल में मिला नया जीवन
- गंभीर हृदय समस्या से जूझ रहे बच्चे की हुई सफल सर्जरी

**जबलपुर।** गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, उखरी रोड ने एक बार फिर मानवता और चिकित्सा सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। बालाघाट से आए 7 वर्षीय एक मासूम बच्चे को जन्म से ही हृदय में छेद (ASD) की गंभीर समस्या थी, जिसके चलते वह सामान्य बच्चों की तरह जीवन नहीं जी पा रहा था। लेकिन अब, इस सफल ऑपरेशन के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जीने में सक्षम है।

इस जटिल सर्जरी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत निःशुल्क किया गया। गैलेक्सी हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सकों की टीम, आधुनिक तकनीक और समर्पित प्रयासों ने यह चमत्कार संभव किया। हॉस्पिटल प्रशासन ने जानकारी दी कि पिछले 3 महीनों में 10 से अधिक जिलों के 50 से भी अधिक बच्चों का हृदय ऑपरेशन आरबीएसके योजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक किया गया है।

चिकित्सकों के अनुसार, अस्पताल में बच्चों से जुड़ी जटिल हृदय समस्याओं का लगातार समाधान किया जा रहा है और अब तक सर्जरी का सक्सेस रेट 100% रहा है। आरबीएसके की टीम का विशेष सहयोग रहा है, जो लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए रेफर करती है। गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए ज़रूरतमंद बच्चों को नया जीवन भी दे रहा है। यह कार्य न केवल चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धि है, बल्कि मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल भी है।

**धुंध का असर शुरू,** दिन और रात के तापमान में 9 डिग्री की अंतर

अनूपपुर में रात का पारा 13 डिग्री पर, पांच जिले 16 डिग्री के करीब

## इंदौर-खंडवा में बारिश, अगले सप्ताह फिर बदल जाएगा मौसम, सर्दी बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में सर्दी का असर मिला-जुला बना हुआ है। शनिवार को प्रदेश में एक तरफ मौसम की करवट से इंदौर, बैतूल और खंडवा सहित आधा दर्जन जिलों में बारिश का दौर चला, वहीं भोपाल सहित अधिकांश हिस्सों में धूप खिलने के बावजूद दिन के तापमान में कुछ कमी आई। शहर में सुबह और शाम को धुंध का असर बढ़ने से रात का पारा दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 21 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। दिन का पारा 1.8 डिग्री गिरकर 30 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.8 डिग्री कम रहा। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार तक मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 24 अक्टूबर को एक सिस्टम बनेगा, जिससे प्रदेश में फिर मौसम बदल सकता है। इसके बाद सर्दी भी बढ़ेगी।



### अगले सप्ताह से तेज सर्दी

शनिवार को अमरकंटक अनूपपुर 13.3, शहडोल 15.4, रीवा 15.9, नौगांव 16, चित्रकूट में रात का पारा 16.1 डिग्री पर रहा। इससे इन जिलों में रात में सर्दी का अहसास अधिक रहा। भोपाल में हवाएं मिलीजुली होने से अभी सर्दी का असर कम हो रहा है, लेकिन अगले सप्ताह से सर्दी में तेजी से बढ़त की उम्मीद है। भोपाल में अभी मौसम ऐसा ही रहेगा।



**तीन कोच में** सवार थे 125 यात्री, सभी सुरक्षित

## अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, तीन कोच जलकर खाक

एजेंसी ▶▶ फतेहगढ़ साहिब

शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में आग लग गई। ट्रेन के तीन जनरल एसी कोच आग की चपेट में आ गए। जिनमें 125 यात्री सवार थे। हादसा सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हुआ। हादसे में बिहार की रहने वाली जीरा देवी गंभीर रूप से झुलस गई। ट्रेन सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर सरहिंद रेलवे जंक्शन से क्रॉस हो रही थी, जिस समय उसके कोच संख्या 19 से धुंआ निकलता देखा गया। जिसके बाद तुरंत ट्रेन को सरहिंद जंक्शन के आउटर पर ब्राह्मण माजरा फ्लाई ओवर के नीचे रोक दिया गया। तब तक कोच संख्या 19 में लगी आग से कोच नंबर 18 और 20 भी आंशिक रुप से चपेट में आ गए थे। ट्रेन रोकने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

ट्रेन में आग की सूचना मिलते ही अंबाला डिवीजन के डीआरएम विनोद भाटिया मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। डीआरएम ने तत्काल जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक तौर पर सामने आया है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग की चपेट में आये तीन कोच व जनरेटर कार को अलग कर ट्रेन को सरहिंद से रवाना कर दिया गया। क्षतिग्रस्त हुए कोच की सवारियों को दूसरे डिब्बों में बैठाकर अंबाला तक भेजा गया।


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
आया त्योहार
हीरो पे सवार
HF Deluxe Pro
Splendor+ XTEC 2.0
पुराना एक्स-शोरूम
₹62 938
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
₹58 020#
GST लाभ ₹4 918
पुराना एक्स-शोरूम
₹79 826
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
₹73 589#
GST लाभ ₹6 237
सीमित अवधि ऑफर
प्रतिदिन EMI
₹59$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹999$
से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹2 200~
तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Madhya Pradesh.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, टांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.






# एनडीए ने प्रचार अभियान किया तेज, वहीं महागठबंधन खुद का वजूद बचाने में जुटा

**शाह का कांग्रेस और आरजेडी पर बड़ा हमला**

## एसआईआर पर राहुल के पेट में दर्द हो रहा? हम घुसपैठियों को निकाल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, सियासत का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही अब प्रचार अभियान पूरे जोरों पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पटना में राहुल गांधी, कांग्रेस, आरजेडी और प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कई तीखे बयान दिए। शाह ने कहा कि चुनाव आयोग अगर एसआईआर के जरिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू करता है, तो राहुल को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? क्योंकि उन्होंने घुसपैठियों के जरिए ही अपना वोटबैंक बनाया है। शाह ने कहा कि जो लोग देश के नागरिक नहीं हैं, वे भारत के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं तय कर सकते। चुनाव आयोग जब सख्ती से जांच करता है तो कांग्रेस और आरजेडी को परेशानी क्यों होती है? वजह साफ है-घुसपैठियों को हटाने से उनका वोटबैंक घट जाएगा।

### परिणाम के बाद प्रशांत पर कुछ कहूंगा



शाह से प्रशांत किशोर पर कहा कि अभी चुनाव चल रहे हैं, नतीजों का इंतजार कीजिए। मैं पीके पर तब बोलूंगा जब परिणाम सामने आएंगे।

### वे भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे

शाह ने यह दावा भी किया कि एनडीए में किसी तरह का मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सीटें तय हैं, उम्मीदवार तय हैं, और एकजुट होकर लड़ रहे हैं। लेकिन विपक्ष के पास न नेता तय है, न सीटों का बंटवारा। जनता समझ चुकी है कि कौन स्थिर सरकार दे सकता है। उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के नेता भेष बदलकर फिर से जंगलराज लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### हम ध्रुवीकरण नहीं करते, घुसपैठ खत्म कर रहे

शाह ने विपक्ष पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम तो सिर्फ घुसपैठिया कह रहे हैं, धर्म नहीं देख रहे। लेकिन कांग्रेस और आरजेडी उसे मुस्लिमों से जोड़ देती हैं। यही असली ध्रुवीकरण है। हम सिर्फ इतना कह रहे हैं कि जो भी गैरकानूनी रूप से देश में घुसा है, उसे बाहर निकाला जाए।

**गरीबी हटाना हमारा लक्ष्य, गरीबों को हटाना कांग्रेस का**

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं चलाईं। इसलिए जीविका दीदी को 10 हजार रुपये सेंड मनी के रूप में दिए जा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस का मकसद गरीबों को नहीं, बल्कि गरीबों को ही हटाना है।

### अलायंस नहीं संभाल पा रहे राज्य संभालेंगे?

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनसे गठबंधन भी नहीं संभल रहा है।



तकरार की खबरें मिल रही है। जिनसे अलायंस नहीं संभल रहा, वो प्रदेश को कैसे संभालेंगे?

**मढ़ौरा से चिराग की कैंडिडेट सीमा का नॉमिनेशन रद्द**

चुनाव से पहले ही एनडीए को बड़ा झटका लगा है। मढ़ौरा विधानसभा सीट से एनडीए की प्रत्याशी और अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द हो गया है। बंटवारे में मढ़ौरा सीट चिराग पासवान की लोजपा-आरवी के खाते में गई थी।

### फिर सीएम बनेंगे नीतीश कुमार, त्यागी का दावा

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि जेडीयू का मानना है



कि पिछले 20 सालों से बिहार की प्रगति नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही संभव हुई है। वे चुनाव का चेहरा होंगे और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनेंगे।

### पश्चिमी चंपारण की सभी सीटें जीतेंगे: साहा

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बिहार विकसित होगा



तो देश भी विकसित होगा। नॉर्थ ईस्ट पर पिछली किसी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पश्चिमी चंपारण जिले में विधानसभा में इस बार हम सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

### एनडीए बड़ी जीत दर्ज कर रहा: रवि किशन

भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हम बिहार को



जितना जानते हैं तो एनडीए गठबंधन एक बहुत बड़ी जीत की ओर जा रहा है। हम उन क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दें, जहां भाजपा कमजोर है।

**महागठबंधन सीट शेयरिंग को लेकर उलझा**

## करीब 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन ने एक दूसरे के खिलाफ ही उतार दिए प्रत्याशी



***इन सीटों पर आमने-सामने इंडिया गठबंधन** लालगंज ,वैशाली,राजापाकर, रोसड़ा , बिहारशरीफ, बख्खड़ा और तारापुर सीट ।*

बिहार चुनाव के पहले चरण की 121 पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। 114 सीटों पर महागठबंधन एनडीए से मुकाबला करेगा। जबकि 7 सीटों पर इंडिया गठबंधन आपस में ही मुकाबला करेगा। कांग्रेस ने 48 और वाम दलों ने 18 उमीदवारों के नामों का ऐलान किया है। कांग्रेस और आरजेडी ने 5 सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। तीन सीटों पर वाम और कांग्रेस, एक सीट पर वीआईपी और आरजेडी में मुकाबला होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि तेजस्वी यादव महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं ले पा रहे हैं। हम उनके अंतिम फैसले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति पारस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राजेश के खिलाफ तेजस्वी उतारेंगे प्रत्याशी



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कुटुंबा की सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह सुरक्षित सीट है और प्रदेश अध्यक्ष भी दलित समुदाय से आते हैं। आरजेडी ने सुरेश पासवान को उतारने की तैयारी कर ली है।

**बाहुबली की पत्नी को तेजस्वी ने दिया टिकट** कुख्यात बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनीता को राजद ने वारिसलीगंज से अपना उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी का सिंबल सौंपते हुए समर्थन भी दिया।

### महागठबंधन से अलग हुई झामुमो

**6 सीटों पर किया ऐलान**



महागठबंधन में तकरार के बीच अब झामुमो ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झामुमो ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगा और 6सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा।

**और नेताजी ने एक सीट से दो पार्टियों के सिंबल पर किया नामांकन**

चुनाव में सबसे मजेदार बात यह है कि दोनों ही पार्टियों का आपस में गठबंधन है। नेता का नाम नबीन कुमार है जो कि आलमनगर विधानसभा से आरजेडी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) दोनों के सिंबल पर नामांकन दाखिल किया है।

### माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया



कांग्रेस के रिसर्च कमेटी के चेयरमैन और प्रवक्ता आनंद माधव ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया, साथ ही राहुल गांधी को लेटर भेजा है। उन्होंने बयान दिया कि- आलाकमान 33000 से हारे व्यक्ति को टिकट दे सकते हैं और 113 बूथ से हारे हुए व्यक्ति को टिकट नहीं दे सकते है।

### कांग्रेस विधायक अफाक ने नेतृत्व पर लगाए गंभीर आरोप



पूर्णिया के कस्बा से कांग्रेस विधायक अफाक आलम ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अलवरू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पैसे लेकर विधानसभा का टिकट बेचने का आरोप लगाया है।

### भड़काऊ पोस्ट न करें, 6 पर एफआईआर, 22 को नोटिस

चुनाव आयोग के निर्देश पर फेसबुक, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक, भड़काऊ या भ्रामक सामग्री डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है।बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अब तक 22 आपत्तिजनक लिंक के आधार पर 14 सोशल मीडिया हैंडलर्स के खिलाफ छह प्राथमिकी दर्ज की हैं।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यपालों के जरिए अराजकता फैलाई जा रही

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर राज्य के



साथ गहरा पक्षपात करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री हमारे बच्चों को अंधविश्वास क्यों सिखा रहे हैं? विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में राज्यपालों के जरिए अराजकता क्यों फैलाई जा रही है? कानूनों के नाम हिंदी-संस्कृत में लिख रहे।

### ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट स्थित सांसदों के फ्लैट्स में आग

**नई दिल्ली।** यहां केविशंभर दास रोड स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई, यहां



पर सांसदों के आवास हैं। आग पार्किंग में रखे कबाड़ में लगी जो सातवीं आठवीं मंजिल तक पहुंच गई, फिलहाल तीन लोगों के आग में झुलसने का पता चला है और तीन लोगों को ही बचाने की बात कही जा रही है।

### मलाड में गोदामों में आग, 20 दुकानें जलीं

**मलाड।** मुंबई के मलाड (पूर्व) स्थित पठानवाडी के संजय नगर, पिंप्रीपाड़ा इलाके में शनिवार को



आग लगने की घटना सामने आई। आगसे कई गोदाम और 15 से 20 दुकानें प्रभावित हुईं। दमकलकर्मी आग बुझाने में लगातार जुटे रहे। फिलहाल, आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, जो एक राहत भरी बात है।

### सिख विरोधी दंगों के 121 परिवारों को देंगे नौकरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार सिख विरोधी दंगों में मारे गए 121 लोगों के परिवारों को 5 नवंबर को



नियुक्ति पत्र देगी। गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर 1 से 25 नवंबर तक राज्य में विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिनमें रक्तदान शिविर, निबंध प्रतियोगिता, सेमिनार और यात्रा शामिल हैं। समापन समारोह कुरुक्षेत्र में होगा।

---

**अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने का मामला**

## हवाईअड्डों पर अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के प्रति संवेदनशील बनाने की जरूरत बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर काम करने वाली क्षेत्रीय एजेंसियों के लिए यह बेहद जरूरी है कि वे अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों के बारे में पहले से ही संवेदनशील बनाएं, खासकर तब जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय यात्री को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने जैसा गंभीर कदम उठाने जा रहे हों।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं।जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। उस पर आरोप था कि वह अपने सामान में हिरण की सींग लेकर जा रहे थे, जो कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत प्रतिबंधित है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बैग से सींग बरामद होने के बाद उसके खिलाफ इस अधिनियम की धारा 39, 49 और 51 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी और उसे गिरफ्तार कर लिया था।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब उन्होंने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) रॉकी अब्राहम की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। अब्राहम पिछले बीस वर्षों से इटली में बसे भारतीय नागरिक हैं। बताया जा रहा है कि जनवरी 2025 में अब्राहम को दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था।

**शीर्ष कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने यह टिप्पणी की**

शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारियों को पहले जानकारी होनी चाहिए

जनवरी 2025 के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की



**आपराधिक कार्यवाही को कर दिया रद्द**

### अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे

अब्राहम करीब दो हफ्ते तक हिरासत में रहे। इसके बाद उन्हें कड़ी शर्तों के साथ जमानत मिली, जिसमें भारत छोड़ने पर प्रतिबंध भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि डीएनए जांच के अनुसार जो वस्तु उसके पास मिली, वह वास्तव में रेंडियर (हिरण परिवार का सदस्य) की सींग थी, जो भारत के वन या वन्यजीव कानूनों का उल्लंघन नहीं करती।

### सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए खारिज किया

इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने अब्राहम की गिरफ्तारी, प्राथमिकी और उनके खिलाफ सभी कार्यवाहियों को पूरी तरह से अवैध करार देते हुए उन्हें रद्द कर दिया।

### अधिकारी सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यह कोर्ट महसूस करता है कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से जुड़े मामलों को देखने वाली एजेंसियों को अपने अधिकारियों को मौजूदा कानूनों की सही जानकारी देना जरूरी है, ताकि वे गिरफ्तारी जैसे सख्त कदम उठाने से पहले सोच-समझकर और कानूनी सलाह लेकर काम करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे गलत फैसलों से देश की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंचता है और संबंधित अधिकारियों का व्यवहार मानवाधिकारों के उल्लंघन की श्रेणी में आ सकता है।

---

**महाराष्ट्र के नंदुरबार में भीषण हादसा**

## वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत, दर्शन कर लौट रहे थे



एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

महाराष्ट्र में भीषण हादसा हुआ है, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नंदुरबार जिले में हुआ है, जब एक वाहन चंदशाली घाट पर एक खाई में गिर गया। महाराष्ट्र पुलिस ने शनिवार को घटना की जानकारी दी। यह घटना शहादा पुलिस थानाक्षेत्र में हुई। बाताया जा रहा है कि अस्तंबा देवी के मंदिर में दर्शन करके लौट रहे थे। अस्तंबा देवी की यात्रा का महत्व आदिवासी समुदाय में काफी ज्यादा है। गुजरात और महाराष्ट्र से यहां पर बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। वहीं, जिस चांदशैली घाट पर यह हादसा हुआ है, वह भी बेहद खतरनाक है। यहां पर चढ़ाई बहुत रिस्की है और कई जगहों पर खड़ी चढ़ाई है। इसलिए हादसे का डर बना रहता है।

### चढ़ाई के दौरान वाहन ने खोया नियंत्रण

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वाहन में सवार सभी लोग अस्तंबा देवी के दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। वाहन चालक ने चढ़ाई के दौरान अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। पुलिस के मुताबिक यह खाई काफी गहरी थी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार लोग उसमें से निकल-निकलकर बाहर गिर पड़े। वाहन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस भीषण हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### उधर, साबरकांठा में दो गुट भिड़े

**जमकर हुआ पथराव और आगजनी, पुलिस बल तैनात**



**साबरकांठा।** गुजरात के साबरकांठा के माजरा गांव में शुक्रवार रात 2 गुटों के बीच हिंसा भड़क गई। हिंसक झड़प में लगभग 10 लोग घायल हुए हैं। घटना में 20 से अधिक दोपहिया वाहन, 10 से अधिक चार पहिया वाहन और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। घरों में तोड़फोड़ की गई। लगभग 120 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अब तक करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

---

**जयराम का पीएम मोदी पर तंज**

## ऑपरेशन सिंदूर- रूस से तेल खरीद पर मौनी बाबा बन गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से हालिया समय में भारत के संबंध में किए गए दावों को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा।

कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि हर बार जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह दावा करते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया या भारत रूस से तेल आयात घटा देगा, तब प्रधानमंत्री अचानक 'मौनी बाबा' बन जाते हैं। ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उनके अच्छे दोस्त ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से तेल आयात कम करेगा।



### चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ा

उन्होंने कहा कि लेकिन जब ट्रंप कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रोका या अब जब वे कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात घटाएगा, तो वह 'अच्छे दोस्त' मौनी बाबा बन जाते हैं। अपने पोस्ट में लिखा कि अप्रैल से सितंबर के बीच भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 54.4 अरब डॉलर तक बढ़ गया है।


**वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के खजाने पर रहस्य**

## काला सांप देख डरकर भागी टीम, वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू

एजेंसी ▶▶ वृंदावन


**हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर धनतेरस पर खजाना खोला**

यहां के ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी महाराज के मंदिर में पिछले 54 वर्षों से बंद पड़े तोशखाने (खजाना) का रहस्य वर्षों से गहराया हुआ है। अब हाई पावर्ड मंदिर प्रबंधन कमेटी के आदेश पर धनतेरस पर ये खजाना



खोला गया। वहीं गोस्वामी हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि ताशखाने के अंदर जो भी प्रक्रिया की जा रही है, उसे मंदिर के बाहर स्क्रीन लगाकर लाइव किया जाए।इस दौरान काला सांप निकल आया, जिससे कार्य कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। सांप के डर की वजह से टीम वहां से भाग खड़ी हुई। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने सांप को खजाने के अंदर से रेस्क्यू किया। इसके बाद टीम फिर से खजाने के अंदर घुसी। सामान निकालने का कार्य किया।

### खजाने से निकाला ये सामान



बांकेबिहारी मंदिर का शनिवार को खजाना खुला। इसमें से अब तक 1 लकड़ी का संदूक, टूटे कुंडे, 3 देग, 3 बड़े कलश, 1 परात, 4 बड़े पत्थर गोलाकार, 1 तख्त बड़ा लकड़ी का मिला। वहीं संदूक में 2बक्से गहने रखने वाले, 2 फरवरी 1970 का पत्र, एक चांदी का छोटा सा छत्र मिला है।

**खजाना 54 साल से बंद था**

तोशखाने में प्रवेश करने के लिए पहुंची टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खजाना 54 वर्षों से बंद पड़ा था। इस बारे में किसी को भी जानकारी नहीं थी। जब खजाने का दरवाजा खोला गया तो धूल और गंदगी के साथ गैस भी बन गई थी। ऐसे में टीम को काफी सावधानी के साथ अंदर प्रवेश करना पड़ा। फावड़ा चलाकर मिट्टी को हटाया गया।

### यह अंतिम बार 1971 में खोला गया

इतिहासकार के अनुसार वर्ष 1971 में तत्कालीन मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष प्यारेलाल गोयल के नेतृत्व में अंतिम बार तोशखाना खोला गया था। ऐसे में कुछ सामान एक सूची बनाकर संपूर्ण सामान को एक बक्से में सील सहित बंद कर मथुरा की भूतेश्वर स्थित स्टेट बैंक में जमा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि मौजूदा मंदिर के निर्माण के वक्त इसमें पूजित करके खजाना स्थापित किया गया था। उसके बाद ठाकुरजी पर चढ़ाए गए पन्ना निर्मित मयूराकृति हार सहित अनेक आभूषण, चांदी, सोने के सिक्के, भरतपुर, करौली, ग्वालियर आदि रियासतों द्वारा प्रदत्त दान-सेवा पत्र भी रखे गए थे।

हाईकोर्ट ने 60-77 साल की 5 वृद्धाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला किया निरस्त, नर्मदापुरम जिले का मामला

# किसका बछड़ा मारा और कब पता ही नहीं, यह आरोप लगाकर आत्महत्या के लिए उकसाने का नहीं बनता मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक दिलचस्प अपराधिक मामले में सुनवाई के बाद कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है कि किसका बछड़ा मारा गया और कब। इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज हुई या नहीं। याचिकाकर्ताओं ने किसके सामने यह अफवाह फैलाई कि मृतका ने बछड़ा मारा था। जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांतों के अनुसार यह नहीं कहा जा सकता कि याचिकार्ताओं ने मृतका को आत्महत्या के लिए



उकसाया। कोर्ट ने इस मत के साथ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 5 वृद्धाओं के खिलाफ लंबित प्रकरण निरस्त कर दिया।

### यह है मामला

अभियोजन के अनुसार, रघुवंशी मोहल्ला रामपुर, नर्मदापुरम निवासी 70 वर्ष की वृद्धा रामकुंवर बाई रघुवंशी ने 20-21 सितम्बर 2017 की दरम्यानी रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पुत्र ने पिपरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ले की प्रेमबाई, दुलारी बाई, कला बाई व प्रेमबाई भट्ठी ने करीब 2 माह पूर्व अफवाह फैलाई। उन्होंने सभी से बताया कि मृतका ने गाय का बछड़ा मार डाला। उसे समाज से बंद कर देंगे। पंचायत बैठाई जाएगी। 20 सितम्बर 2017 को मृतका ने पिपरिया थाने में उक्त सभी महिलाओं के खिलाफ झूठी अफवाह फैलाने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। उक्त महिलाओं के उकसाने के चलते मृतका ने आत्महत्या कर ली। इस पर पांचों महिलाओं के खिलाफ भादवि की धारा 306 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। यह प्रकरण एडीजे कोर्ट पिपरिया के समक्ष लंबित है।

### 7 साल नहीं हुई सुनवाई

इसी मामले को निरस्त कराने के लिए आरोपी बनाई गई पांचों महिलाओं की ओर से 2018 में यह याचिका दायर की गई थी।सभी की आयु 60- 77 वर्ष के बीच है। मामले की सुनवाई अगस्त 2018 से नहीं हुई थी। हाईकोर्ट के 5 साल से पुराने मामले निराकृत करने की मुहिम के तहत इस वर्ष अगस्त में फिर यह मामला सुनवाई के लिए लगा। इसके बाद लगातार फैसले तक सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता वृद्धाओं का आपस में कोई संबंध नही था। उनके द्वारा मृतका को आत्महत्या की हद तक उकसाने का भी कोई सबूत नहीं है। इसलिए याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आत्महत्या के दुष्प्रेरण का अपराध नहीं बनता।

हाईकोर्ट ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी संचालक आस्था सोसाइटी की याचिका खारिज की, ईओडब्ल्यू की जांच के खिलाफ दायर की गई थी याचिका

## 200 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं की जांच जरूरी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल में एलएन सीटी यूनिवर्सिटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाएं संचालित करने वाली आस्था सोसाइटी के पदाधिकारियों खिलाफ ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआइआर रद्द करने से इनकार कर दिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट में 200 करोड़ रु की वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख है। ऐसे में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा विस्तृत जांच आवश्यक है। इस मत के साथ कोर्ट ने पदाधिकारियों की ओर से दायर याचिका निरस्त कर दी।

सोसायटी के पदाधिकारियों श्वेता चौकसे, जय नारायण चौकसे, धर्मेंद्र गुप्ता और अनुपम चौकसे की ओर से याचिका दायर की गई थी। याचिका में उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। कहा गया कि आशा सोसाइटी कई शैक्षणिक संस्थान, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और उससे संबद्ध संस्थानों का संचालन करती है।शिकायतकर्ता सोसाइटी के पूर्व सदस्य अनिल संघवी ने पहले भी ईओडब्ल्यू में इसी तरह की शिकायत की थी। जिसे एजेंसी ने खारिज कर दिया था। वही आरोप दोहराते हुए फिर शिकायत की गई। इस पर ईओडब्ल्यू ने बिना नोटिस दिए या सफाई का मौका दिए एफआइआर दर्ज कर ली । इसे खारिज करने की मांग की गई।याचिकाकर्ताओं ने आशंका जताई कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यू ने केस डायरी पेश करते हुए बताया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। तर्क दिया कि कथित गबन की राशि और अनियमितताओं की प्रकृति को देखते हुए मामले की गहन जांच आवश्यक है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि सोसाइटी की ऑडिट रिपोर्ट प्रतिष्ठित ऑडिटर्स ने तैयार की है। इसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं पाई गई हैं। ऑडिट रिपोर्ट में 200 करोड़ रु की वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख है। ऐसी स्थिति में याचिकाकर्ताओं को कोई राहत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि मामला गंभीर है और इसमें विस्तृत जांच आवश्यक है।

## जस्टिस अतुल श्रीधरन इलाहाबाद हाईकोर्ट स्थानांतरित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन का स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। राष्ट्रपति की मुहर के बाद शनिवार को केन्द्रीय विधि एवं कानून विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई। उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीधरन के छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट स्थानांतरण की अनुशंसा की थी। बाद में 14 अक्टूबर को हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में केंद्र सरकार के आग्रह पर इस अनुशंसा पर पुनर्विचार किया गया। इसके बाद कॉलेजियम ने जस्टिस श्रीधरन का स्थानांतरणइलाहाबाद हाईकोर्ट करने की अनुशंसा की।24 मई, 1966 को जन्मे जस्टिस अतुल श्रीधरन सात अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। मार्च, 2018 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था। उन्होंने मप्र शासन के मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के मामले में संज्ञान आधारित सुनवाई सहित कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किए।



पारा लुढका, हवाओं में घुली ठण्डक

## सुबह-सुबह गिरने लगी ओस

**जबलपुर।** अब सुबह-सुबह आसपास के इलाकों में ओस पड़ने लगी है। बारिश की बिदाई के साथ ही यह सर्दी की दस्तक का संकेत है। इस हफ्ते के अंत तक ठण्ड पूरा जोर पकड़ लेगी, फिलहाल तापमान में गिरावट का दौर जारी है। फिलहाल रात का तापमान औसत से 2 पायदान नीचे उतर गया है और दिन का तापमान भी औसत से नीचे चल रहा है। इसके बावजूद तड़के हवाओं की सिहरन भी होने लगी है। ओस की बूंदे इस बात का संकेत दे रहा है कि जोरों की ठण्ड की दस्तक जल्द होगी।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य, न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 75 प्रतिशत और सायंकाल 60 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.9 व सूर्यास्त 5.42 बजे हुआ। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 32.06 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.04 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तरी पूर्वी हवाएं 3 से 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

## पूर्ण स्वच्छता के लिए शहर में चलाई जाएगी स्पेशल ड्राइव : निगमायुक्त

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने 5 विभागों के कार्यों की समीक्षा की और सभी को प्लानिंग के तहत शहर भर में जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने स्वास्थ्य, उद्यान, बाजार, राजस्व एवं लोककर्म विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बारी-बारी से समीक्षा कर जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और 100 प्रतिशत संतुष्टि के साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए ताकि ग्रेडिंग बेहतर हो सके। निगमायुक्त ने दीपोत्सव पर कार्ययोजना के अनुरूप बेहतर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने त्यौहार पर तुरंत कैसे काम किया जाना चाहिए उस संबंध में टिप्स भी प्रदान किए। स्वास्थ्य विभाग को अभी त्योहार पर 24 घंटे अलर्ट रहने के लिए भी निर्देशित किया। निगमायुक्त ने लोककर्म विभाग अंतर्गत कार्यों को भी अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों से कहा कि उद्यानों के रखरखाव व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। बैठक के अंत में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने राजस्व वसूली पर भी फोकस किया और बाजार के साथ राजस्व अमले को वसूली कार्यों में व्यापक गति लाने निर्देशित किया। बैठक में संबंधित विभागों अधिकारी कर्मचारी लोग उपस्थित थे।

गोसलपुर व माढ़ोताल में वारदात

## 2 सूने घरों के ताले टूटे, सोने चांदी के जेवर पार

**जबलपुर।** गोसलपुर और माढ़ोताल में दो सूने घरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुप चोरी कर ले गए। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछपुरा निवासी 60 वर्षीय किसान अशोक कुमार यादव गत रात लगभग 10.30 बजे अपने कमरे में परिवार के साथ सो गया था, तथा उसकी बड़ी बहू का कमरा सामने तरफ है जो अपने मायके गई थी जिसके कमरे में ताला लगा था सुबह लगभग 4 बजे अशोक कुमार यादव बाथरूम के लिये उठे तो देखा बड़ी बहू मनीषा यादव के कमरे का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा आलमारी खुली थी। उसने अपनी बहू मनीषा को सूचना दी, सूचना पाकर मनीषा मौके पर घर पहुंची और देखी अलमारी में रखे सोने की 2 गुरिया वाली माला, नाक की खुटिया, चांदी की पायल, नगदी 10 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी तरह माढ़ोताल में गली नंबर 10 नक्षत्र नगर निवासी 50 वर्षीय कलेक्ट्रेट उमरिया में जिला परियोजना समन्वयक अधिकारी कृष्ण कुमार डेहरिया गत 12 अक्टूबर को लगभग 8.00 बजे अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर उमरिया गये थे, जहां से गत रात लगभग 8.30 बजे अपने घर आए और उनकी पत्नी सरोज डेहरिया ने मेनगेट का ताला खोलकर इंटरलॉक खोलने लगी तो देखी की इंटरलॉक का ताला टूटा था। कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा था जिसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, 2 अंगूठी, 1 हार, चांदी की 2 जोड़ी पायल, नगदी 2 लाख रूपये, सेमसंग कंपनी का टेबलेट अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 मौतें

**जबलपुर।** मदनमहल और चरगवां में सड़क दुर्घटनाओं के दो हादसे सामने आए है। मदनमहल स्टेशन रोड के पास और चरगवां में ग्राम बैनीसिंह पिपरिया में सड़क दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों की मौत हो गई। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रवाल कालोनी गढ़ा निवासी 45 वर्षीय राजेश जैन का गत दिवस गेट नंबर 4 मदनमहल स्टेशन रोड के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिए रात लगभग 11 बजे भर्ती कराया था। उपचार दौरान देर रात लगभग 1 बजे राजेश जैन की मौत हो गई। पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।इसी तरह चरगवां में ग्राम बैनीसिंह पिपरिया निवासी रज्जू यादव गत दोपहर लगभग 12 बजे गांव के रज्जू यादव के साथ उनकी बाईक पर काम से चरगवां गया था जहां शाम 5.15 बजे चार पहिया वाहन एमपी 20 सीजे 3938 के चालक ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। सूचना पाकर रज्जू का बेटा प्रकाश यादव मौके पर पहुंचा जहां दोनों घायल अवस्था में पड़े थे। रज्जू यादव को उसके परिजन मेडिकल ले गये तथा मौके पर ही उसके रज्जू यादव की मृत्यु हो गयी है।

## संत रविदास विचार मंच की सभा आज

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के सलाहकार मंत्री मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 19 अक्टूबर को मध्यान्ह 12.30 बजे से रामसिंह चौधरी के निवास पर मंच की सभा आयोजित है। यह सभा मदन महल स्टेशन रोड स्थित बढ़ई मोहल्ला सामुदायिक भवन में होगी। सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ करेंगे। मंच के श्यामलाल चौधरी तुलसीराम चौधरी, मनोज कुमार, बृजलाला चौधरी माणिकलाल जाटव, सियाबाई, रामकली, चंदाबाई, रामबाई, सीताबाई, मीना चौधरी सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति की अपील की है।

## पटाखा दुकानों का निरीक्षण

**जबलपुर।** पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों ने शनिवार को शहपुरा, कुंडम, सिहोरा, पाटन, राँझी, सदर, गोराबाजार, खमरिया, घमापुर, कांचघर, गोलबाजार सहित जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा व्यापारियों को लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये तथा अग्नि सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई।

बाजार में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

## दीपावली के लिए यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

**जबलपुर।** 6 दिवसीय दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर के मुख्य बाजार तथा उपनगरीय क्षेत्र के बाजारों में त्यौहारों में खरीददारी के लिए उमड़ने वाली ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए मुख्य मार्गों, चौराहों पर यातायात व्यवस्था में फेरबदल किया गया है। जिसके तहत बाजारों की ओर जाने वाले मार्गों में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। इसके अलावा जगह-जगह डायवर्सन भी लगाए गए हैं। शहर के बाजारों व व्यवसायिक क्षेत्रों में 19 से 20 अक्टूबर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, सराफा बाजार की यातायात व्यवस्था, सुपर मार्केट से बड़ा फुहारा की ओर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग पर दोपहिया वाहन ही आ जा सकेंगे। कछियाना क्रासिंग, दत्त मंदिर क्रासिंग, गोलबाजार से गंजीपुरा की ओर जाने वाले मार्ग में तिपहिया, चौपहिया वाहनों पर रोक रहेगी। केवल दोपहिया वाहनों को ही गंजीपुरा जाने मिलेगा। रानीताल, गढ़ाफाटक मार्ग से घमंडी चौक, बड़ा फुहारा की ओर जाने वाले मार्ग में तीन पहिया एवं चौपहिया वाहन नहीं जा सकेंगे। केवल दोपहिया वाहन ही बड़ा फुहारा, घमंडी चौक जा सकेंगे। बल्देवबाग की ओर से आने वाले तिपहिया वाहन एवं चौपहिया वाहनों को पांडे चौक तक आने मिलेगा। केवल दोपहिया वाहन ही पांडे चौक से बड़ा फुहारा जा सकेंगे। इसके अलावा मिलौनीगंज से सराफा चौक, बड़ा फुहारा की ओर जाने वाले मार्ग में तिपहिया व चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। केवल दोपहिया वाहन ही जा सकेंगे। करमचंद्र चौक से तुलाराम चौक की ओर जाने वाले मार्ग तिपहिया व चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। पार्किंग व्यवस्था गोलबाजार, श्रीनाथ की तलैया व तिलक भूमि तलैया में वाहनों की पार्किंग होगी।

### उपनगरीय क्षेत्र के बाजारों की यातायात व्यवस्था

गोरखपुर बाजार-छोटी लाईन फाटक से गोराबाजार की ओर तिपहिया व चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। केवल दोपहिया वाहन ही इन मार्गों पर जा सकेंगे। आजाद चौक से गोरखपुर बाजार की ओर तीन पहिया एवं चौपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा।

### सदर बाजार की यातायात व्यवस्था

पेंटीनाका चौक से सदर बाजार की ओर तीन पहिया व चौपहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जायसवाल पेट्रोल पंप से सदर बाजार की ओर तिपहिया व चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

नगर निगम ने अज्ञात आरोपियों पर दर्ज कराई एफआईआर

## दिवाली से पहले शरारती तत्वों ने तोड़ी पानी की मेन लाइन

**जबलपुर।** दीपावली से ठीक पहले जब घर-घर साफ-सफाई और तैयारी के लिए सबसे ज़्यादा पानी की जरूरत होती है, उसी वक्त शहर की मेन वाटर लाइन तोड़े जाने से आधा जबलपुर जल संकट में फंस गया। शुक्रवार देर रात परियट जलाशय से शहर की ओर आने वाली 52 इंच की मेन राइजिंग लाइन को अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी और एमआईसी सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नारायण धाम के पास पाइप लाइन को जानबूझकर तोड़ा गया है। पाइप पर हथौड़े से प्रहार के निशान साफ दिखाई दिए। इसके कारण परियट जलाशय से जलापूर्ति रुक गई और शहर के कई इलाकों की टंकियां खाली रह गईं।

नगर निगम के मुताबिक शनिवार की सुबह तक पाइप की मरम्मत पूरी की गई और दोपहर बाद धीरे-धीरे आपूर्ति बहाल की गई। निगम ने इस मामले में खमरिया थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

मेन लाइन टूटने से रांझी, रावण पार्क, संजय नगर, मुक्तिधाम, शोभापुर, कंचनपुर, शारदा नगर, राम नगर, बजरंग नगर, मढई, बिलपुरा, मानेगांव और आधारताल सहित कई इलाकों में पानी नहीं पहुंचा। लोगों को शुक्रवार रात और शनिवार सुबह तक पानी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शनिवार शाम तक सभी प्रभावित क्षेत्रों में जलापूर्ति सामान्य हो गई। वहीं, निगम ने अपील की है कि लोग पाइपलाइन के आसपास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था ध्वस्त, जाम में फंसे लोग

## ई-रिक्शा और कार वालों ने मुख्य मार्गों में लगवाया जाम

**जबलपुर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत शनिवार को धनतेरस के साथ हो गई। पहले दिन स्वास्थ्य के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर लोगों ने स्वस्थ रहने की प्रार्थना की। वहीं धनतेरस पर शुभ खरीदी के मुहूर्त और परंपरा को लेकर बाजारों में खासी भीड़ रही। एक दिन पहले ही बाजार ग्राहकों के लिए सजधज कर तैयार हो गये थे। मंहगाई की मार के बावजूद लोगों ने खासकर केन्द्रीय कर्मचारियों को बोनस और राज्य कर्मचारियों को वेतन समय से पूर्व हो जाने से जमकर खरीददारी की।



स्वर्ण आभूषण वालों के बाद बर्तन वालों ने जमकर चांदी काटी। जबकि मेवा मिष्ठान और कपड़े वालों की ग्राहकी में मंदी रही। धनतेरस की पूर्व संध्या से ही बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी थी। शाम ढलने के साथ-साथ भीड़ और बढ़ने लगी। रात में बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी। शाम के वक्त चौपाया वाहन, हाथ ठेला और ई-रिक्शा ने नगर के तंग गली बाजार फुहारा, कमानिया, गंजीपुरा, गढ़ाफाटक मेन रोड, सिविक सेंटर के चारों ओर, ब्लूम चौक, गोरखपुर मार्केट, अंधेरदेव, मुकादमगंज, करमचंद चौक से घंटाघर मार्ग, अधारताल, रद्दी चौकी, दमोहनाका, आदि क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था चरपट कर दी। लोग घंटो जाम में फंसे रहे, कही जगह वाद विवाद स्थिति बनी। दिनभर पुलिस नदारद रही, शाम 7 बजे के बाद प्वाइंटों पर पुलिस तैनात हुई, तब तक ई-रिक्शा, कार चालक , मालवाहक आटो, कोहराम मचा चुके थे। सड़कों पर दुकानें पसरी रही। चलने के लिए मुख्य बाजारों में सड़के कम पड़ गई थी। शाम ढलने से लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहे। लोगों ने जी भरकर खरीददारी की। बर्तनों की खनक और सोने की चमक से खरीददारों को खासा प्रभावित किया। शुभ मुहूर्त पर बर्तन खरीदने की परम्परा का निर्वाहन करते हुये थाली कटोरी, गिलास, डिनर सेट, चम्मच खरीदने के लिये दुकानों पर खासी भीड़ लगी रही। ऐसी मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदी करने से साल भर खरीदी का योग बना रहता है। सामान्य आय वर्गीय लोग बर्तन खरीदकर धनतेरस की खरीदी की परम्परा का निर्वाह कर रहे थे, वहीं धनाढ्य वर्गीय लोग हर तरह से बाजार की चकाचौंध में प्रभावित नजर आये। खरीदने वालों ने सवा-सवा लाख रूपये के डायमंड ज्वेलरी और सोने-चांदी के जेवरात खरीदकर धनतेरस मनाई। वहीं समस्याओं से बेजार व सामान्य आयवर्गीय लोगों ने सामान्य घरेलू वस्तुओं, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की खरीदी कर धनतेरस की रस्म निभाई। बाजारों में भीड़ का फायदा चाट-चटौनी व चाय पान की दुकान लगाने वालों ने भी खूब उठाया। बाजार हाट कर हारी थकी जनता ने चाय नाश्ता कर घरों की ओर रूख किया।

## सोना-चांदी से लेकर बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान तक लोगों ने जमकर की खरीदारी

# धनवंतरी पूजन से दीपोत्सव का आगाज़, धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़

**जबलपुर।** कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को भगवान धनवंतरी के पूजन के साथ शनिवार से दीपावली के 6 दिवसीय महापर्व का शुभारंभ हो गया। इस दिन धन के देवता कुबेर की पूजा कर लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। बाजारों में दिनभर रौनक रही और देर रात तक खरीदारी का सिलसिला चलता रहा।

### धनतेरस पर धन और आरोग्य की कामना

समुद्र मंथन से उत्पन्न भगवान धनवंतरी को आयुर्वेद का जनक और आरोग्य का देवता माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रूप से तांबा, पीतल, चांदी, सोना, बर्तन, आभूषण और घर की उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी की। मान्यता है कि इस दिन धातु खरीदने से वर्ष भर लक्ष्मी-कुबेर की कृपा बनी रहती है।



### बाजारों में छाया उत्सव का रंग

शहर के प्रमुख बाज़ारों, सराफा दुकानों, बर्तनों की दुकानों, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, लाई-बताशे, पटाखों और इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। वाहन शो रूम्स पर भी जमकर बिक्री हुई। खरीदारी का यह सिलसिला रात तक चलता रहा।



### नरक चतुर्दशी आज, रूप चौदस के रूप में भी मनाया जाएगा पर्व

रविवार को नरक चतुर्दशी या रूप चौदस का पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर 16,000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। मरते समय नरकासुर ने वरदान माँगा कि इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया जाए। इसी कारण यह दिन सौंदर्य, आरोग्य और दीपदान के लिए विशेष महत्व रखता है।

## रंग-बिरंगी रोशनी और रंगोलियों से सराबोर हुआ पूरा शहर

# पांच दिवसीय दीपोत्सव की भव्य शुरुआत, बाजार में खूब बरसा धन, जमकर हुई खरीददारी

हरिभूमि सिहोरा।

पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व शनिवार को धनतेरस के साथ ही शुरुआत हो गई है। घरों एंव प्रतिष्ठानों को महालक्ष्मी एंव गणेश जी के आगमन को लेकर सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है मनोरम रंगोलियां बनाने के साथ ही पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर हो गया है।

### जीएसटी कम होने का दिखा असर

धनतेरस पर जहां जीएसटी कम होने का असर दिखा वहीं बाजार में लोगों ने जरुरत का समान खूब ख़रीदा ज्वेलर्स,बर्तन,इलेक्ट्रॉनिक्स सामान दो पहिया चार पहिया वाहन एजेंसी सहित अन्य प्रतिष्ठानों में धनतेरस पर जमकर खरीदारी की गई। शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स,आभूषण प्रतिष्ठानों की सुंदरता देखते ही बन रही थी। धनतेरस पर जगह जगह भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की गई।

### बाजार में देर रात तक रही चहल पहल

बिजली सामग्री, एलइडी लाइट, बल्ब, दीप, मोमबत्ती, फूल मिट्टी के दीए, खिलौनों खरीदने के लिए बाजार में भी काफी चहल-पहल रही। धनतेरस पर आभूषण,इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, वाहन,बर्तन सहित अन्य वस्तुओं की जमकर खरीदारी हुई।अधिकांश प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों के लिए रखे गए विशेष आकर्षक उपहार का भी असर खरीदारों में देखने को मिला। इसी तरह झाड़ू की भी लोगों ने खूब खरीददारी की।



### लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा खरीदने दुकानों पर रही भीड़

दीपावली के दिन पूजा के लिए भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति प्रतिमा धनतेरस के दिन खरीदने की मान्यता रहती है। जिससे यहां मूर्ति बाजार में स्थानीय मूर्तिकारों के अलावा कोलकाता में निर्मित लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की दुकानों में भी खूब भीड़ देखी गई। स्थानीय स्तर पर तैयार मूर्तियों को लोग पसंद कर रहे हैं। अनेक लोग सोने-चांदी से बने गणेश-लक्ष्मी की खरीदारी भी करते है। स्थानीय मूर्तिकार सुनील चक्रवर्ती ने बताया कलकत्ता से लाई गई लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां 100 से 150,500,1100 रुपये में उपलब्ध करा रहे है।



### तहसीलदार ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण एवं दिए निर्देश

**बरेला।** मेला प्रांगण में लगी हुई पटाखा दुकानों का निरीक्षण आज राजस्व विभाग द्वारा किया गया। जिसमें तहसीलदार शशांक दुबे द्वारा समस्त दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों के लाइसेंस एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर तहसीलदार द्वारा समस्त दुकानदारों को निर्देश दिए कि वह अपनी दुकानों मैं फायर स्ट्रिंगर सहित रेत से भरी हुई बाल्टिया तथा डब्बों में पानी भरकर रखें तथा नगर परिषद को भी मेला प्रांगण में पटाखा दुकानों के समीप ही फायर ब्रिगेड खड़े करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आर आई सुधीर सोनी सहित नगर परिषद के सीएमओ संजय पांडे और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### एम.पी. ट्रांसको के 29 कार्मिकों को मिला उच्च वेतनमान का लाभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी(एम पी ट्रांसको)ने अपने 29 कार्मिकों को दीपावली का तोहफा देते हुए उन्हें उच्च वेतनमान का लाभ प्रदान किया है। मुख्य अभियंता मानव संशाधन एवं प्रशासन कार्यालय से जारी आदेश मे जिन कार्मिकों को चतुर्थ वेतनमान विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है उसमें 1 सीनियर सबस्टेशन सुपरवाइजर, 4 टेस्टिंग सुपरवाइजर, 24 सीनियर टेस्टिंग असिस्टेंट तथा 1 टेस्टिंग असिस्टेंट शामिल है।

## मोहतरा एवं बंधा गांव के अग्नि पीड़ित किसानों को दीपावली का उपहार वितरित

# भेंट पाकर खुशी से नम हुई पीड़ितों की आँखें

**सिहोरा।** भारत कृषक समाज, किसान सेवा सेना एवं फार्मर्स ग्रुप्स के सदस्यो के सहयोग से सिहोरा तहसील के गांव मोहतरा एवं बंधा में 105 पीड़ित कृषक भाई बहिनों को साड़ियाँ, मिठाई एवं सहयोग राशि उपहार स्वरुप भेंट की गई। भेंट पाकर पीड़ितों की आँखें भर गईं । उन्हे लगा जैसे उनका कोई अपना आकर उन्हें सहारा दे गया।



ज्ञात हो की विगत अप्रेल माह 2025 मे इन दोनो गांव की लगभग 150 एकड़ में लगी गेहूँ की फसल जल कर खाक हो गई थी विशेष बात यह थी जिन किसानो के पास जितनी जमीन थी वह पूरी की पूरी जल गई थी उनके सामने अपने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई थी। घटना के 7 माह बीत गये अभी तक न तो शासन प्रशासन ने कोई राहत दी और न ही जनप्रतिनिधि उनके सहयोग के लिए आगे आये। उनकी इस दुख की घड़ी में किसान आगे आये व उन्होने अनाज व राशि एकत्रित कर उनकी तात्कालिक मदद का बीड़ा उठाया था । उस समय पीड़ति भाई बहिनों को दिलासा दिलाया गया था की उनके दीपावली के त्यौहार पर भी हम उनके साथ खड़े होंगे।

मोहतरा में काशी पटेल एवं बंधा में मुकेश सिंह गौर के निवास में एकत्रित पीड़ितों को दीवाली उपहार वितरण के इस अवसर केके अग्रवाल, रूपेंद्र पटेल, सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, अनिल चिले, सुशील जैन, जितेंद्र देसी, सुरेश कुर्मी, महेन्द्र कुर्मी, अशोक पटेल, मुकेश पटेल, खड़ग सिंह, शैलेश पटेल, बृजेश पाल, राजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# रसरंग संस्था ने आयोजित किया दीपावली प्रभात कार्यक्रम



**जबलपुर।** रसरंग संस्था द्वारा धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को दीपावली प्रभात कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसे डॉ. शिरीष नाईक, सुचिता येवलकर, विजय भावे, डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. माणिक पानसे, विश्वास पाटणकर एवं अभय गोरे ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। अतिथि कलाकारों का स्वागत रवि परांजपे, शरद आठले, सुनिता खानवलकर, विलास परांजपे और नितिन देसाई ने किया। गणेश वंदना से कार्यक्रम की सांगीतिक यात्रा का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में नाट्यगीत, भावगीत, अभंग और युगलगीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य गायक कलाकार रुचिका परांजपे करमरकर एवं डॉ. यश देवळे ने “धुंदी कळ्यांना धुंदी फुलांना”, “सखी मंद झाल्या तारका”, “उगवला चंद्र पुनवेचा” तथा “अबिर गुलाल उधळीत रंग” जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर श्रीमती मंगला फाटक, डॉ. रवि फडणीस, प्रमोद पाठक, डॉ. तनखीवाले, दत्त मंदिर के अध्यक्ष विजय भावे एवं सचिव शरद आठले विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में विजय तेलंग, प्रमोद परांजपे एवं श्री दत्त भजन मंडळ का विशेष योगदान रहा।

# लोकल खरीदें, दीप जलाएं सबके साथ दिवाली मनाएं



**जबलपुर।** दीपों का पर्व दिवाली सिर्फ रोशनी और मिठाइयों तक सीमित नहीं, यह अवसर है एकजुटता, सेवा और साझा खुशी का। जबलपुर के समाजसेवी डॉ. अजय वाधवानी ने शहरवासियों से अपील की है कि इस दिवाली सिर्फ अपने घर नहीं, पूरे शहर को रौशन करें। उन्होंने कहा, मनुष्य होना ही काफी नहीं, इंसानियत के गुण भी ज़रूरी हैं। जब हम अपनी दिवाली की ख़रीदारी अपने शहर के छोटे, मध्यम और बड़े व्यापारियों से करते हैं, तो न सिर्फ उन्हें सहारा देते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं।₹ डॉ. वाधवानी ने व्यापारियों से भी आग्रह किया कि वे गुणवत्तापूर्ण समान उपलब्ध कराएं और अपनी आय का एक हिस्सा ग़रीबों में पटाखे, मिठाइयाँ, अनाज या कपड़े बांटने में लगाएं। इससे ना सिर्फ दिवाली का असली उजाला फैलेगा, बल्कि इंसानियत की मिसाल भी कायम होगी। उन्होंने कहा कि इस बार की दिवाली सिर्फ अपनों तक सीमित न रखें। उन बुजुर्गों के साथ दिवाली मनाएं जो वृद्धाश्रमों में हैं, उन बच्चों के साथ जो बेसहारा हैं, या उन लोगों के साथ जो इस पर्व पर अपने घर से दूर हैं।

# मिशन हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में जबलपुर में मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग इनक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन साईं बारात घर में किया गया, जिसमें मिशन हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर मिशन हेल्थ क्लब का नाम रोशन किया। सीनियर में परवेश खान, बादल परिहार और मास्टर में राजा बाबू बाबरिया ने टायटिल/ स्ट्राँग मेन का खिताब जीता। रेशम जीत, मंजुलता इंग्ले, ट्विंकल चौरसिया ने स्वर्ण पदक जीता और अनूप शर्मा ने मास्टर में स्वर्ण पदक जीता। उक्त सभी खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब के कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं।



आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, दिनेश राव, गुरुचरन श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास, दीनू स्वामी, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, शशिरमन स्वामी, राजेश सहारिया ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ज्ञान सागर हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

**भेड़ाघाट।** ज्ञान सागर हायर सेकेंडरी स्कूल भेड़ाघाट चौराहा में रंगोली मेहंदी एवं दीप डेकोरेशन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 7वीं की छात्रा ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 5वीं की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया मेहंदी प्रतियोगिता में प्राची पटेल प्रथम स्थान अरुण चड़ार द्वितीय स्थान अनुष्का सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया दीप डेकोरेशन में प्रथम स्थान सौम्या द्वितीय स्थान दीपांश तृतीय स्थान पूनम ने प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य टीएस ठाकुर ने बच्चों को पुरस्कृत किया और शिक्षक शिक्षकोंओ की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन हुआ।



# एसएस कॉलेज में अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजित

## पुरुष में सिहोरा तो महिला में होमसाइंस कॉलेज बने विजेता

**सिहोरा।** योग के महत्व और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय श्यामसुन्दर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा द्वारा गत दिवस अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इस महाविद्यालय के साथ-साथ जिले भर के 06 अन्य महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम राजा मोर जनभागीदारी अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ.अवधेश दुबे क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय पनागर के विशिष्ट आतिथ्य तथा डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में योग विशेषज्ञ डॉ. रचना जैन,रूकमणी राव,पंखुड़ी बनेजा, सलमान मंसूरी देवेन्द्र मिश्रा शामिल थे जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में विभिन्न टीमों के प्रतिनिधियों डॉ.ज्योति जाट,लक्ष्मी त्यागी,डॉ.विजेन्द्र यादव, डॉ.रीता ठाकुर,डॉ.मूर्ति दास,रणविजय सिंह ने अपनी सहभागिता प्रदान की प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने योग कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणीयों में विजयी रहे प्रतिभागी सामूहिक योगासन विजेता महिला - शासकीय गृहविज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर, उपविजेता महिला शा अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा,विजेता पुरूष- शा अग्रवाल महाविद्यालय,उपविजेता पुरुष रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय यू टी डी जबलपुर समापन पर मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए।






# धनतेरस पर सजी दुकानें खरीदारी को उमड़े लोग

**मझौली।** धनतेरस के शुभ अवसर पर नगर परिषद मझौली में बाजारों की रौनक देखते ही बन रही है। खासकर दिया-लक्ष्मी की सजी-धजी दुकानों में जमकर खरीदारी हो रही है। हर साल की तरह इस बार भी थाना मझौली रोड पर इन दुकानों को लगाया गया, जो मुख्य मार्ग होने के कारण वाहनों की आवाजाही में भारी दिक्कत का कारण बना। नगरवासियों ने बताया कि थाना रोड से 108 एम्बुलेंस और 112 पुलिस वाहन जैसे आपातकालीन वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से लगी दुकानों के कारण उन्हें निकलने में काफी परेशानी होती है। कई बार तो जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में समय पर सहायता पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना रोड के पास ही नगर परिषद का पुराना बाजार परिसर (बाजार प्लॉट) है, जो वर्तमान में खाली पड़ा है। यदि सभी दुकानें वहां स्थानांतरित कर दी जाएं तो न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि खरीददारों को भी एक सुव्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा। दिया-लक्ष्मी बेचने वाले दुकानदारों ने भी नगर परिषद से अनुरोध किया है कि उन्हें एक ही स्थान पर व्यवस्थित रूप से दुकान लगाने की अनुमति दी जाए, जिससे उन्हें भी बिक्री में सहूलियत मिले और नगर में यातायात बाधित न हो।

**श्रीमती राजकुमारी साहू-** मेन रोड व्हीकल मड़ई निवासी श्री राम किशन साहू की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी साहू (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार शोभापुर मोक्षधाम में किया गया।



**श्रीमती जमना बाई विश्वकर्मा-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री शिव प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई विश्वकर्मा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गौरी बाई चौधरी-** कांचघर निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गौरी बाई चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता देवी सिंह-** कालूराम कम्पाउंड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अवधेश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चरन रैकवार-** विश्वकर्मा कॉलोनी करमेता निवासी श्री चरन रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला चौधरी-** शास्त्री नगर निवासी श्री शिव कुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला चौधरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमा रानी भाटिया-** नेपियर टाउन निवासी श्री श्याम लाल भाटिया की धर्मपत्नी श्रीमती रमा रानी भाटिया (82) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्णा राव-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री कृष्णा राव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश प्रसाद चौधरी-** लालमाटी चांदमारी तलैया निवासी श्री गनेश प्रसाद चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाला राम सराठे-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री बाला राम सराठे (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेनू नागदेव-** शीतलामाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री किशोर नागदेव की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू नागदेव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।




**श्री गनेश-** वसुंधरा विहार घाना रोड खमरिया निवीस श्री गनेश (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण शर्मा-** कांचघर निवासी श्री कृष्ण शर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना कोरी-** फूटाताल निवासी श्री रमेश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चतुर आनंद शिंधे-** व्हीकल मड़ई निवासी श्री चतुर आनंद शिंधे (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीतल देवी यादव-** महाकौशल नगर अधारताल निवासी श्री राम कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शीतल देवी यादव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविकांत सराफ-** गोरा बाजार केंट निवासी श्रवे रविकांत सराफ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308291, 9407362100



# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

अर्थ : जो मंगल करने वाले और अमंगल को दूर करने वाले हैं, वो दशरथ नंदन श्री राम हैं, वो मुझ पर अपनी कृपा करें।

## आत्ममंथन का दीप जलाएं



दीपोत्सव

मुनीष भाटिया

स्वतंत्र पत्रकार

आज समाज में चहुँ ओर हिंसा, अराजकता व झूठ का बोलबाला है। युद्ध और आतंकवाद के वातावरण में इंसानियत को तार-तार किया जा रहा है। हिंसा और नफरत भरे माहौल के कारण ही आज ऐसा वातावरण बन रहा है कि इंसानियत और हैवानियत की दूरियां कम होती जा रही हैं। यह सच है कि जब समाज में हिंसा, नफरत, और अराजकता का बोलबाला होता है, तो इसका असर हर व्यक्ति पर पड़ता है। हमारे मन में जमा नकारात्मकता और दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति समाज में नैतिकता के स्तर को गिरा रही है। कहते हैं कि 'आत्मनिरीक्षण ही आत्म-सुधार का पहला कदम है।' यदि हम अपने दोषों और कमजोरियों को पहचान कर उनमें सुधार लाने की कोशिश करें, तो इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। मन में व्याप्त अमावस का ही परिणाम है कि हम दूसरे के दोषों की चर्चा तो खूब करते हैं किन्तु अपनी गलतियों पर पर्दा डाल लेते हैं। दूसरों के दोष तो हमें नजर आ जाते हैं किन्तु स्वयं का बड़े से बड़े अपराध का भी हम आत्मनिरीक्षण करने की कोशिश तक नहीं करते। आज के गिरते मानवीय जीवन चरित्र को देखते हुए यह धारणा प्रबल हो चली है कि 'दोस पराए देखि करि चला हसंत-हसंत' अर्थात यह मनुष्य का स्वभाव है कि जब वह दूसरों के दोष देखकर हंसता है, तब उसे अपने दोष याद नहीं आते जिनका न आदि है न अंत। दूसरों के दोषों को देखने के बजाय यदि हर व्यक्ति अपने मन की 'अमावस' को दूर कर, उसे सच्चाई और मानवता के उजाले में बदलने का प्रयास करे, तो यह न केवल समाज के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी अत्यंत लाभकारी होगा। हमें अपने मन को अशांति और द्वेष से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसी सोच के साथ नैतिकता और इंसानियत की ओर एक कदम बढ़ाकर हम एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। दूसरों के प्रति अपने दुर्व्यवहार व अपने दोषों अनुसार सामाजिक मूल्यों के संदर्भ में कबीर द्वारा कही गई वाणी अपने याद न आवई जाको आदि न अंत' यह एक विडंबना ही कही जाएगी कि आत्म निरीक्षण व आत्म विश्लेषण कर अपनी गलतियों को सुधारने की बजाए हम अपने विवेक दर्पण में वही सब कुछ देखना चाहते हैं जैसा हमारा मन करता है। कबूतर की तरह आँख मूंदे रहने की भावना ने समाज को किंकर्तव्यविमूढ़ बना दिया है। राजनीतिक रूप से बदले की भावना इतनी प्रबल हो चली है कि नैतिकता के सभी आयाम को चुनौतियां दी जा रही हैं। अपने मन की अमावस में आत्ममंथन का दिया जलाने का रत्ती भर बी प्रयास नहीं करते। निज की स्वस्थ आलोचना कर व अपने गुण दोषों को हम देखना भी नहीं चाहते। यही कारण है कि सामाजिक अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। परिवार, उसकी प्रथम इकाई होने के कारण, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि परिवार में ही अपराध, हिंसा, और महिलाओं के प्रति शोषण जैसी घटनाएं होती हैं, तो समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं न केवल पीड़ित के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा आघात होती हैं।

### नैतिक पतन

आज के समय में, शीर्ष नेताओं और जनप्रतिनिधियों में आत्मनिरीक्षण की कमी और प्रतिशोध की भावना का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। समाज में जो अपराध और अनैतिकताएं बढ़ रही हैं, वे कहीं न कहीं उन व्यक्तियों के नैतिक पतन को दर्शाती हैं जो समाज का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। यदि शीर्ष पर बैठे लोग ही नैतिकता के उच्च मानदंडों का पालन नहीं करेंगे, तो यह समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा, और फिर आम जनमानस में भी अनुशासन और संवेदनशीलता का अभाव उत्पन्न होने लगेगा। जब व्यक्ति अपने भीतर झांककर अपनी कमजोरियों और कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का प्रयास करता है, तो वह समाज के लिए एक उदाहरण बनता है।

### आत्मनिरीक्षण जरूरी

परिवार में आत्मनिरीक्षण और अपने व्यवहार की समीक्षा की भावना को विकसित करने की आवश्यकता आज के समय की मांग है। जब हम अपने हृदय को एक दर्पण मानकर अपनी क्रियाओं को देखते हैं, तो हमें अपने आचरण की सच्चाई का पता चलता है। यह आत्मनिरीक्षण हमें न केवल हमारे दोषों का ज्ञान कराता है, बल्कि उन्हें दूर करने की प्रेरणा भी देता है। किसी भी व्यक्ति से किया गया व्यवहार चाहे अनजाने में हो या जानबूझकर, यदि उस व्यवहार में किसी प्रकार की ठेस पहुंचती है, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमें अपने व्यवहार में सुधार की आवश्यकता है। एक शांत और सजग मन से अपने व्यवहार पर विचार करना हमें आत्म-सुधार के मार्ग पर ले जाता है। इस तरह का आत्मनिरीक्षण हमारी मानसिकता को बदलने और हमारे व्यवहार को अधिक सकारात्मक, सहनशील, और दयालु बनाने में सहायक होता है। यदि हम सभी लोग इस दिशा में बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे और साथ ही संतुष्टि व आंतरिक शांति का अनुभव भी होगा।

## भारतवंशी राजनयिक भी यहां मनाते हैं दिवाली



विरासत

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

लघु भारत कहलाने वाले मॉरीशस, सूरीनाम, फीजी, त्रिनिडाड और टोबैगो तथा गुयाना के भारतवंशी राजनयिक राजधानी दिल्ली में अपने-अपने देशों की एंबेसियों में दीपोत्सव मनाएंगे। राजधानी में इस वक्त करीब दो सौ भारतवंशी राजनयिक काम कर रहे हैं। भारतीय संसार के कोने-कोने में जाकर बसे, पर दिवाली उनके साथ रही। अगर उन्हें प्रकाश पर्व अपने पुरखों के देश में मनाने का अवसर मिले तो उनकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। इस बीच, पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अवतार सिंह सोहल इस बार दिवाली चंडीगढ़ में मना रहे हैं। उनके पुरखे 1920 में पंजाब के जालंधर शहर से केन्या जाकर बस गए थे। पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे केन्या, युगांडा और तंजानिया में बसे सभी भारतवंशियों के लिए साझा उत्सव बन चुका है दिवाली का पर्व। इसने धार्मिक सीमाओं को लांघ लिया है। पूर्वी अफ्रीकी देशों में भारतीय 1896 से लेकर 1920 तक रेलवे का नेटवर्क स्थापित करने के लिए गए थे। त्रिनिडाड-टोबैगो के पूर्व प्रधानमंत्री वासुदेव पांडे ने एक बार अपने देश के वसंत विहार में स्थित दूतावास में आयोजित दिवाली समारोह को दिखाया था। तब यहां त्रिनिडाड के राजदूत पंडित मणिदेव प्रसाद तिवारी दूतावास की इमारत के बाहर रंगोली बनवाते थे और वैष्णव भोजन की दावत देते थे। वे कहते थे कि दिवाली का अर्थ बहुत व्यापक है- यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। अंधकार जीवन के हर कोने में फैला होता है, जबकि प्रकाश सीमित। रात दिन से पहले और बाद में आती है, जो अंधकार की प्रबलता दर्शाती है। ऐसे गहन संदेश वाले इस त्योहार को हर कोई मनाना चाहता है। यह प्रकाश पर्व हमें भारत के पवित्र मूल्यों की याद दिलाता है, जरूरतमंदों की मदद करना, अंधेरे पर रोशनी चुनना, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की खोजकरना, तथा अच्छाई और करुणा का स्रोत बने रहना। इसे केवल हिंदू धर्म तक सीमित करना उचित नहीं। नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वी.एस. नायपाल ने भी यहां एक बार दिवाली डिनर में शिरकत की है। आजकल दक्षिण अफ्रीका के भारत में राजदूत भारतवंशी हैं। नाम है अनिल सूकलाल। उनके दफ्तर में गांधी जी और नेल्सन मंडेला की फोटो लगी हैं। अनिल जी के पुरखे मूल रूप से पूर्वी उत्तरप्रदेश से थे। वे बताते हैं कि उनका भारत में दिवाली पर्व को मनाने का सपना पूरा हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के दूतावास में भी भारतवंशी हैं। इनके पुरखे अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार या आंध्र प्रदेश से हैं। माना जाता है कि भारत से बाहर सर्वाधिक भारतीय मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका में ही हैं। दोनों देशों में इनका आंकड़ा 15-20 लाख के आसपास है। दक्षिण अफ्रीका से भारत इसलिए भी अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। मॉरीशस के नई दिल्ली स्थित दूतावास में दिवाली की गहमा-गहमी कई दिन पहले शुरू हो जाती है। दिवाली से एक दिन पहले पूजन होता है। कुछ साल पहले तक तो इसमें राजधानी में रहने वाले प्रमुख भोजपुरी समाज की विशिष्ट हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाता था। जब तक अनिरुद्ध जगन्नाथ देश के राष्ट्रपति थे तब तक करोल बाग में रहने वाले एक मल्होत्रा परिवार को मिठाई के डिब्बे और लक्ष्मी पूजा की सामग्री भेजी जाती है। अनिरुद्ध जगन्नाथ की पुत्री शालिनी का विवाह 1983 में करोल बाग के डॉ.कृष्ण मल्होत्रा से हुआ था। मुंबई में रहने वाले प्रख्यात ज्योतिषि पंडित जयप्रकाश शर्मा लालधागे वाला ने कुछ विदेशी दूतावासों में दिवाली पर होने वाले आयोजनों में शिरकत की है। वे कहते हैं कि इन देशों के भारतवंशियों ने सनातन धर्म के संस्कारों से अपने को दूर नहीं किया है। ये बहुत आस्थावान हिन्दू हैं। गिरमिटिया योजना 1834 से 1920 तक चली, जिसमें करीब लाखों भारतीय यहां आए। कुछ वर्ष पहले तक युगांडा दूतावास में राजदूत जी.एस. ढिल्लो नाम के एक सिख सज्जन थे। वे दीपोत्सव से पहले एक दिवाली भोज का आयोजन करते थे। मॉरीशस के साथ-साथ, सूरीनाम, कैरेबियाई द्वीप देश त्रिनिडाड-टोबैगो,गुयाना और फीजी को 'लघु भारत' कहा जा सकता है। इन सब देशों के राजधानी में रहने वाले राजनयिक हर साल दिवाली मनाते हैं। गुयाना में बीते कुछ हफ्ते पहले भारतवंशी इरफान अली देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए हैं। सिंगापुर,मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

*सिंगापुर, मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।*

## सैनिकों संग दीपावली



पर्व

डॉ. मोनिका शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के चौदह वर्ष के वनवास की समाप्ति और राक्षस राजा रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। परंपरागत रूप से देखा जाए तो दीपावली के त्योहार पर आज भी लोग अपने गाँव-घर जाते हैं। देश के किसी हिस्से से ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी अपनों के साथ दीपोत्सव मनाने अपने आँगन में लौटते हैं। त्योहार की इस उत्सवीय रौनक के बीच इस ओर ध्यान जाना लाजिमी है कि सीमाओं पर डटे सैनिक दिवाली का उत्सव मनाने के लिए अपने घर नहीं लौट पाते। देश के दूर-दराज के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा की लिए सीमा पर उनकी मौजूदगी हर नागरिक के मन में सुरक्षा के प्रति विश्वास की उजास भरती आई है, भरती रहेगी। ऐसे में यह सुखद और सराहनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष दीपावली का पर्व सैन्य बलों के साथ मनाते हैं। देश के किसी ना किसी हिस्से में राष्ट्र रक्षा में डटे सैनिकों के साथ इस पावन उत्सवीय भाव को साझा करते हैं। उनके इस जुड़ाव को सैनिकों के सम्मान और देश के नागरिकों के भाव सैनिकों के साथ होने के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। ज्ञात हो कि पिछले साल पीएम मोदी ने दिवाली पर गुजरात के कच्छ में जवानों के साथ समय बिताया था। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी देश की सीमाओं, संघर्षशील मोर्चों और दूर-दराज के इलाकों में डटे सैनिकों के साथ दीपोत्सव मनाते रहे हैं। सेना के जवानों के बीच दिवाली मनाने की इस परंपरा को निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पहली दिवाली लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ मनाई थी। वहीं वर्ष 2015 में अमृतसर के डोगराई वॉर मेमोरियल में शहीदों का स्मरण कराते हुए तो 2016 में हिमाचल प्रदेश के सुमडो में सेना और बीएसएफ जवानों संग दीपोत्सव मनाया। गौरतलब है कि 2017 में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर और 2018 में उत्तराखंड के हर्षिल में आईटीबीपी कर्मियों के साथ दीपों की उजास के इस उत्सव में शामिल हुए। 2020 में कोरोना के संकट के समय भी दिवाली पर पीएम राजस्थान के जैसलमेर की लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों से मिले थे। वहीं 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ साल पहले आमजन से भी सैनिकों को दीपावली पर संदेश भेजने की अपील की थी। शुभकामनाओं की उजास हमारे जवानों तक पहुंचाने की इस अपील के बाद लाखों लोगों ने सैनिकों के प्रति आभार जताने और उनकी बदौलत खुद को सुरक्षित महसूस करने वाले भावों के साथ-साथ उनकी कुशलता की कामना करने वाले संदेश भेजे थे।

*दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं।*

## खुशियों के पर्व दीपावली पर दीप जलाएं, पटाखे नहीं



अपील

डॉ. घनश्याम बादल

पर्यावरण चिंतक

आज दीपावली धूम धड़ाके, रोशनी एवं पटाखों का सबसे बड़ा उत्सव बनकर सामने है व्यापार, बाज़ार एवं सरकार तथा धार्मिक संस्थान सब दीपावली को अपने तरीके से परिभाषित करते रहे हैं लेकिन जैसा कि नाम से स्पष्ट है दीपावली दीपों का पर्व है और इसका वर्णन पुराणों में भी दीपपर्व के रूप में मिलता है न कि पटाखा पर्व के रूप में। दिवाली शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'दीवा' और 'अवली' यानि पंक्ति से मिलकर बना है जिसका एक अर्थ है कि पंक्ति में रखे हुए दीपक।

### रोशनी और दीपक

स्कन्द पुराण में दीपक को रोशनी का प्रतिनिधि माना गया है। इतिहास की मानें तो सातवीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने दिवाली के पर्व को 'दीपप्रतिपादुत्सवः' बताया है। जनश्रुतियों के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास के बाद जब श्रीराम 14 वर्ष के वनवास पश्चात रावण का वध करके लक्ष्मण व सीता सहित अयोध्यआ लौटे तो उनके स्वागत में अयोध्या नगर को दीयों से जगमगाया गया था तभी से हिंदू धर्म में यह पर्व मनाया जाने लगा । एक मिथक यह भी है कि आज के दिन धन की देवी लक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती है और धन संपदा का वितरण करती है।




दीप जलाने के अलावा दीपावली से पहले साफ-सफाई व घर तथा व्यापारिक संस्थानों की सजावट करना, नए कपड़े पहनना, पकवान व मिठाई खाना,मां लक्ष्मी की पूजा करना आदि समय के साथ परंपरा रूप में जुड़ते चले गए। दिवाली से जुड़ी ऐसी ही एक और परंपरा बन गई है, पटाखे जलाना। उच्चतम न्यायालय व कई राज्य सरकारों द्वारा वायु प्रदूषण रोकने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद पटाखे जलाना आज भी दिवाली समारोह का एक अभिन्न हिस्सा है।

### कब व कहां से आए पटाखे

इस बात का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि कब पटाखे जलाना दिवाली का हिस्सा बन गया मगर इतिहासकारों के अनुसार आतिशबाजी का उपयोग 1400 ईस्वी के बाद शुरू हुआ। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले बारूद के आविष्कार और धमाकों ने लोगों को भयभीत भी किया और मोहित भी शायद इसी से दीपावली पर भी बारूद या पोटाश के बने हुए पटाखे चलाए जाने लगे मगर दिवाली के दौरान पटाखों का उपयोग 18वीं शताब्दी से पहले शुरू नहीं हुआ था तब मराठा शासकों ने आम जनता के लिए आतिश बाजी का आयोजन किया था। आज़ादी के बाद भारतीय उद्योगों ने पटाखों का निर्माण शुरू किया और वे जल्दी ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए।

## अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि के पर्याय त्योहार का महत्व



उजाला

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

ऋतुचक्र अव्यवस्थित है। मेरे जीवनकाल में संभवतः प्रथम अवसर है, जब निज दृष्टि दशहरा से लेकर दिवाली तक के दिवसों में वर्षा, आँधी, चक्रवात, भूस्खलन, मेघ विस्फोट, अतिवृष्टि तथा तुषारापात की साक्षी बनी है। रामलीला आरंभ होने की अवधि से लेकर दिवाली तक तो ऋतु समशीतोष्ण हुआ करती थी। श्रावण, भाद्रपद व अश्विन माहों द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक संपदायें एकत्र करने की ऋतु होती थी कार्तिक। किंतु इस वर्ष ये क्या हो गया! संपूर्ण हिमालयी पर्वत श्रृंखला पुष्प की भाँति हो गई है। पर्वत-पर्वत तुषारावृत्त हैं। वहाँ से लेकर मैदानी नगरों-महानगरों तक शीत लहर परिव्याप्त है। कार्तिक माह में ही धरा अति नम होकर मनुष्य की संतुलित मनोवृत्ति को खंडित कर रही है। प्रायः समशीतोष्ण ऋतु प्रभाव से संतुलित रहने वाले संवेदनशील मनुष्यों के मन, हृदय व आत्मा, तीनों प्रस्तर अवसादग्रस्त हैं। हाँ, जो मानव मशीनी सोच-विचार व वैज्ञानिक मस्तिष्क के साथ जीवन में उपस्थित हैं, उन पर ऐसे ऋतु असंतुलन का कोई व कुछ भी अच्छा-बुरा प्रभाव नहीं है। वे अपने भ्रमित, स्वप्निल, क्षणभंगुर व समाप्त प्रायः जीवन को चिर-स्थिर समझ कर धन-संसाधन एकत्र करने की गतिविधियों में संलिप्त हैं। वे विस्मृतियों के पुतले बनते जा रहे हैं। उन्हें व्यतीत दिवस, रात्रि, सप्ताह, माह, वर्ष, पंचतत्वों, जीवन व जैविक गतिविधियों से कोई सरोकार नहीं है। वे प्रगतिवान हैं। वे आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्यहीन होकर कहाँ जा रहे हैं, ये न उन्हें ज्ञात है तथा ना ही उनके आधुनिक मार्गदर्शकों को। इन दिनों दिवाली के स्वागत-कार्यक्रम हो रहे हैं। भारतवर्ष प्राकृतिक एवं आधुनिक आपदाओं को भूलकर हर्षोल्लास में डूबा हुआ है। ऐसा होना स्वाभाविक है। कार्तिक माह का दीपोत्सव है ही ऐसा, जो बीती कितनी ही समस्याओं व दुःखों को भुलाकर आधुनिक ढंग से ही सही, किंतु एक उत्सवजन्य प्रेरणा तो प्रदान करता ही है। आज से बीस, तीस, चालीस या अधिक वर्ष पीछे लौटकर कार्तिक मास के दीपोत्सवी अनुभवों का स्मरण करें तो मन-हृदय व्याकुल हो उठते हैं। तब क्या ऋतु छवि होती थी! कार्तिक मास व्यस्त समय होता था! जन-जन अक्षत खाद्यान्न श्रृंखला के अनेक उत्पादों को एकत्र-संग्रहीत करने खेतों में कार्यव्यस्त होते थे। धान की मनहर सुगंध वायु में प्रसारित रहती



*अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है।*

थी। जीवन प्राकृतिक व्यवस्था के अधीन एक अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि का पर्याय हुआ करता था। कार्तिक माह में जलवायु अनुकूल होती थी। न अधिक ग्रीष्म और न अधिक शीत। पूर्णतः समशीतोष्ण। अधिसंख्य मानवों के तन स्वस्थ एवं मन शांत-संतुलित होते थे। दीपावली से एक माह, एक सप्ताह पूर्व का वातावरण कितना उमंगित हुआ करता। प्रमुख खाद्यान्न के रूप में धान की कटाई, छंटाई, एकत्रीकरण एवं भंडारण की गतिविधियां लोकोत्सव में परिवर्तित रहतीं। खेत-खलिहान लोक संस्कृति के वाहक हुआ करते। गीत-संगीत में विशुद्ध मानवता से लेकर पवित्र प्रेम तक के गहन अनुभव होते। संपूर्ण ग्रामीण जीवन किसी स्वर्गिक चलचित्र की भांति प्रदर्शित होता। प्रकृति का मान-सम्मान, स्वागत-सत्कार तथा ऋतुगत अभिवादन-अभिनंदन होता। दुर्गुणों से मानव दूर होता। दीपावली में ग्रामीण हाट-मेले व्यापार व वाणिज्य के स्वदेशी संस्करण बने रहते। यह उपक्रम सदियों से एक महान परंपरा में परिवर्तित होता रहा, जो आधुनिक विसंगतियों के साथ संपन्न तो आज भी रहा है, किंतु अब इसमें महानता व गंभीरता अदृश्य है। अब यह एक व्यावसायिक औपचारिकता हो गया है। अब यह एक नीरस उत्सवी अभ्यास हो चुका है, जो लोक संस्कृतियों, प्रकृतिवत होने की जीवन-युक्तियों, मानवता-सज्जनता की संगतियों से पृथक हो चुका है। अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्त्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है। मानवों के अंदर धीरे-धीरे समाप्त होते मानवीयता के गुणों की रक्षा के लिये अब दिवाली जैसी पारंपरिक पद्धतियों का ही सहारा है।



### एमपीआरडीसी ने शुरू किया काम, दिवाली के बाद आएगी डिटेल रिपोर्ट

# ब्रिज पर कांक्रीट रिटेनिंग वॉल बनाकर धंसे हिस्से को सुधारा, दो दिन में शुरू होगा हाईवे

## दिन-रात एमपीआरडीसी के अफसर कर रहे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल पूर्वी बाईपास पर सूखी सेवनिया रेलवे ओवर ब्रिज के पास सड़क धंस गई थी। अब यहां काम तेज हो गया है। किसानों से निजी जमीन नहीं मिलने से वजह से फिलहाल कांक्रीट की रिटेनिंग वॉल बनाकर सड़क को सुधारा जा रहा है। दावा है कि दो-तीन दिन में ब्रिज से आना-जाना शुरू भी हो जाएगा।

हालांकि एमपीआरडीसी को डीटेल रिपोर्ट नहीं मिली है। दिवाली के बाद टेक्निकल रिपोर्ट आएगी। माना जा रहा है कि ब्रिज में रॉ मेटेरियल सही नहीं डालने की वजह से स्लैब टूट गया था।




### 20 इंजीनियरों की टीम मौके पर



सड़क के गड्ढे को भरने के लिए अफसर प्लान तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों करीब 20 इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची और प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक, जिस जगह सड़क धंसी, उसके पास भी खतरा बना हुआ है। रिटेनिंग वॉल भी झुक रही है। इसलिए करीब 400 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल तैयार की जाएगी। यह करीब 8 मीटर ऊंची होगी। इसके बाद इसमें मुर्रम, मिट्टी और गिट्टी का काम तेज हो गया है।

### कंपनी ब्लैकलिस्टेड, इसलिए एमपीआरडीसी कर रही ब्रिज का निर्माण

अधिकारियों ने बताया कि कंपनी ब्लैकलिस्टेड है। इसलिए एमपीआरडीसी ब्रिज का निर्माण कर रही है। इसके कामकाज की निगरानी के लिए अफसरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। स्लैब को कांक्रीट कर दिया गया है। जिससे आने वाले समय में ब्रिज को कोई दिक्कत नहीं आएगी। दूसरा पानी भरने की वजह से भी ब्रिज को नुकसान भी नहीं होगा। अभी ब्रिज को सुधारने के साथ सड़क को शुरू करने की चुनौती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे एक्शन लिया जाएगा। भोपाल बायपास पर कल्याणपुर रेलवे क्रॉसिंग पर यह ओवरब्रिज बना है। यह रेलवे ने बनाया था, जबकि दोनों ओर करीब 400 मीटर रेनफोर्स्ड अर्थ वॉल की सड़क का काम मेसर्स ट्रांसट्रॉय प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद (आंध्रप्रदेश) ने किया था। यही रेडफोर्स्ड अर्थ वॉल एक तरफ से 100 मीटर धंसी है।

# बाजार में आई फूलों की बहार, सजे बाजार दीपक, झाड़ू और मोरपंख की बिक्री खूब



वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी के बाजारों में फूलों की बहार है। इस बार बीते सालों की अपेक्षा दाम कम है। गेंदा के फूल 50 से 70 रुपए प्रति किलो तो कमल का फूल मिल रहा 50 रुपए का बिक रहा है। लोग अपने घरों व प्रतिष्ठानों को सजाने के लिए भारी मात्रा में फूलों की भी खरीदारी कर रहे हैं। फूल विक्रेता अनिल ने बताया कि इस बार फूलों की बंपर पैदावार से दाम कम है। बीते साल की तुलना में गेंदा फूल के दाम आधे है। पिछले वर्ष गेंदा के फूलों का भाव 100 रुपए प्रतिकिलो के पार बिका था जो इस बार 50 से 70 रुपए तक वैरायटी के हिसाब से बिक रहा है।

### लाखों रुपए का कारोबार

*दीपक, झाड़ू और मोरपंख कहने को तो छोटे-छोटे व्यवसाय हैं, लेकिन दीपावली का पर्व आते ही इनकी बिक्री अचानक बढ़ गई है। दरअसल दीपावली पर इनकी विशेष मांग होती है और इनके बिना यह त्यौहार नहीं मनाया जाता। इसीलिए दीपपर्व पर प्रदेशभर में इनकी डिमांड काफी बढ़ जाती है, क्योंकि इनसे ही घरों में दीपावली मनती है। इन छोटे व्यवसाय करने वालों के लिए दीपावली सबसे व्यस्त व मुख्य सीजन होता है। इस दौरान ये पूरे साल के लिए एक मोटी रकम कम पाते हैं। व्यवसायियों के अनुसार प्रदेश में दीपक, खजूर की झाड़ू व मोरपंखी का लाखों रुपए का कारोबार होता है।*

### पूजा के लिए खील, बताशे,खिलौने

*राजधानी के हाट बाजारों, किराना दुकानों में लाई, खील -बताशों और खिलौनों की दुकानें सजी हुई है। आमदनी चाहे पूजा के लिए खील खिलौने जरूर खरीदता है। क्योंकि लक्ष्मीपूजन के बार आस-पड़ोस और मोहल्ले में खील, बताशे, खिलौने प्रसाद के रूप में बांटे जाते हैं। दीपोत्सव पर बाजारों की छाई रौनक के साथ साथ लोग खील, बताशे, खिलौने की खूब बिक्री हो रही है।*

### कंप्यूटर के बाद भी बही-खातों की खरीदी बरकरार

दीपावली के दिन बही-खाता लिखने का काम आज भी व्यापारी उसी तरह करते हैं, जैसे सालों पहले किया जाता था। कम्प्यूटर,लेजर डायरी, बिल डायरी आने के बाद भी बही लिखने की परंपरा कायम है। जीएसटी सॉफ्टवेयर,लेजर डायरी व कम्प्यूटर के आने के बाद भी बही-खातों का खरीदारी सर्राफा, बर्तन व्यापारी, कपड़ा, अनाज सहित अन्य व्यापारियों में बरकरार है। भोपाल किराना व्यापारी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी तथा श्री भोपाल सर्राफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल ने बताया खाता-बही में बसना को शुभ माना गया है, जिसे हम लाल स्याही से बही पर लिखते हैं। बाजार से इसका पूरा सेट ऑर्डर देकर बुलवाया है। एक से दो हजार रुपए में यह पूरी बही खरीदी गई है, जिसका दीपावली पर शुभ मुहूर्त पर पूजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### टाटा नेक्सॉन बनी भारत में ज्यादा बिकने वाली कार

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी टाटा नेक्सॉन में अब एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम तकनीक जोड़ने की घोषणा की है। सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रणी रही नेक्सॉन भारत की पहली कार थी जिसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त हुई थी। अब यह देश की एकमात्र एसयूवी बन गई है, जिसे ग्लोबल एनसीएपी और भारतीय एनसीएपी - दोनों से डुअल 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है। सितंबर 2025 में नेक्सॉन ने भारत की नंबर 1 बिकने वाली कार का खिताब भी हासिल किया।

### एक्सिस बैंक का डिजिटल बैंकिंग प्वॉइंट एक्सप्रेस पेश

**मुंबई ।** एक्सिस बैंक ने एक अग्रणी एंड-टू-एंड पेमेंट्स और कॉमर्स सॉल्यूशंस प्रदाता हिताची पेमेंट सर्विसेज के साथ मिलकर एक्सप्रेस बैंकिंग लांच किया है। यह देश का पहला डिजिटल बैंकिंग प्वाइंट है। यह नवाचारी ऑमनी-चैनल समाधान शाखा बैंकिंग में क्रांति लाता है, क्योंकि यह सभी बैंकिंग सेवाओं को एक कॉम्पैक्ट फॉर्मेट में प्रदान करता है। हिताची पेमेंट सर्विसेज की बैंकिंग तकनीक और पेमेंट सॉल्यूशंस का लाभ उठाते हुए, यह डिजिटल बैंकिंग प्वाइंट पहुंच और सुविधा को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### स्पाइस लाउंज की बोर्ड बैठक 23 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी का निदेशक मंडल 23 अक्टूबर को बैठक करेगा। इस बैठक में संभावित इकाईयों/व्यवसायों के अधिग्रहण से संबंधित प्रस्तावों पर विचार और चर्चा की जाएगी, जो आवश्यक अनुमोदनों के अधीन होंगे। स्पाइस लाउंज फूड वर्क्स की स्थापना वर्ष 2019 में भारत में की गई थी। यह एक उभरती हुई फूड एवं टेक कंपनी है जिसके संचालन भारत, अमेरिका और कनाडा में हैं।

### विंजो ने भारत में लांच किया जेडओ गोल्ड

**नई दिल्ली ।** भारत के सबसे बड़े इंटरैक्टिव एंटरटेनमेन्ट प्लेटफॉर्म विंजो ने जेडओ गोल्ड के लांच की घोषणा की है। यह विंजों की ओर से क्रांतिकारी कदम है, जिसके द्वारा देश में 500 मिलियन से अधिक डिजिटल यूजर मात्र 2 रुपए से डिजिटल गोल्ड में निवेश शुरू कर सकते हैं। जेडओ गोल्ड के साथ विंजों रोज़मर्रा की डिजिटल गतिविधियों को संपत्ति सृजन के तरीकों में बदल रहा है, जिससे भारत के अगले 500 मिलियन नागरिक दुनिया के सबसे पुराने एव सबसे भरोसमंद तरीके में निवेश कर सकते हैं।

# बीएसएनएल ने सभी कस्टमर्स के लिए फेस्टिव ऑफर्स के साथ दिवाली बोनान्ज़ा लांच किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल




भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने पूरे भारत में उपभोक्ता की खुशी को रोशन करने के लिए एक खास दिवाली बोनांजा की घोषणा की। बीएसएनएल के सीएमडी,ए. रॉबर्ट जे. रवि ने कहाकि दिवाली बोनांजा ऑफर के जरिए, बीएसएनएल उपभोक्ता की खुशी और डिजिटल समावेशन के लिए अपने प्रतिबद्धता को फिर से पक्का कर रहा है। दिवाली के सांस्कृतिक ताने-बाने के साथ तकनीकी को मिलाकर, बीएसएनएल का मकसद यह पक्का करना है कि कोई भी - चाहे वह घर से दूर विद्यार्थी हो, व्यवसायी हो, या कोई वरिष्ठ नागरिक हो । इस बोनान्जा स्कीम के संबंध में मिथिलेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल, म.प्र. परिमंडल ने सभी स्कीम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हम नए उपभोक्ता का महीने भर के कनेक्टिविटी गिफ्ट के साथ स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं। यह दिवाली बोनान्ज़ा प्लान 1 में लोगों को हमारे नवीनतम, मेक-इन-इंडिया 4जी नेटवर्क का अनुभव करने देता है, ठीक वैसे ही जैसे पूरा देश जश्न मनाने के लिए एक साथ आता है। हमें यकीन है कि एक बार जब उपभोक्ता को बेहतर क्वालिटी महसूस होगी, वे त्योहारों के बाद भी बीएसएनएल के साथ अपना सफ़र जारी रखेंगे। यह बड़ा प्रमोशन, जो 15 अक्टूबर, 2025 से 15 नवंबर, 2025 तक चलेगा। सिर्फ रुपए 1रुपए टोकन एक्टिवेशन चार्ज के तौर पर देकर, नए उपभोक्ता 30 दिनों की असीमित कनेक्टिविटी का मज़ा ले सकते हैं । इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अनलिमिटेड वॉयस कॉल, 2 जीबी/दिन हाई-स्पीड डेटा, 100 एसएमएस /दिन, फ्री सिम कार्ड मीलेगा। इसके अतिरिक्त हर बीएसएनएल यूज़र, जो 18, 19 और 20 अक्टूबर 20 को सेल्फ़-केयर ऐप या बीएसएनएल वेबसाइट के ज़रिए रु. 100 और उससे ज़्यादा का रिचार्ज करेगा, वह अपने रिचार्ज के दिन से इस त्योहारी लकी ड्रॉ के लिए योग्य होगा – चाहे वह लंबे समय से उपभोक्ता हो या बोनान्ज़ा पीरियड के दौरान जुड़ने वाले लोग । इस लकी ड्रा के दस उपभोक्ता को हर दिन 10 ग्राम का एक सिल्वर कॉइन जीतने का मौका मिलेगा।

> नए उपभोक्ता का महीने भर के कनेक्टिविटी गिफ्ट के साथ स्वागत करते हुए बहुत खुश

### कॉनप्लेक्स सिनेमाज का ओडिशा और महाराष्ट्र में विस्तार

**मुंबई।** कॉनप्लेक्स सिनेमाज लिमिटेड ने दो नई प्रॉपर्टीज़ के लांच की घोषणा की है कि ओडिशा के जाजपुर में 208 सीटों वाला 3-स्क्रीन सिनेमा और महाराष्ट्र के संगमनेर में 268 सीटों वाला 2-स्क्रीन सिनेमा। जाजपुर की प्रॉपर्टी कॉनप्लेक्स की पूर्वी भारत में मौजूदगी को बढ़ाती है, जबकि संगमनेर का सिनेमा महाराष्ट्र में इसकी पकड़ को और मजबूत करता है जो कंपनी के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। दोनों प्रॉपर्टीज़ को अत्याधुनिक डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड सिस्टम, 2के और 3डी स्क्रीन, और लग्ज़री रिक्लाइनर सीटिंग से सुसज्जित किया गया है, जो दर्शकों को आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

# 23 को कांटा पूजन, मुहूर्त सौदे के साथ शुरू होगी नीलामी

*पांच दिवसीय दीपोत्सव पर गल्ला मंडी रहेगी बंद*



वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

पांच दिवसीय दीपोत्सव को लेकर राजधानी के करोंद स्थित पं.लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के अनाज यॉर्ड यानि गल्ला मंडी धनतेरस से 22 अक्टूबर तक 5 दिन तक बंद रहेगी।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, प्रवक्ता संजीव जैन के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के शुभअवसर पर अनाज मंडी में धनतेरस के दिन से बुधवार 22 अक्टूबर तक के लिए बंद है। संजीव अग्रवाल के अनुसार गुरूवार 23 अक्टूबर को गल्ला मंडी में कांटा पूजन और मुहूर्त सौदे होंगे। इसके बाद दीपावली मिलन समारोह मंडी प्रांगण स्थित एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित होगा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बामरा ने लिया पुरस्कार



# आदि कर्मयोगी अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन में मप्र देश में 'उत्कृष्ट'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आदि कर्मयोगी अभियान पर आयोजित राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश को सम्मानित किया। प्रदेश के प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा ने मप्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार ग्रहण किया। उन्होंने जनजातीय समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुति दी। मप्र को आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन में देश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम पांच राज्यों में स्थान मिला है।

**3 हजार आदि सेवा केंद्र बनाए**

*अभियान में एक लाख 92 हजार आदि साथी और 1210 अशासकीय संगठन जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसका लक्ष्य तीन लाख चेंज लीडर्स तैयार करना है जो निचले स्तर पर जनजातीय विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद कर रहे हैं।*

### बंद गौठान में छापा, अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा

:**बलौदा बाजार।** भाटापारा जिले के पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी में पुलिस ने एक बंद पड़े गौठान में छापेमारी कर महुआ शराब के अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद की है। सूचना के मुताबिक, गांव के बाहर स्थित गौठान के एक कमरे में यह अवैध शराब फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने जब्त किए गए सभी सामानों को कब्जे में लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
**दिनांक 15.10.2025**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई- निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** –सीपीएम–जीएसयू–जबल –08–2025 दिनांक 15. 10. 2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित– जबलपुर मंडल के बीना–कटनी खंड पर** किलोमीटर 1029/9–10 में स्थित एल सी क्रमांक 16 के बदले रोड ओवर ब्रिज का निर्माण के कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**–रू. 9,82,80,590.92/– **बयाना राशि रूपये**–रू. 6,41,400/–, **समापन अवधि**–18 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय** ( 15:00 बजे )–10.11.2025, **निविदा खुलने का समय** ( 15:15 बजे )–10.11.2025। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साइट https://ireps-gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति यूनिट पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई- निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। (हस्ता.)

उप मुख्य इंजीनियर ( गति शक्ति यूनिट )
पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# बैंक ऑफ इंडिया का निवल लाभ 4,807 करोड़ रहा, छमाही में हुई 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुंबई

बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 26 की पहली छमाही में वर्ष-दर-वर्ष 18 फीसदी की वृद्धि के साथ 4,807 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया। यह वृद्धि मजबूत आय गति और अनुशासित ऋण प्रबंधन से प्राप्त की गई। अकेले वित्तीय वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में, वर्ष-दर-वर्ष 7.6 फीसदी और तिमाही-दर-तिमाही 13.4फीसदी की वृद्धि के साथ निवल लाभ 2,555 करोड़ रहा।

**पश्चिम मध्य रेल** — **वाणिज्य विभाग–जबलपुर मंडल**

मंडल रेल प्रबंधक ( वाणिज्य ), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है।
सभी लॉट्स के लिए–**कार्य का प्रकार**–खानपान, सभी लॉट्स के लिए–**कैटलॉग क्र.**–JBP-C-Catg-25-5, सभी लॉट्स के लिए–ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय–05.11.2025 10.30 hrs)

**GMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| सल्हना | Catg-JBP-SLHA-GMU-89-23-4 | SLHA-CS-1 | 05.11.2025-11:00 hrs |
| पिपरिया कलां | Catg-JBP-PWK-GMU-106-23-4 | PWK-CS-1(Woman) | 05.11.2025-11:10 hrs |
| पिपरिया कलां | Catg-JBP-PWK-GMU-181-23-4 | PWK-CS-2(Gen-FFWW) | 05.11.2025-11:20 hrs |
| जोवा | Catg-JBP-JOBA-GMU-91-23-4 | JOBA-CS-1 | 05.11.2025-11:30 hrs |
| जोवा | Catg-JBP-JOBA-GMU-92-23-4 | JOBA-CS-2 | 05.11.2025-11:40 hrs |
| मरवासग्राम | Catg-JBP-MWJ-GMU-50-23-4 | MWJ-CS-1 | 05.11.2025-11:50 hrs |
| निवास रोड | Catg-JBP-NWB-GMU-61-23-4 | NWB-CS-1(Woman) | 05.11.2025-12:00 hrs |
| भरसेंडी | Catg-JBP-BSDL-GMU-104-23-4 | BSDL-CS-1 | 05.11.2025-12:10 hrs |
| भरसेंडी | Catg-JBP-BSDL-GMU-167-23-4 | BSDL-CS-2(Gen-FFWW) | 05.11.2025-12:20 hrs |
| मझौली | Catg-JBP-MZHL-GMU-105-23-4 | MZHL-CS-1(Woman) | 05.11.2025-12:30 hrs |
| बरगवां | Catg-JBP-BRGW-GMU-298-23-1 | BRGW-CS-2 | 05.11.2025-12:40 hrs |

**SMU Catering units:-**

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| कटंगीखुर्द | Catg-JBP-KTKD-SMU-176-23-4 | KTKD-CS-1(SC) | 05.11.2025-12:50 hrs |
| कटंगीखुर्द | Catg-JBP-KTKD-SMU-44-23-4 | KTKD-CS-2(Minority) | 05.11.2025-13:00 hrs |
| छतैनी | Catg-JBP-CTJ-SMU-150-23-4 | CTJ-CS-1(OBC) | 05.11.2025-13:10 hrs |
| छतैनी | Catg-JBP-CTJ-SMU-151-23-4 | CTJ-CS-2(OBC Woman) | 05.11.2025-13:20 hrs |
| दुवरीकला | Catg-JBP-BARD-SMU-152-23-4 | BARD-CS-1(OBC Woman) | 05.11.2025-13:30 hrs |
| सरायग्राम | Catg-JBP-SGAM-SMU-72-23-4 | SGAM-CS-2(Minority FFWW Woman) | 05.11.2025-13:40 hrs |
| देवराग्राम | Catg-JBP-DRGM-SMU-155-23-4 | DRGM-CS-1(Minority FFWW | 05.11.2025-13:50 hrs |
| देवराग्राम | Catg-JBP-DRGM-SMU-156-23-4 | DRGM-CS-2(SC-Woman | 05.11.2025-14:00 hrs |

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auctin Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक ( वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक ( वाणिज्य )
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय उप संचालक बफर जोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला**
Phone-07642-250760 E-mail - ddknpb..mdl@mp.gov.in, ddbuffer.knp@gmaill.com

क्रमांक / लेखा / 3561 — **/ / ई-निविदा सूचना / /** — मण्डला दिनांक 16/10/2025

बफर जोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला के अंतर्गत बालाघाट एवं मण्डला जिले के कार्यक्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत / प्रस्तावित विभिन्न निर्माण / विभागीय गतिविधियों से संबधित कार्यो हेतु निम्नानुसार दर्शित आवश्यक निर्माण तथा अन्य सामग्री के क्रय हेतु उल्लेखित शर्तो के अधीन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म का मूल्य 500 /- रुपए है। निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in एवं www.mpforest.org पर देखी जा सकती हैं । निविदा पूर्णत: आनलाइन प्राप्त तथा प्रस्तुत की जावेंगी । आफलाइन / भौतिक निविदा मान्य नही होगी। निविदा में अमानत की राशि रू. 24000 / - आनलाइन जमा की जावेगी

| स. क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा | निविदा सुरक्षा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | दरवाजा खिड़की चौखट एवं पल्ले निर्धारित साइज एव गुणवत्ता अनुसार | 12 सेट | 24000/- |
| 2 | वर्जिन एल्यूमीनियम विंडो फेम 2 एम एम मोटाई में 3 ट्रेक स्लाइडिंग | आवश्यकतानुसार | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं । निविदा से संबंधित विवरण mpforest.gov.in पर भी देखे जा सकते हैं । 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / केशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। । 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा की तिथियों लागू होंगी । 4. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र / परिशिष्ठ कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं 5. निविदा में स्वीकृत दरें अनुबंध उपरांत स्वीकृति की तिथी से आगामी एक वर्ष के लिए बंधनकारी होंगी । 6. निविदाकार स्वयं संपूर्ण क्षेत्र का भ्रमाण कर क्षेत्र ऑकलन पश्चात ही निविदा में सम्मिलित होवें । 7. निविदा दरों की स्वीकृति की वैधता सफल निविदाकार एवं उप संचालक बफरजोन के बीच आपसी सहमति से मुख्य अनुबंध तिथी के पूर्ण होने उपरांत 90 दिनों तक बढाई जा सकती है ।

उप सचांलक,
G-20407/25 "स्वच्छता ही सेवा" बफरजोन वनमण्डल, कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा**
e-mail:- eepwd1chhind@mp.nic.in

निविदा सूचना कं. 06/व.ले.लि./2025-26/ **निविदा आमंत्रण सूचना** छिंदवाडा दिनांक 17.10.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| स. क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 457373 | छिंदवाडा | भवन कार्य | शासकीय पी.जी. कॉलेज छिन्दवाड़ा अंतर्गत 100 बिस्तरीय गर्ल्स हॉस्टल में मरम्मत एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 26.96 | 50,000/- | 5,000/- | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 457374 | छिंदवाडा | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1, छिन्दवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 | 40,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 457375 | छिंदवाडा | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2, छिन्दवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 20.00 | 40,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 457376 | छिंदवाडा | भवन कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.2, छिन्दवाड़ा अंतर्गत उपखण्ड चौरई एवं बिछुआ में शासकीय भवनों अंतर्गत अनुरक्षण विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 15.00 | 30,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 457377 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.1, छिन्दवाड़ा अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर मरम्मत का कार्य | 20.00 | 40,000/- | 2,000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 457378 | छिंदवाडा | भवन कार्य | 24 वी बटालियन खजरी मार्ग छिन्दवाड़ा में छत मरम्मत तथा व्हीकल स्टैंड शेड का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 8.41 | 16,900/- | 2,000/- | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | | | कुल योग:- | 110.37 लाख | | | |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 05.11.2025. समय शाम 6.00 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेंगा। पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जावेंगा।

(आकाश खरे)
कार्यपालन यंत्री (लो.नि.वि.(भ/स) संभाग
छिन्दवाड़ा म.प्र.
G-20368/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की पुष्टि

# दक्षिण कोरिया में होने जा रहे एपीईसी समिट में जिनपिंग से होगी मुलाकात

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात होने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वह अगले कुछ सप्ताह में दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं (जो विभिन्न सैन्य और वाणिज्यिक उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक घटक हैं) पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने का फैसला लिया। इसके बाद से दोनों महाशक्तियों के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं।

- अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर तनाव
- टैरिफ के कारण ही यूएस की राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित



## व्यापार समझौते की उम्मीद जताई

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि कोरिया में होने वाली संभावित बैठक से पहले अमेरिका बहुत मजबूत स्थिति में है। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक से व्यापार समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि वे बातचीत करना चाहते हैं और हम बातचीत कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हम एक ऐसा समझौता करेंगे जो दोनों के लिए अच्छा होगा। मुझे लगता है कि हम कुछ करेंगे।

### चीन ने मजबूर किया

चीन के खिलाफ टैरिफ योजना पर, राष्ट्रपति ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि टैरिफ टिकाऊ नहीं है, लेकिन उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया। मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारा रिश्ता ठीक रहेगा। ट्रंप ने शी की भी प्रशंसा की और कहा कि मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं, वह एक बहुत ही मजबूत नेता और अद्भुत इंसान हैं। हालांकि, उन्होंने दोहराया कि चीन ने अमेरिका को धोखा दिया है।

### हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो

राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ का भी ज़िक्र किया और जोर देकर कहा कि हम बस यही चाहते हैं कि हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो। लेकिन निष्पक्षता यह है कि सैकड़ों अरबों और यहां तक कि खरबों डॉलर अमेरिका में आ रहे हैं और टैरिफ के कारण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित है। अगर टैरिफ नहीं होते, तो हमारी कोई राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं होती। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### शांतनु झा ने संभाली महाराष्ट्र नौसेना की कमान

**मुंबई।** भारतीय नौसेना के रियर एडमिरल शांतनु झा, एनएम ने महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (फोमा) की कमान संभाल ली। उन्होंने यह जिम्मेदारी रियर एडमिरल अनिल जग्गी से एक औपचारिक परेड समारोह में ग्रहण की, जो मुंबई स्थित आईएनएस कुंजली में आयोजित किया गया। झा का नौसेना में शानदार करियर तीन दशकों से अधिक का रहा है। उन्हें 1 जुलाई 1993 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के स्नातक शांतनु झा नौवहन और दिशा निर्देशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने आईएनएस विराट को नेविगेट किया है।



### ब्रिटिश किंग के छोटे भाई ने शाही उपाधियां छोड़ी

**लंदन।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू ने अपनी सभी रॉयल उपाधियां छोड़ने का ऐलान किया है। एंड्रयू ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि वे अब 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' जैसे टाइटल का इस्तेमाल नहीं करेंगे। प्रिंस एंड्रयू का नाम यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के केस में सामने आ चुका है। इसके अलावा पैसों की गड़बड़ी और एक कथित चीनी जासूस से रिश्तों को लेकर भी सवाल उठे थे। एंड्रयू का कहना है कि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'पूरी तरह नकारते हैं', लेकिन घोटालों की वजह से उनकी छवि को नुकसान पहुंच रहा था।



### यमन के तट पर टैंकर में आग, भागा चालक दल

**अबू धाबी।** यमन के तट के पास अदन की खाड़ी में शनिवार को एक बड़ा समुद्री हादसा हुआ। ब्रिटिश सैन्य अधिकारियों के अनुसार, एक जहाज पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यमन के हूती विद्रोही लाल सागर और अदन की खाड़ी में लगातार जहाजों पर हमले कर रहे हैं। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मेरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने इस हमले की पुष्टि की है। यह घटना अदन से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व में हुई। एक जहाज पर अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ।



### रेड क्रॉस को सौंपा गया इजराइली बंधक ताबूत

**दीर अल-बलाह।** इजराइल को शुक्रवार को एक और बंधक का शव सौंपा गया है। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमास ने यह शव रेड क्रॉस के जरिये सौंपा गया। शव सौंपकर हमास युद्ध को खत्म करने के लिए जारी संघर्षविराम को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। बाद में रेड क्रॉस ने यह शव इजराइली सेना और सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया। शव को इजराइल के राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा केंद्र को भेजा गया, जहां से इसकी पहचान की प्रक्रिया पूरी होगी।



रक्षा मंत्री और सीएम योगी ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई 'हरी झंडी'

# राजनाथ बोले- पाक का हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में, ऑपरेशन सिंदूर तो सिर्फ 'ट्रेलर' था



राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं, तो उनमें में विश्वास दिखता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसकी तारीफ करते नहीं थकते

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी), लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की पहली खेप को शनिवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर हरी झंडी दिखाई।

यह अत्याधुनिक इकाई 11 मई को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया ने भारत की ताकत को माना है। देश को ये विश्वास है कि अब हम बहुत मजबूत हो चुके हैं। मैं बता दूं कि जब भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है, अब आगे आप लोग समझदार हैं। पाकिस्तान का हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में है। ऑपरेशन सिंदूर तो बस ट्रेलर था। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि जीत अब हमारी आदत बन चुकी है।

रक्षा मंत्री और सीएम योगी ने बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया देखी 'मेक इन इंडिया' अब सिर्फ नारा नहीं भारत की हकीकत



### लखनऊ की पहचान मजबूत होगी

रक्षा मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी के '2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र इस विजन को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस जैसी शक्तियां यह विश्वास दिलाती हैं कि 'मेक इन इंडिया' अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि भारत की हकीकत है। उन्होंने कहा कि समय के साथ जैसे-जैसे ब्रह्मोस की विश्वसनीयता बढ़ेगी, वैसे-वैसे लखनऊ की पहचान भी और मजबूत होगी।

### पूरे देश के लिए गौरव का विषय

*रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की बढ़ती शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। आज लखनऊ में देश की सबसे आधुनिक मिसाइल का निर्माण हो रहा है। यह कोई साधारण बात नहीं है, यह भारत की सुरक्षा और सामर्थ्य का प्रैक्टिकल प्रूफ है। यह पूरे देश के लिए गौरव का विषय है।*

### ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़

राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं, तो उनमें में विश्वास दिखता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसकी तारीफ करते नहीं थकते। ये विश्वास ही हमारी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और सीएम योगी आदित्यनाथ ने बूस्टर डॉकिंग प्रक्रिया देखी। इसी क्रम में ब्रह्मोस सिम्युलेटर उपकरणों का प्रस्तुतीकरण भी हुआ।

### ब्रह्मोस से भारत की सैन्य ताकता साबित

राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के सफल प्रयोग ने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को साबित किया, बल्कि देश का आत्मविश्वास भी बढ़ाया। ब्रह्मोस ने दिखाया कि जीत अब हमारे लिए आदत बन चुकी है। बड़े शहरों से लेकर छोटे गांव तक, हर कोई अब भारत की इस ताकत को महसूस कर रहा है।

### हर तकनीक देश में विकसित करें

रक्षा मंत्री ने कहा कि अब भारत को हर स्तर की तकनीक चाहे वह बड़ी हो या छोटी, देश में ही विकसित करनी होगी। हमें स्पेयर पार्ट तक के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। बड़ी इंडस्ट्री के साथ छोटी इंडस्ट्री को भी बढ़ाना होगा। यही असली आत्मनिर्भरता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस जैसी परियोजनाएं न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत करती हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी गति देती हैं। हर मिसाइल सिर्फ हमारी रक्षा नहीं करती, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी पैदा करती है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव का दावा

# भारत जल्द अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में एआई के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपस्थिति पर प्रकाश डाला और घोषणा की कि बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप सर्वम इस साल दिसंबर या अगले साल जनवरी तक अपना स्वदेशी एआई मॉडल लॉन्च करेगा।

उन्होंने कहा कि वह सर्वम के मॉडल के लॉन्च होने के बाद उसका उपयोग करने के लिए उत्साहित हैं। केंद्रीय मंत्री ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के निवेश से एक एआई हब स्थापित करने के गूगल के प्रस्ताव की भी प्रशंसा की और दावा किया कि इससे भारत में एआई रिसर्च के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में कंप्यूटर सुविधाओं का होना बेहद जरूरी है। इनके उपलब्ध होने के बाद क्वालिटी रिसर्च करने और एआई एप्लीकेशन बनाने की क्षमता में सुधार होगा।

### देश की प्रतिभा को यहीं अवसर देंगे

*अश्विनी वैष्णव ने सरकार के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि भारत आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण खनिजों और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे देश का टैलेंट देश के बाहर जाने के बजाय देश में ही अवसरों को पाएं। सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के अपने प्रयास के तहत डिजिटल क्रेडिट पर बड़ा कदम उठा रही है। वर्तमान में 13 से अधिक देश भारत के यूपीआई फ्रेमवर्क का उपयोग कर रहे हैं और 50 से अधिक देशों ने आधार फ्रेमवर्क को लागू करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने डेटा को नया तेल और डेटा केंद्रों को नई रिफाइनरियां बताया।*

### भारत के 5जी नेटवर्क से दुनिया अचंभित

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 5जी को इतनी तेजी से लागू किया कि दुनिया चकित रह गई। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी नेटवर्क है। इससे हमें दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिली। देश का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा 5जी नेटवर्क से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 6जी पूरी तरह से अलग होगा। आपके हाथ में जो कुछ भी होगा, वह उस नेटवर्क का हिस्सा होगा।

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला

## खतरे में डाल सकती है छोटी सी चूक सुरक्षाकर्मी की 'बर्खास्तगी' बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दसवीं के फर्जी प्रमाणपत्र से जुड़े एक मामले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के एक जलवाहक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा बलों में कोई भी भूमिका छोटी नहीं होती है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद व न्यायमूर्ति विमल कुमार यादव की पीठ ने कहा कि किसी सुरक्षा/पुलिस संगठन में काम करने वाले व्यक्ति की एक छोटी सी चूक सीआरपीएफ कर्मियों, आम लोगों और देश के जीवन, अंगों और संपत्ति को खतरे में डाल सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के इस तर्क को खारिज कर दिया कि वह गैर-लड़ाकू कर्मचारी था और किसी भी सुरक्षा ड्यूटी में शामिल नहीं था। ऐसे में बर्खास्तगी की सजा अनुपातहीन है। याचिकाकर्ता की नियुक्ति 2011 में हुई थी, लेकिन जब उनके शैक्षिक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, तो पता चला कि उनकी दसवीं का प्रमाणपत्र फर्जी था। इस प्रकार उसे 2018 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।




## पाक आर्मी चीफ ने परमाणु हमले की दी गीदड़ भभकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार भारत के खिलाफ बेतुका बयान दिया है। मुनीर ने शनिवार को गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत के छोटे से उकसावे पर भी 'माकूल जवाब' दूंगा। उन्होंने कहा कि 'न्यूक्लियराइज्ड माहौल' में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में प्रीमियर पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी काकुल में पासिंग आउट आर्मी कैडेट्स के ग्रेजुएशन सेरेमनी में ये बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत को पक्के तौर पर सावधान करता हूं कि न्यूक्लियराइज्ड माहौल में युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। मुनीर ने कहा कि हम कभी डरेंगे नहीं, बयानबाजी से मजबूर नहीं होंगे और बिना किसी झिझक के छोटे से उकसावे का भी मजबूती से जवाब देंगे। मुनीर ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने सभी खतरों को कथित तौर पर न्यूट्रलाइज करके काबिलियत दिखाई है और भारत के खिलाफ 'जीत' हासिल की है।



जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद बोले ट्रंप

## जहां हैं, वहीं रुक जाएं यूक्रेन और रूस, क्रूर युद्ध खत्म करें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बैठक के बाद कीव और मॉस्को से कहा कि जहां हैं, वहीं रुक जाएं और अपने क्रूर युद्ध को समाप्त करें। ट्रंप ने संकेत दिया कि यूक्रेन को वह इलाका छोड़ देना चाहिए जो रूस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर लिखा, काफी खून बह चुका है। अब जमीन की सीमाएं युद्ध और साहस से तय हो रही हैं। अब उन्हें वहीं रुक जाना चाहिए। दोनों ही पक्ष खुद को विजेता मानें और ऐतिहासिक फैसला करें।

### रूस अपना कब्जा रखे



*बाद में जब ट्रंप फ्लोरिडा पहुंचे वहां उन्होंने दोनों देशों से तत्काल युद्ध बंद करने की अपील की और संकेत दिया कि रूस वही जमीन अपने पास रख सकता है, जो उसने यूक्रेन से ले ली है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि आप जंग के मोर्चे की जो स्थिति है, उसी को मानें। वरना मामला बहुत जटिल हो जाएगा।*

### यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल की जरूरत नहीं

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस से लड़ने के लिए टॉमहॉक मिसाइलें मांगी। इस पर ट्रंप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि यूक्रेन को कभी टॉमहॉक की जरूरत ही न पड़े। हालांकि, जेलेंस्की ने टॉमहॉक के बदले में यूक्रेन में बने हजारों ड्रोन देने की डील रखी।

*राजदूत एकरमैन ने जताई उम्मीद*

## भारत-जर्मनी के मध्य संबंधों को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी और भारत के बीच संबंधों की सराहना करते हुए भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



एकरमैन ने कहा कि भारत-जर्मनी संबंधों बहुत अच्छी तरह से विकसित हैं, लेकिन अभी भी बहुत संभावनाएं हैं और हम दिल्ली और बर्लिन में सरकार के साथ मिलकर इसे और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। एकरमैन ने 2047 तक भारत के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जर्मनी का समर्थन भी व्यक्त किया और इसे भारत सरकार का एक अच्छा दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है और यह एक ऐसा लक्ष्य है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं और हम, जर्मनी, इस लक्ष्य तक पहुंचने में भारत की हर संभव मदद करने की कोशिश करेंगे।

यह सरकार का एक बहुत ही अच्छा दृष्टिकोण है और हम जहां भी संभव हो, इसका समर्थन करने में प्रसन्न हैं।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर समाप्त

पक्तिका प्रांत के उर्गुन और बर्मल जिलों में घरों पर हमला किया

## पाक एयरस्ट्राइक में 3 अफगान क्लब क्रिकेटरों सहित 17 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान के हमले में अफगानिस्तान के 3 क्लब क्रिकेटर्स की मौत हो गई है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इसकी पुष्टि की है। हमले में 14 अफगानी भी मारे गए हैं जबकि 16 घायल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर शुक्रवार शाम 6 बजे खत्म हुआ था। इसे आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई थी।

लेकिन कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की। इन हमलों में उर्गुन और बर्मल जिलों के कई घरों को निशाना बनाया गया। ये इलाका दोनों देशों की बॉर्डर डूरंड लाइन के पास है। एसीबी ने बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिबधतुल्लाह और हारून पर हुआ। हमले वाले दिन कबीर अपने गांव के टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच चुने गए थे। उनकी ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर वायरल हो रही है। हमले के बाद एसीबी ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से नाम वापस ले लिया।



सिबधतुल्लाह | हारून | कबीर

### तालिबान ने हमले की कड़ी निंदा की

*तालिबान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की और इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान शांति और बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हाल की घटनाएं पाकिस्तान की आक्रामकता की वजह से हुई हैं। मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के साथ बातचीत दोहा में होनी है। इसके लिए अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री मौलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दोहा के लिए रवाना हो चुका है। मुजाहिद ने कहा, इस्लामी अमीरात इन हमलों का जवाब देने का अधिकार रखता है। लेकिन अपने वार्ताकारों की गरिमा और बातचीत की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नई सैन्य कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। हम दोहराते हैं कि अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति और समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन हालिया घटनाएं पूरी तरह से पाकिस्तान की ओर से की गई आक्रामकता का नतीजा हैं।*

# चांदी की चाल देख सोना भी 'शरमाया', इस साल 73% से अधिक रिटर्न

▶▶सोने की कीमतें 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी की कीमतें 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम, 2025 में अब तक चांदी ने 73% से अधिक और सोने ने 64% से अधिक का रिटर्न दिया, एक साल में सोने ने 33% से 35% और चांदी ने 40 से 45% का रिटर्न दिया, विश्लेषक बोले, चांदी में चमक बरकरार रहेगी, आने वाले समय में अच्छा रिटर्न देगी, धनतेरस पर चांदी में निवेश कर मुनाफा कमा सकते हैं

*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा
विनोद कौशिक

इस साल सोना और चांदी लगातार अपनी चमक बिखेर रहे हैं। वहींए चांदी तो सोने से भी तेज रफ्तार भर रही है। चांदी ऐसी चाल चल रही है कि उसके सामने सोना भी शरमाने लगा है। कारोबारियों की लगातार मुनाफावसूली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। दो दिन पहले इसने 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड छुआ था। देखा जाए जो 2025 में अब तक सोने चांदी ने 73% से अधिक और सोने ने 64 % से अधिक का रिटर्न दिया है। चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रहा है, जिसका मुख्य कारण औद्योगिक मांग और आपूर्ति में कमी है। चांदी गोल्ड से सस्ती और इंडसट्रियल डिमांड वाली मानी जाती है, इसलिए चांदी निवेश के लिए अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यह निवेशकों के बीच लोकप्रिय बनकर उभर रही है। पिछले धनतेरस (2024) से इस धनतेरस (2025) तक, सोने ने करीब 33% से 35% का रिटर्न दिया है, जबकि चांदी ने करीब 40 से 45% का रिटर्न दिया है, जो इसे एक अच्छा निवेश विकल्प बनाता है। चांदी ने सोने और शेयर बाजार दोनों को पीछे छोड़ दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि चांदी का यह प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। आने वाले समय में चांदी और अच्छा रिटर्न देगी। इसलिए इस धनतेरस पर चांदी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### चांदी को न करें अनदेखा

अगर आप भी ऐसे इन्वेस्टमेंट की तलाश में हैं जो आपको आने वाले समय में शानदार रिटर्न दे सके? तो सोने की चमक के बीच चांदी को अनदेखा न करें। यह सफेद धातु आपको अमीर बनाने का एक बेहतरीन मौका दे सकती है। इस रिपोर्ट में हम चांदी में निवेश के उन बड़े फायदों को जानेंगे जो ज़्यादातर लोग नहीं जानते और समझते हैं। यह जानकारी आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी और आपके पोर्टफोलियो को मजबूत बनाएगी!



### चांदी कहानी अलग

सोने का प्रयोग ज़्यादातर गहनों और इन्वेस्टमेंट के लिए होता है, लेकिन चांदी की कहानी थोड़ी अलग है। चांदी की करीब आधी मांग इंडस्ट्रीज से आती है। तो सोचिए, आपके स्मार्टफोन, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, मेडिकल उपकरण और भी बहुत कुछ बनाने में चांदी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जैसे-जैसे दुनिया टेक्नोलॉजी की तरफ बढ़ रही है और ग्रीन एनर्जी पर जोर दे रही है, चांदी की इंडस्ट्रीज मांग भी बढ़ती जा रही है।

### ऐसे कर सकते हैं निवेश

▶▶**फिजिकल सिल्वर** : आप चांदी के सिक्के या बार (ईंटें) खरीद सकते हैं। इसे घर पर या लॉकर में सुरक्षित रखें।
▶▶**चांदी ईटीएफ** : अगर आप फिजिकल सिल्वर रखने के झंझट से बचना चाहते हैं, तो आप चांदी ईटीएफ में निवेश कर सकते हैं, ये इलेक्ट्रॉनिक रूप में होते हैं और इन्हें खरीदना-बेचना आसान होता है।
▶▶**चांदी फ्यूचर्स** : यह उन निवेशकों के लिए है जो ज़्यादा रिस्क लेकर ज़्यादा मुनाफा कमाना चाहते हैं। इसमें फ्यूचर की तारीख पर चांदी खरीदने या बेचने का समझौता होता है।
▶▶**चांदी खनन कंपनियों के शेयर** : आप उन कंपनियों के शेयर खरीद सकते हैं जो चांदी का खनन करती हैं। जब चांदी की कीमतें बढ़ती हैं, तो इन कंपनियों को भी फायदा होता है।

### दिखता है उतार चढ़ाव भी

अक्सर जब सोने की कीमतें बढ़ती हैं, तो सिल्वर की कीमतें भी उसके पीछे-पीछे बढ़ती हैं। वैसे हालांकि, चांदी में सोने के मुकाबले ज़्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, जिसका मतलब है कि इसमें तेज़ी से ज़्यादा मुनाफा कमाने की संभावना भी होती है। अपने निवेश पोर्टफोलियो में सोने के साथ चांदी को शामिल करने से आपका पोर्टफोलियो मज़बूत बनता है और जोखिम भी संतुलित रहता है।

### जोखिम भी रहता है

▶▶चांदी की कीमतें सोने से 2-3 गुना उतार-चढ़ाव वाली।
▶▶इंडस्ट्रियल डिमांड कम हो तो गिरावट।
▶▶चांदी का वजन ज्यादा, स्टोरेज महंगा।
▶▶1 किलो चांदी सोने के 1/10 कीमत, लेकिन 10 गुना जगह।
▶▶सोने जितनी आसानी से नहीं बिकती। मार्केट छोटा।
▶▶शॉर्ट टर्म में नुकसान संभव। लॉन्ग टर्म (5-10 साल) के लिए बेस्ट।
▶▶फिजिकल सिल्वर पर जीएसटी 3%, मेकिंग चार्ज। ईटीएफ में कम।
▶▶फिजिकल: कॉइन्स/बार्स खरीदें
▶▶ईटीएफ : सिल्वर ईटीएफ (निप्पोन इंडिया) में निवेश, 0.5% एक्सपेंस रेशियो।
▶▶एमसीएक्स : फ्यूचर्स ट्रेडिंग, लेकिन रिस्की।

# मिड कैप फंड कैटेगरी ने 5 साल में दिया 25.28% सालाना रिटर्न

फंड्स
बिजनेस डेस्क

- कुछ खास स्कीमों का आगे भी रह सकता है ऐसा ही प्रदर्शन
- मिड कैप फंड्स लार्ज कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा रिस्की
- स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम जोखिम भरा माने जातें हैं
- रिटर्न भले ही आकर्षक हों, लेकिन मार्केट की उथल-पुथल का असर भी ज्यादा
- इन्हें हाई रिटर्न के साथ ही हाई रिस्क निवेश भी कहा जा सकता है
- इक्विटी में निवेश की वजह से इनके साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है

मिड कैप म्यूचुअल फंड्स को आमतौर पर लंबी अवधि में ऊंचा रिटर्न देने की संभावना के लिए जाना जाता है। 6 अक्टूबर तक अपडेटेड ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस कैटेगरी का पिछले 5 साल का औसत सालाना रिटर्न 25.28% रहा है, जो इस धारणा को सही साबित करता है। इतना ही नहीं, इस कैटेगरी की टॉप 5 स्कीम्स ने तो पिछले 5 साल में करीब 29% से 34 % तक सालाना रिटर्न दिया है। मिड कैप फंड्स को लार्ज कैप फंड्स की तुलना में ज्यादा रिस्की और स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम जोखिम भरा माना जाता है।

### टॉप 5 मिड कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

5 साल में बेस्ट रिटर्न देने वाले टॉप 5 मिड कैप फंड्स में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड और निप्पॉन इंडिया म्यूचुल फंड जैसे दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं। इस रिपोर्ट में हमने इन टॉप 5 फंड्स के लंपसम और एसआईपी रिटर्न के साथ ही उनके एक्सपेंस रेशियो की जानकारी दी है।

**1. मोतीलाल ओसवाल मिड कैप फंड-डायरेक्ट प्लान**
▶▶5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 33.92 %
▶▶एक्सपेंस रेशियो : 0.70 %
▶▶10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 12,08,224
▶▶एन्युलाइज्ड रिटर्न : 28.44 %

**2. एडेलवाइज मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
▶▶5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 30.57 %
▶▶एक्सपेंस रेशियो : 0.38 %



▶▶10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 11,11,550
▶▶एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.94 %

**3. निप्पॉन इंडिया ग्रोथ मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
▶▶5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.87 %
▶▶एक्सपेंस रेशियो : 0.75 %
▶▶10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 10,95,180 रुपये
▶▶एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.33 %

**4. एचडीएफसी मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
▶▶5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.68 %
▶▶एक्सपेंस रेशियो : 0.72%
▶▶10 हजार मंथली एसआईपी की 5 साल में फंड वैल्यू : 10,98,796 रुपये
▶▶एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 24.46 %

**5. इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड - डायरेक्ट प्लान**
▶▶5 साल का औसत सालाना रिटर्न (सीएजीआर) : 29.15 %
▶▶एक्सपेंस रेशियो : 0.54%
▶▶10000 मंथली एसआईपी की 5 साल में वैल्यू : 11,49,632 रुपये
▶▶एसआईपी पर एन्युलाइज्ड रिटर्न : 26.35%

### हाई रिटर्न के साथ हाई रिस्क

मिड कैप फंड्स के ऊपर दिए गए रिटर्न भले ही बेहद आकर्षक दिख रहे हों, लेकिन इन पर मार्केट की उथल-पुथल का असर भी ज्यादा पड़ता है। इसीलिए इन्हें हाई रिटर्न के साथ ही हाई रिस्क निवेश भी कहा जा सकता है। इक्विटी में निवेश की वजह से इनके साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है। यही वजह है कि रिस्कोमीटर पर इन्हें वेरी हाई रिस्क कैटेगरी में रखा जाता है।

### मिड कैप फंड्स की निवेश रणनीति

सेबी के नियमों के मुताबिक मिड कैप फंड्स के लिए अपने पोर्टफोलियो का कम से कम 65 फीसदी हिस्सा मिड कैप स्टॉक्स में निवेश करना जरूरी है। मिड कैप स्टॉक्स का मतलब है उन कंपनियों के शेयर जो मार्केट कैप के लिहाज से बाजार में 101वें से 250वें पायदान पर मौजूद हैं। मिड कैप में देश की कई तेजी से बढ़ रही कंपनियां शामिल होती हैं, जो आगे चलकर टॉप 100 कंपनियों में शामिल होने की क्षमता रखती हैं। यही वजह है कि मिड कैप फंड्स में लंबी अवधि के दौरान हाई रिटर्न मिलने की संभावना रहती है।

### मिड कैप फंड्स में निवेश किनके लिए सही

मिड कैप फंड्स उन निवेशकों के लिए सही ऑप्शन हो सकते हैं, जो इक्विटी में निवेश करके हाई रिटर्न हासिल करना चाहते हैं और इसके लिए ज्यादा रिस्क लेने को तैयार हैं। हालांकि इन्हें स्मॉल कैप फंड्स के मुकाबले कम रिस्की माना जाता है, फिर भी बाजार के उतार-चढ़ाव का इन पर काफी असर हो सकता है। मिड कैप फंड्स में उन्हीं निवेशकों को पैसे लगाने चाहिए।

# दिवाली पर सोने में निवेश के स्मार्ट तरीके, जो आपको बना सकते हैं धनवान

●जटिल वित्तीय दुनिया में, सोने को केवल ज्वेलरी या सिक्कों तक सीमित न रखें ●इसे बेहतर प्लानिंग के साथ अपने निवेश के सफर में शामिल करने पर विचार करें ●गोल्ड फंड ऑफ फंड्स कामकाजी झंझटों को खत्म कर निवेश का आसान रास्ता दे रहे

धनतेरस और दिवाली के मौके पर सोना या चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। बहुत से लोग इसमें ट्रेडिशन के तौर पैसे लगाते हैं, लेकिन बहुत से लोग इन्वेस्टमेंट के लिहाज से भी सोना खरीदते हैं। दशकों से, ज्वेलरी के रूप में सोना भारतीय परिवारों का एक अटूट हिस्सा रहा है। यह सांस्कृतिक प्रतीक होने के साथ-साथ अनिश्चितता से सुरक्षा का जरिया भी है, लेकिन अब सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं और यह 1.28 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हैं। इस वजह से थोक प्रीमियम, मेकिंग चार्ज और मूल्यों में अस्थिरता अब सामान्य समय की तुलना में ज्यादा जोखिम बन गए हैं। इसके अलावा फिजिकल गोल्ड के साथ एक व्यावहारिक चुनौती भी जुड़ी हुई है, क्योंकि इसे (गहने, बिस्किट आदि) रखने के लिए सुरक्षित स्टोरेज की जरूरत होती है। इसे अक्सर लॉकरों में या घरों में रखना पड़ता है, जिससे यह चोरी के जोखिम और इंश्योरेंस जैसे अतिरिक्त खर्चों के दायरे में आ जाता है। इसलिए आज की जटिल वित्तीय दुनिया में, हमें सोने को केवल ज्वेलरी या सिक्कों तक सीमित न रखकर, अपने निवेश सफर में कैसे शामिल करें, इस पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

सुझाव
बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड ईटीएफ एफओएफ

बाजार के जानकारों और विश्लेषकों का कहना है कि कि जो निवेशक कम लागत, सुविधापूर्ण और आसानी से खरीदा-बेचा जा सकने वाला (लिक्विड) गोल्ड खरीदना चाहते हैं, उनके लिए गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) और गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स जैसे आधुनिक विकल्प, बेहतर तरीके पेश करते हैं।

**1. गोल्ड ईटीएफ** : ये शेयर बाजार में ट्रेड होते हैं और सोने की कीमतों को बारीकी से ट्रैक करते हैं। इनमें निवेश के लिए आपको केवल डिमैट अकाउंट की जरूरत होती है (यूनिट्स रखने के लिए) और ट्रेडिंग अकाउंट की रूरत होती है (खरीदने-बेचने के लिए)।

**2. गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड्स** : जिन रिटेल निवेशकों के पास डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट नहीं है, उनके लिए यह विकल्प बहुत अच्छा है। आप इनमें एसआईपी, एसटीपी या एकमुश्त (लम्प सम) तरीके से भी निवेश कर सकते हैं।

इन डिजिटल तरीकों के फायदे

**परिचालन में आसानी** : गोल्ड फंड ऑफ फंड्स कामकाजी झंझटों को खत्म करते हैं और सोने में निवेश का एक आसान रास्ता देते हैं।

**झंझट खत्म** : आपको प्योरिटी, मेकिंग चार्ज या सुरक्षित स्टोरेज की चिंता करने की जरूरत नहीं है।



**आसान और पारदर्शी** : इन डिजिटल माध्यम से, आप आसान, पारदर्शी और कम लागत वाले तरीके से सोना खरीद सकते हैं, जिसमें आपको सोने को फिजिकल रूप से रखने और उसकी सुरक्षा करने की कोई जरूरत नहीं होती है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स (एसजीबी) भारत सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं और ये सोने के ग्राम में मान्य होते हैं। इनसे मिलने वाला रिटर्न सोने की कीमत से जुड़ा होता है, साथ ही बॉन्ड की अवधि में लगभग 2.5% सालाना स्थिर ब्याज भी मिलता है। एसजीबी के फायदे : यह डिजिटल फार्म में होता है तो रख रखाव का झंझट नहीं होता। साथ ही मेकिंग चार्ज की दिक्कत भी नहीं होती, स्टोरेज कास्ट भी नहीं। प्राइस अप्रेसिएशन के साथ सालाना 2.5 फीसदी ब्याज भी मिलता है। मैच्योरिटी पर सोने की मौजूदा कीमत के हिसाब से कैश मिलता है। सेकेंडरी मार्केट में लिक्विडिटी अच्छी है। सोने के मूल्य पर कैपिटल गेंस टैक्स नहीं लगता, केवल ब्याज पर टैक्स लगता है।

### डिजिटल गोल्ड

आजकल कई फिनटेक ऐप्स और ज्वैलर-बैक्ड स्कीम्स आपको छोटे-मोटे निवेश में भी सोना खरीदने की सुविधा देती हैं। यह डिजिट वॉलेट में रखा जाता है। आपके पास डिजिटल रूप में सोना होता है, जो वॉल्ट में रखे गए भौतिक सोने से समर्थित होता है। इसमें निवेश की शुरुआत आसान है, आप 1 ग्राम भी सोना तुरंत खरीद सकते हैं। कुछ प्लेटफॉर्म पर इसे फिजिकल गोल्ड में बदला जा सकता है या गोल्ड ईटीएफ में परिवर्तित किया जा सकता है. इसमें कोई हैंडलिंग या स्टोरेज शुल्क नहीं लगता। हालांकि डिजिटल गोल्ड पर रेगुलेटर यानी आरबीआई या सेबी का कंट्रोल नहीं होता, यह निवेश का एक अनरेगुलेटेड तरीका है।

### सिक्के और ज्वेलरी

इसे फिजिकल फॉर्म में खरीदा जाता है। यह आपके सामने होता है, जिसे देख और टच कर सकते हैं. इसमें लिक्विडिटी हाई है, इसे ज्वैलर्स या बुलियन डीलर्स को बेच सकते हैं। हालांकि इस पर मेकिंग चार्ज के रूप में ज्वेलर 5% से 20% तक चार्ज कर सकते हैं, जो बेचते समय आपको नुकसान पहुंचाता है। इसे सुरक्षित रखने का टेंशन होता है, क्योंकि चोरी का डर रहता है. प्योरिटी का रिस्क है, इसलिए हमेशा विश्वसनीय ज्वेलर से हॉलमार्क सोना ही खरीदें।

**चमक** गोल्ड ईटीएफ में 3 साल और 5 साल का रिटर्न भी बेहद मजबूत रहा, अब लोग मुनाफे के लिए गोल्ड में लगा रहे पैसा और हो रहे मालामाल

# गोल्ड ईटीएफ में कमाया मुनाफा, जान लें टैक्स का गणित, 1 साल में 50% व 5 साल में 215% से ज्यादा रिटर्न दिया

**सोना इस समय 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार ट्रेड कर रहा**

समझदारी
बिजनेस डेस्क

सोना निवेशकों के लिए लगातार गोल्डन डील साबित हुआ है। इस साल सोने में 45 फीसदी और 1 साल में 56 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिला है। सोने में 5 साल का रिटर्न 215 फीसदी से ज्यादा रहा है। सोना 1,34,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार ट्रेड कर रहा है, जबकि पिछली दिवाली पर इसकी कीमतें 79,000 रुपये से नीचे थीं। सोने में तेजी का एक और असर यह है कि हर गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड फंड ने 1 साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। गोल्ड ईटीएफ में 3 साल और 5 साल का रिटर्न भी बेहद मजबूत है। सोना खरीदकार आपने मुनाफा तो जमकर कमा लिया, लेकिन क्या इस पर लगने वाले टैक्स के बारे में जानकारी है। क्या आप जानते हैं कि आपको गोल्ड में कमाए हुए रिटर्न पर कितना टैक्स देना है।

### ईटीएफ में टैक्स के ये नियम

गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ को अब नॉन-इक्विटी कैपिटल एसेट माना जाता है। अगर आप गोल्ड ईटीएफ को 12 महीने से ज्यादा रखते हैं, तो मुनाफा लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) माना जाएगा और इस पर 12.5% की एकसमान टैक्स दर लगेगा, बिना इंडेक्सेशन अगर इसे 12 महीने या उससे कम समय तक रखते हैं, तो मुनाफा शॉर्ट-टर्म गेन (एसटीसीजी) माना जाएगा और आपकी इनकम के हिसाब से स्लैब रेट पर टैक्स देना होगा, जो हाई इनकम वालों के लिए 30% तक हो सकता है। पहले लॉन्ग-टर्म गेन के लिए 36 महीने तक होल्ड करना पड़ता था और इंडेक्सेशन का फायदा मिलता था, जिससे महंगाई के हिसाब से मुनाफे को एडजस्ट कर टैक्स कम करना संभव था। अब ये फायदा खत्म हो गया है, यानी अब निवेशकों को महंगाई से बढ़े मुनाफे पर भी टैक्स देना होगा। लॉन्ग-टर्म होल्डिंग पर 12.5% की एकसमान टैक्स दर है। मान लिया कि आपको 20,000 रुपये का मुनाफा पर 2,500 रुपये टैक्स बनेगा, यानी आपको 17,500 रुपये मिलेंगे। शॉर्ट-टर्म होल्डिंग की बात करें तो मुनाफे पर स्लैब रेट से टैक्स लगता है। अगर आपको 20,000 रुपये का मुनाफा हुआ और टैक्स रेट 30% है, तो 6,000 रुपये टैक्स देना होगा। यानी आपको 14,000 रुपये ही मिलेंगे।



### फिजिकल गोल्ड पर टैक्स

भारत में फिजिकल गोल्ड (ज्वेलरी, सोने का सिक्का, सोने का बिस्कुट) सोने में निवेश का सबसे पॉपुलर विकल्प हैं। 36 महीने या उससे अधिक समय तक रखे गए सोने से मिलने वाले रिटर्न को लांग टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। भारत के इनकम टैक्स एक्ट के अनुसार, आपको सोना बेचते समय लांग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) पर 20 फीसदी टैक्स और 4 फीसदी सेस देना होगा। इस तरह से फिजिकल गोल्ड पर लगने वाला टैक्स 20.8 फीसदी है। इस अवधि से कम समय के लिए रखे गए सोने से मिलने वाले रिटर्न को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। एसटीसीजी के मामले में, टैक्स आपकी इनकम टैक्स स्लैब के आधार पर लगाया जाता है।

### डिजिटल गोल्ड पर टैक्स

इसे आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं, यह डिजिट वॉलेट में रखा जाता है। डिजिटल गोल्ड पर रेगुलेटर यानी आरबीआई या सेबी का कंट्रोल नहीं होता, यह निवेश का एक अनरेगुलेटेड तरीका है। अगर आप डिजिटल गोल्ड 36 महीने या उससे अधिक समय तक रखते हैं, तो उस पर होने वाले मुनाफे को लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) माना जाता है। अगर गोल्ड 36 महीने से कम समय तक रखा जाता है, तो मुनाफे को शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी ) कहा जाता है। डिजिटल गोल्ड की बिक्री पर 20.8% टैक्स (एलटीसीजी) लगता है, जो फिजिकल गोल्ड और पेपर गोल्ड की तरह ही है। अगर यह शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन (एसटीसीजी) है, तो टैक्स आपकी आयकर स्लैब के अनुसार लगता है।

### गोल्ड गिफ्ट पर टैक्स

इनकम टैक्स एक्ट की धारा 56(2) के अनुसार, माता-पिता, पति-पत्नी या बच्चों को सोने की ज्वेलरी गिफ्ट में देने पर इनकम टैक्स नहीं लगता है। दूसरी ओर, अगर आप रिश्तेदारों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से 50,000 रुपये से अधिक वैल्यू का सोना गिफ्ट पाते हैं तो टैक्स देना होता है। ऐसी इनकम टैक्सेबल है क्योंकि इसे अन्य सोर्स से होने वाली इनकम माना जाता है। आप अपनी शादी में मिले सोने के गहनों पर भी टैक्स छूट पा सकते हैं, लेकिन अगर आप इन गिफ्ट को बेचना चाहते हैं तो सरकार कैपिटल गेंस की दर के अनुसार टैक्स लगाएगी।

### एनआरआई के लिए टैक्स

इनकम टैक्स एक्ट के अनुसार, एनआरआई फिजिकल गोल्ड, डिजिटल गोल्ड, पेपर गोल्ड आदि में निवेश कर सकते हैं। हालांकि, आरबीआई और फेमा नियमों के अनुसार, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश नहीं कर सकते हैं। हालांकि सोने की बिक्री पर एनआरआई के लिए लागू टैक्स दर भारतीय निवासियों के समान है, लेकिन उन्हें गोल्ड ईटीएफ या म्यूचुअल फंड के रिडेम्पशन पर टीडीएस का भुगतान करना होगा।

### पेपर गोल्ड पर इनकम टैक्स

पेपर गोल्ड में गोल्ड म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, सॉवरेन बॉन्ड आदि शामिल हैं। अगर आप 12 महीने बाद यूनिट बेचकर इनकम हासिल करते हैं तो यह लांग टर्म कैपिटल गेंस (एलटीसीजी) होता है और इस पर 12.5 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। वहीं, 3 साल से कम समय तक रखे गए पेपर गोल्ड से मिलने वाले रिटर्न को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस कहा जाता है। एसटीसीजी के मामले में, टैक्स आपकी इनकम टैक्स स्लैब के आधार पर लगाया जाता है।

## स्कूल, सरकारी और प्राइवेट ऑफिस की छुट्टी होने पर घर जाने वालों की उमड़ी भीड़

# ट्रेनों में नो-रूम, टॉयलेट में भी नजर आ रही दीपावली की भीड़... बसों में भी दिखे क्षमता से अधिक यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धनतेरस के साथ शनिवार से पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव की शुरू हो रहा है। वहीं शुक्रवार से स्कूल, सरकारी व प्राइवेट ऑफिस की छुट्टी हो गई। इसके चलते घर से बाहर रह कर नौकरी करने वाले लोग अपने घर वापस जाने लगे हैं। शुक्रवार शाम के भोपाल से जाने वाली ट्रेनें यात्रियों से फुल दिखी और लोग ट्रेन के टॉयलेट तक में बैठकर सफर कर रहे हैं। ऐसा ही नजर भोपाल स्टेशन पर देखने को मिला।






### यात्री जान तक डाल रहे जोखिम में

20 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार है, भोपाल से चलने और गुजरने वाली ट्रेनों में खासा यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। भोपाल स्टेशन में इन दिनों यात्रियों को भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सीट पाने के लिए यात्री अपनी जान तक को जोखम में डाल कर ट्रेन के आने से पहले ही यात्री पटरी पार दूसरी ओर खड़े हो जाते है। ऐसे में आरपीएफ व जीआरपी को व्यवस्था बनाए रखने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीट कंफर्म न होने से परेशानी यात्री घर जाने के लिए ट्रेन में महीनों पहले टिकट करवाए है, लेकिन अब भी बर्थ कंफर्म नहीं हो पा रहीं है। इससे अब यात्रियों जनरल डिब्बों में सफर करने को मजबूर है।

### ट्रेन में चढ़ना भी मुश्किल

भोपाल स्टेशन पर दोपहर करीब 3:50 मुबंई से गोरखपुर चलने वाली गाड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस पहुंची। इस दौरान ट्रेन में चढ़ाने तक के लिए अधिकांश लोगों को जगह नहीं मिली। कई यात्री बड़ी मुश्किल से सवार हुए, लेकिन जनरल कोच में यात्री को बैठने की जगह नहीं मिल रही, जिससे कोच के टायलेट में खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर हैं। दरअसल स्कूलों की छुट्टी के साथ ही भोपाल में नौकरी करने वाले दूसरे शहर के लोग का शुक्रवार की दोपहर से घर जाने के सिलसिला शुरू हो गया, क्योंकि आज से करीब 4 व 5 दिनों की छुट्टी हो गई। दीपावली व छठ पर्व मनाने के लिए लोग घर के लिए रवाना होने लगे। इसके चलते भोपाल स्टेशन पर खासी भीड़ देखने को मिली।

### ट्रेन आते ही टूट पड़े

भोपाल स्टेशन पर शाम करीब 5:30 पर राज्यरानी एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर आई यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेन के अंदर जाने में मशक्कत करने लगें। इस दौरान ट्रेन बैठे यात्रियों से उनका विवाद हुआ। ट्रेन की सीट फुल होने पर कई लोगों जब बर्थ नहीं मिली, ऐसे में वह टायलेट में जाकर खड़े हो गए। आरपीएफ के जवानों ने टॉयलेट में बैठे यात्रियों को उतारने का प्रयास भी किया, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। अंत में यात्रियों से भरी ट्रेन को रवाना किया।



### भोपाल मंडल के स्टेशनों पर बेहतर टिकटिंग व्यवस्था

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में दीपावली और छठ पूजा के दौरान रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंडल के कुल 88 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए आरक्षित/अनारक्षित बेहतर टिकटिंग व्यवस्था का प्रबंध किया गया है तथा भीड़भाड़ प्रबंधन के लिए टिकट चैकिंग स्टाफ को भी डिप्लॉय किया गया है । मंडल में कुल 57 अनारक्षित टिकट विंडों, 21 अनारक्षित-कम-आरक्षित टिकट विंडों, 25 जन साधारण टिकट बुकिंग सेवा केंद्र, 47 आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एवं 20 आरक्षित टिकट विंडों से यात्रियों को टिकट प्रदान किया जा रहा है तथा 60 टिकट चैकिंग स्टाफ विभिन्न स्टेशनों पर तैनात किए गए हैं।

*ट्रैवल्स कंपनियों की मानें तो दीपावली की वजह से हर साल बढ़ता है किराया*

## दीपावली पर बसों की बुकिंग फुल, किराया 5 से 10 गुना तक वसूल रहे बस संचालक





दीपावली के त्योहार के चलते इन दिनों बसों की बुकिंग फुल हो गई है। तो वहीं बस संचालक यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें चलाने की बात कह रहे है। लेकिन ट्रेवल कंपनियों ने दीपावली के चलते भोपाल से अन्य शहरों के लिए जाने वाली बसों का किराया बढ़ा दिया है। यह किराया 10 से 15 अक्टूबर की तुलना में 18 से 25 अक्टूबर तक 5 से 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है।

### बस का किराया ज्यादा लगा

किराया अधिक लगा, तो ट्रेन का टिकट बुक कराया। मैं आम तौर पर बस में हमेशा ही सफर करता हूं,मगर हमेशा देखा है कि चार्टेड में किराया फिक्स रहता है। मेरे एक दोस्त को दीपावली पर भोपाल से मुम्बई जाना था उसको रेट बहुत अधिक लगा तो उसने ट्रेन का टिकट बुक कराया।

दीप सिंह जाट, यात्री

### महंगा था टिकट पर लेना पड़ा

मैंने अपने कजिन का भोपाल से जयपुर जाने के 18 अक्टूबर का बस का टिकट कराने आया था। 4,000 रुपए का टिकट देख पहले तो कई बार सोचा करें या नहीं मगर फिर बाद में मैंने उसे फाइनली बुक किया। यह बहुत महंगा है।

शैलेंद पंवार

## 10 सदस्यीय गिरोह से 11 बाइक बरामद

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

थाना बसंतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसायकल चोरी कर बिक्री करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की कुल 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

जब्त मोटरसाइकिलों की अनुमानित कीमत लगभग 6.20 लाख बताई गई है। 17 अक्टूबर को थाना प्रभारी बसंतपुर को सूचना मिली कि ग्राम रूपपुर निवासी जगजीवन कुजूर एवं राजेश रवि चोरी की बाइक बेचने की फिराक में हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी जगजीवन को हिरासत में लिया। उसके पास से एक लाल-काली पल्सर बाइक बरामद हुई, जिसका वैध दस्तावेज आरोपी प्रस्तुत नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ में उसने बाइक चोरी की बात कबूल की और अन्य चोरी की बाइकों की जानकारी दी।



### विभिन्न व्यक्तियों को बेच चुका बाइक

*जगजीवन ने खुलासा किया कि वह चोरी की बाइकें विभिन्न व्यक्तियों को बेच चुका है, जिनसे बाइकें बरामद की गईं। सभी 11 मोटरसाइकिलें गवाहों के समक्ष विधिवत रूप से जब्त की गई हैं। जब्त बाइकों के संबंध में परिवहन कार्यालय और अन्य थानों को सूचना भेजी गई है। इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर अन्य आरोपियों राजेश रवि, सन्नी कुशवाहा, अनुराग यादव, सिया राम अगरिया, देवशरण, शिव चरण, राहुल प्रजापति, संदीप अगरिया और रंजन विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों की बाइकें बरामद की गईं, जिनमें बजाज पल्सर, यामाहा आर15, टीवीएस अपाचे, हीरो पैशन प्रो और एचएफ डीलक्स शामिल हैं।*

## गले में ईंट बंधी मिली, कोतवाली पुलिस कर रही जांच

# तालाब में तैरता मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के ग्राम पुटपूरा के नवा तालाब में पानी के ऊपर तैरता महिला का शव मिला है। जिसकी पहचान सरस्वती राठौर 48 वर्ष की रूप में हुई है। गले में ईट बंधी मिली है जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। एफएसएल की टीम जांच पड़ताल कर रही है, जिसकी शुक्रवार की लगभग रात 8 बजे पति भरत लाल राठौर ने गुम इंसान की सूचना जांजगीर थाने में दर्ज कराई थी। मौके पर पुलिस टीम पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। सीएसपी योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि मृतका सरस्वती राठौर और उसके पति के बीच गुरुवार रात को झगड़ा हुआ था, जिसके बाद दोनों एक साथ कमरे में सोए थे। जब भरत लाल राठौर सुबह उठा तो उसकी पत्नी सरस्वती राठौर कमरे में नहीं थी आस पास खोज बीन की मगर कुछ पता नहीं चलने पर शुक्रवार की रात 8 बजे सिटी कोतवाली थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। शनिवार की सुबह 6-7 बजे गांव की महिला संतोषी राठौर ने देखा तालाब में तैरता हुआ शव देखने पर गांव के लोगों को बताया तब पुलिस टीम पहुंची और डीडीआरएफ टीम को बुलाया गया और शव को पानी से निकाला गया है जिसमें गले में ईट से बांध मिला है जिससे आशंका है कि हत्या कर शव को तालाब में फेका गया होगा। एफएसएल टीम से जांच कराई गई है जिसमें शरीर पर जलने के निशान भी मिले हैं।

## मतदाता सूची में संशोधन अब 24 तक

**भोपाल।** 17 अक्टूबर के स्थान पर अब 24 अक्टूबर तक निगम के वार्ड कार्यालयों, दावा आपत्ति केन्द्रों में आवेदन किए जा सकेंगे। नगर पालिका की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारियों के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में आम नागरिकों द्वारा नाम जुड़वाने, संशोधित कराने एवं विलोपित कराने की प्रक्रिया अब 24 अक्टूबर तक जारी रहेगी। पूर्व में यह प्रक्रिया 8 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित की गई थी।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव यादव ने लिया पुरस्कार

# जीरो पेंडेंसी माह' में दावा निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य पर मप्र को बड़े राज्यों की श्रेणी में मिला प्रथम पुरस्कार



*भोपाल में हुई दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने 15 और 16 अक्टूबर को मप्र की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और भविष्य की रणनीति निर्धारित करने पर विमर्श किया गया।

जीरो पेंडेंसी माह' के दौरान दावा निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मप्र को बड़े राज्यों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर एनएचए के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बर्णवाल, मप्र शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन, एबीडीएम मिशन निदेशक किरण गोपाल वास्का, संयुक्त सचिव (पीएम-जेएवाई) ज्योति यादव मौजूद रहे।

### राज्यों को स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी: मुख्य सचिव जैन

*एनएचए के सीईओ डॉ. बर्णवाल ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य एकीकरण भारत के स्वास्थ्य ढांचे को नई दिशा दे रहा है। आयुष्मान भारत अब तक 45 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर चुका है। पीएम-जेएवाई 2.0 और एबीडीएम 2.0 के माध्यम से राज्यों की सहभागिता इस अभियान को नई गति देगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि राज्यों को स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के सफल एकीकरण में भी उल्लेखनीय प्रगति- राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, मध्यप्रदेश के सीईओ डॉ. योगेश भरसट ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश ने न केवल दावा निस्तारण में गति प्राप्त की है, बल्कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के सफल एकीकरण में भी उल्लेखनीय प्रगति की है।*

# नई स्कोडा ऑक्टेविया ने रचा इतिहास



**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया देश में अपनी 25वीं वर्षगाँठ और एक सच्चे लीजेंड, बिल्कुल नई ऑक्टेविया आरएस की वापसी का जश्न मना रहा है। फुल्ली बिल्ट यूनिट (एफबीयू) के रूप में सीमित संख्या में उपलब्ध, ऑक्टेविया आरएस बेजोड़ ड्राइविंग डायनामिक्स, बोल्ड डिज़ाइन और बेजोड़ आरएस स्पिरिट का प्रतीक है, जो भारत में दीवानों और कुछ खास चाहने वालों के लिए एक खास निशानी के रूप में अपनी वापसी कर रही है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "ऑक्टेविया आरएस को कमाल की प्रतिक्रिया मिली है। इस शानदार मॉडल ने पूरे भारत में ड्राइविंग के शौकीनों के जुनून को सचमुच जगा दिया है, और ऑक्टेविया आरएस की दुनिया भर में पहचान को और मज़बूत किया है। भारत में स्कोडा ऑटो के 25 उल्लेखनीय वर्षों का जश्न मनाते हुए, विश्वस्तरीय कारें उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत है। आरएस बैज केवल परफॉर्मेंस तक सीमित नहीं है। यह स्कोडा ब्रांड के साथ हमारे ग्राहकों के भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास को दिखाता है। हम स्कोडा परिवार में चाहने वालों की एक नई पीढ़ी का स्वागत करने और इस बाज़ार में हमारे ब्रांड को पहचान देने वाली मज़बूत विरासत और दीवानों की संख्या बढ़ाने को लेकर खुश हैं।"

**वैवाहिकी**


**वधु चाहिए**

वधु चाहिए
बंगाली 47 वर्ष
स्वयं का व्यापार
वर हेतु सुन्दर,
सुशिक्षित वधु चाहिए
जाति बंधन नहीं
सन्तान सहित
भी स्वीकार
मैरिज ब्यूरो क्षमा करें
सम्पर्क करें
6268373521

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए-सरयूपारी ब्राह्मण पुत्र जन्मतिथि 04.07.1990, रायपुर हाइट 5' 10" सॉफ्टवेयर इंजीनियर, प्रथम श्रेणी, सीएस वीटीयू भिलाई से, व्यवसाय-बिजनेस हॉबीज, म्यूजिक, ऑटोमोबाइल, पिता रिटायर्ड गजटेड ऑफिसर, माता गजटेड क्लास वन ऑफिसर। सभी जातियों से ब्राह्मण संपर्क करें। -9826430448. (6736)

## शब्द पहेली - 6023



मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएं**
1. कार्य,काम-2
2. अग्नि,अनल-2
3. संग,संगत-2
4. मदिरा,शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार,सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया,परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी,चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा,सरल-2
19. वीर,बहादुर-2
20. दलदल,गाद-3
21. तांत,टेलीग्राम -2
22. वंश,खानदान-2
23. नशा,नशापानी-3
24. चिट्ठी,पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण,दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर,तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर,मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव,पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय,वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर,सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक,द्वारयंत्र-2
7. धाय,नर्स,दाई-2
8. अवरोध,रुकावट-3
9. मगन,मग्न-2
10. सप्त,सप्तम-2
11. लक्ष्मी,रमा-3
12. मौज,मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन,रगस-3
15. गमन,जाना-2
16. पुनः,वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य,दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल,गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -6022 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |

## सूडोकु नवताल- 6033

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |



{ आवरण कथा / अंशु सिंह }

पौराणिक काल से ही दीपावली के अवसर पर दीपों के जरिए हर तरफ उजास-उल्लास फैलाने की पर्व परंपरा चली आ रही है। प्रतीक रूप में यह पर्व हमें अपने भीतर की मलिनता, दुष्प्रवृत्तियों को मिटाकर आत्मजागरण के पथ पर अग्रसर होने का भी संदेश देता है। आइए, इस दीपावली हम अपने बाह्य जगत के साथ ही अंतस को आलोकित करने का भी संकल्प लें।

# दीपावली उजास-उल्लास आत्मजागरण का उत्सव

दीपावली सिर्फ प्रकाश पर्व ही नहीं, यह प्रत्येक व्यक्ति के भीतर विद्यमान दिव्यता का उत्सव भी है। अपने आंतरिक प्रकाश पर चिंतन करने और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रयास करने का अवसर भी होता है। दीपावली से जुड़े अनुष्ठान और परंपराएं, हमें अपनी आत्मा से जुड़ने और दिव्यता की गहरी समझ विकसित करने में भी मदद करती हैं। दीपावली की रात पहले एक दीया जलाया जाता है, जिससे फिर दूसरे दीयों को प्रज्वलित किया जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे एक छोटी-सी लौ असंख्य दीयों को रोशन कर सकती है। सामूहिक रूप से अंधेरे को दूर कर सकती है।

**जब श्रीराम लौटे अयोध्याधाम:** दीपावली मनाने के आरंभ से जुड़ी कथानुसार चौदह साल बीत गए थे श्रीराम को वनवास गए। अयोध्या में सन्नाटा पसरा था। वहां के वासी एक ऐसे दुःख से गुजर रहे थे, जिसका वर्णन करना कठिन था। घरों में दीप नहीं जलाए जाते थे। लंबी प्रतीक्षा के बाद एक सुबह अयोध्यावासियों को समाचार मिलता है कि श्रीराम वापस आ रहे हैं। यह सुनकर अयोध्यावासी प्रसन्नता से झूमने लगते हैं। श्रीराम के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं। घर-घर में हजारों दीप जल उठे। असल में यह एक प्रकार के सामूहिक प्रेम और आत्मीय जुड़ाव का प्रकटीकरण था। अयोध्यावासियों ने उस दिन सिर्फ दीये ही नहीं जलाए थे, अपनी आत्मा को भी जगाया था। क्योंकि 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम और सीताजी लौट आए थे। इसलिए दीपावली को अंधेरे के अंत के साथ धर्म, आनंद और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक माना गया।

**बढ़ें प्रकाश के पथ पर:** दीपावली का यह त्योहार अपने अंदर झांकने और अपने आंतरिक प्रकाश को बनाए रखने के लिए, इसके प्रति प्रतिबद्ध होने के लिए प्रोत्साहित करता है। विवेकशील मनुष्य हमेशा प्रकाश की ओर देखता है। *तमसो मा ज्योतिर्गमय* का अर्थ भी है- अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़े चलो। अंधकार को त्याग कर, प्रकाश के मार्ग पर बढ़ना ही साधना का पथ है।

**ज्ञान से खत्म करें आंतरिक अंधकार:** यह शाश्वत सत्य है कि ज्ञान, इस जगत का सबसे बड़ा प्रकाश पुंज है। जब ज्ञान का दीप जलता है, तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार, मोह को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई दुराचरण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी आवश्यक है।


**हम प्रज्वलित करें आत्म ज्योति:** दीपावली को अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी कहते हैं। यह प्रार्थना, चिंतन, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का सुअवसर होता है। दीपोत्सव की हर रस्म का एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ है। जैसे, घर की सफाई और सजावट करने का तात्पर्य है, मन की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करना। आध्यात्मिक गुरु एवं राजयोग प्रशिक्षिका बी. के. शिवानी कहती हैं कि इस दिन घर के साथ मन की सफाई पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, क्योंकि जब तक मन की सफाई नहीं होती, श्रीलक्ष्मी का आह्वान नहीं किया जा सकता। श्रीलक्ष्मी का आह्वान अर्थात अपने अंदर की पवित्रता, दिव्यता का आह्वान करना। मन में अपवित्रता होने से दिव्यता आ नहीं सकती। जहां किसी के बारे में कुछ बैर होगा, वहां सफाई कैसे! इसलिए मन के कोने-कोने की जांच कर सफाई करनी आवश्यक है। जैसे-जैसे हम सफाई करेंगे, आत्मा के पुराने संस्कार खत्म होते जाएंगे और नए संस्कार उभरने लगेंगे। कहने का आशय है कि मनुष्यों के सोचने का पुराना तरीका छूटता जाएगा। इसीलिए दिवाली में सफाई के साथ नवीनता का भी महत्व है। यह आत्मा की ज्योति जगाने का अवसर है। जब हर चीज, हर सोच, हर भावना नई होगी। हमारे बोलने, व्यवहार, खाने-पीने का, काम करने का तरीका सब नया होगा, तब सही मायने में आत्मा का दीप जल उठेगा।



**बनें स्वयं के दीपक:** प्रकाश पर्व पर दीपों की माला सजाई जाती है। दीपक जलाना न केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत, बल्कि उस आंतरिक प्रकाश का भी प्रतीक है, जो अंधकार और अज्ञानता को दूर करता है। कई महात्माओं, दार्शनिकों ने दीयों की सुंदर आध्यात्मिक व्याख्या की है। उन्होंने दीपक को देह तथा उसमें मौजूद तेल को वासना और जलने वाली बाती को अहम माना है। इस प्रकार, दीपक का जलना व्यक्ति के अंदर की वासना तथा अहम के नष्ट होने का रूपक प्रस्तुत करता है। ऐसा होने पर स्वाभाविक रूप से ज्ञान का प्रकाश फैलता है। अर्थात ज्ञान के उत्पन्न होने से वासना और अहम का स्वयं ही धीरे-धीरे नाश होने लगता है। गौतम बुद्ध ने जीवन के अंतिम क्षण में अपने प्रिय शिष्य आनंद को यही उपदेश दिया, 'अप्प दीपो भवः', यानी स्वयं के दीपक बनो। अपना सत्य खुद ढूंढ़ो। *

### अपने भीतर के प्रकाश को पहचानें

**अगर हम** भारतीय दर्शन के मूल के आधार पर दीपावली पर्व को समझना चाहें, तो मूलतः यह पर्व ज्ञान का स्वागत तथा प्रज्ञा को आत्मसात करने का पर्व है। यह बुराई पर सदाचार की आध्यात्मिक जीत और अज्ञानता तथा नकारात्मकता को दूर करने वाले प्रकाश को रेखांकित करता है। आम जीवन में भी इसकी बड़ी उपयोगिता है। इसे महान दार्शनिक संत आचार्य श्री महाप्रज्ञ के कथन से समझ सकते हैं। वे कहते हैं, 'हमें यदि धर्म को, अपने भीतर के प्रकाश को समझना है और वास्तव में धार्मिक कर्म करना है तो सबसे पहले इंद्रियों का निग्रह करना सीखना होगा। यदि केवल आधे घंटे के लिए सारी इंद्रियों को विश्राम देकर बिल्कुल स्थिर और एकाग्र होकर अपने भीतर झांकना शुरू कर दें और इसका नियमित अभ्यास करें, तो एक दिन आपको कोई ऐसी झलक मिल जाएगी कि आप रोमांचित हो जाएंगे। आप देखेंगे कि भीतर का जगत कितना विशाल, आनंदमय और प्रकाशमय है। वहां कोई अंधकार नहीं, कोई समस्या नहीं है। सिर्फ एक दिव्य प्रकाश है।'



दीपावली पर हम सब घर-आंगन को दीपों से प्रकाशित करते हैं, ताकि हमारे आस-पास कहीं भी अंधेरा ना रह जाए। इसी तरह चेतना और सकारात्मकता के दीपक से मन का अंधियारा भी हम दूर कर सकते हैं।

# अंधेरा कहीं रह ना जाए...

{ आह्वान / सरस्वती रमेश }

दीपावली प्रकाश का उत्सव है। अंधेरा भगाने का उपक्रम। तभी तो इस मौके पर घर, द्वार, खिड़की, गलियारे, मुंडेर, बालकनी, आंगन, छत यहां तक कि घूर पर भी दीया जलाने की परंपरा है। ताकि कहीं अंधेरा न रहे। ये वाह्य अंधकार है, इसे दीपक से भगाया जा सकता है। इसी तरह हमारे भीतर भी अंधकार की एक सत्ता विराजती है। अमूमन हर किसी के भीतर एक अंधकार आंतरिक बुराइयों द्वारा खाद-पानी पाकर पनपता है। निरंतर बढ़ता रहता है। यदि इसे लंबे समय तक हटाया न जाए तो यह सघन होकर हमारे संबंधों, कार्यक्षमता, आचरण और जीवन के तमाम पहलुओं को प्रभावित करने लगता है। इसे हटाने की प्रक्रिया सरल नहीं है। पर असंभव भी नहीं। इसके लिए हमें अपने मन की कोटरों को रोशन करना होगा।



## बनाएं अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता

भीतर का अंधकार बाहर के अंधकार से हमेशा बलवान होता है। इसलिए वहां दीपक जलाने की प्रक्रिया थोड़ी अलग और जटिल होती है। श्रम साध्य होती है। यह दीपक हमारी अच्छाइयों के तेल से प्रज्वलित होता है। सत्य, करुणा और सद्भावना जैसी अच्छाइयों की रोशनी से इसे जलाने की लौ मिलती है। इसलिए इस दीपावली अपने मन की सारी बुराइयों को झाड़-पोंछ बाहर का रास्ता दिखाइए। अच्छाइयों के प्रवेश का रास्ता बनाइए। ठीक वैसे ही जैसे माता लक्ष्मी के आगमन के लिए आज भी हम लोग दीपावली पर रात-रात भर घर के किवाड़ खोलकर उनके आने का रास्ता बनाते हैं। इसी तरह जब बुराइयों का अंधियारा मन के भीतर सघन हो, तब उसे हटाने के लिए संकल्प शक्ति की भी आवश्यकता पड़ती है।

## अंतर्मन से ही मिलेगी प्रेरणा

भीतरी अंधेरे को भगाना आध्यात्मिक यात्रा की तरह आनंदमय अनुभूति है। इस यात्रा में हमारा आत्मबल सह यात्री की भूमिका निभाता है। साहस और चेतना इस यात्रा के विभिन्न पड़ाव हैं। आत्म-जागृति इसकी मंजिल है। भीतरी अंधेरे को भगाना अर्थात एक बेहतर मनुष्य बनने का प्रयास करना। ऐसा मनुष्य, जो अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सचेत हो। जो समाज को जीने का नया नजरिया दे। जो जीवन की अच्छाइयों के प्रति लोगों में विश्वास पैदा करे। भय, निराशा, अविश्वास के दुष्चक्र से उन्हें बाहर निकलने का मार्ग सुझाए। ऐसी प्रेरणा हमारे भीतर तभी प्रस्फुटित हो सकती है, जब हम स्वयं अपने दीपक बन जाएं। एक तरह से अपनी शक्तियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें निरंतर परिष्कृत करते रहना ही है, अपना दीपक स्वयं बनना। यानी सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा हमें अंतर्मन से ही मिल सकती है।

## सकारात्मकता का दीपक

अब मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि हमें अपना दीपक स्वयं बनने की आवश्यकता क्यों है? या मन का दीपक जलाने जैसा श्रमसाध्य कार्य क्यों किया जाए? हम सभी इस बात से अवगत हैं कि यह संसार किसी अदृश्य पराशक्ति से परिचालित होता है। वही शक्ति हम सभी मनुष्यों के भीतर भी होती है। मगर मनुष्य जीवन में नकारात्मक शक्तियां भी कार्य करती हैं। ये शक्तियां पग-पग पर भटकाव और अंधेरा फैलाती हैं। ये मनुष्य के मस्तिष्क को भ्रष्ट कर, उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती हैं। सवाल है, इन नकारात्मक शक्तियों से आखिर छुटकारा कैसे मिल सकता है? इसका उत्तर है, हमारे भीतर प्रज्ज्वलित होने वाला चेतना का दीपक ही हमें सही राह दिखाता है। भटकने से बचा सकता है। हमारे अंदर सकारात्मकता फैलाता है। अंधेरे की शक्तियों से लड़ने का साहस और शक्ति प्रदान करता है। हमारे भीतर अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं। बिल्कुल इस विविधता भरी और रहस्यमयी सृष्टि की तरह। उन संभावनाओं को पहचानने के लिए जरूरी है कि उन तक हमारी दृष्टि पहुंचे। वह कैसे पहुंचेगी? इसी चेतनामयी सकारात्मक दीपक के जरिए, जिसे हमें अपने भीतर प्रज्ज्वलित करना होगा।

## भीतर-बाहर फैले उजियारा

मन के भीतर चेतना और सकारात्मकता का दीप जलाने के लिए आत्मनिरीक्षण करना बेहद जरूरी प्रक्रिया है। स्व का निरीक्षण अर्थात अपनी भावनाओं की बेहतर समझ। अपने डर, अपनी कमियों, अपने गुणों-अवगुणों के अंधेरे-कोनों को जानना। उन पर बेहतर पकड़ बनाना। एक मंझे हुए चालक की तरह अपनी भावनाओं की गाड़ी पर नियंत्रण करने की योग्यता विकसित करना। जब हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीख लेते हैं तो हमारे साथ हमारे आस-पास का समाज भी सुरक्षित, सुसज्जित और प्रकाशमय बनता है। जिस तरह एक नन्हा दीपक बड़े से भू-भाग को आलोकित करता है, उसी तरह एक बुराई की अग्नि सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं जलाती बल्कि समाज को भी भस्म कर देती है। इसे जानना और बाहर निकालना तभी संभव है, जब हम अपने मन में सकारात्मकता का दीपक जलाएं। सिर्फ जलाएं ही नहीं, उसे बाधित करने वाली, बुझाने वाली शक्तियों से सुरक्षित रखने के उपाय भी करें। दीपावली के मूल में जो संदेश निहित है, वह यही है। दुनिया को रोशन करने से पहले खुद को रोशन करना।

इस संदर्भ में प्रसिद्ध गीतकार गोपाल दास नीरज की पंक्तियां सहज ही स्मरण हो आती हैं -

जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना,
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। *

{ पूजन-परंपरा / अनीता जैन }

# दीपोत्सव पर ऐसे करें गणपति-लक्ष्मी की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इसको दामोदर मास भी कहा जाता है।

**कार्तिक मास का महात्म्य:** कार्तिक महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार आते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। स्वयं ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है।

न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं'।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि वस्तुओं के दान को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।



**सर्वश्रेष्ठ पूजन दिवस दीपावली:** कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत विशेष माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दिवाली का दिन मां लक्ष्मी के भी स्वागत का दिन है। हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या सर्वोपरि मानी गई है।

**दीपावली की पूजन-विधि:** इस दिन प्रदोष वेला से लेकर पिशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह पिशाच वेला रात्रि 2 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले से लेकर 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी, वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मीजी और गणेशजी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में पूजन सामग्री के अलावा श्रद्धा का नैवेद्य भी अवश्य चढ़ाएं। भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मीजी आपसे प्रसन्न होंगी। पूजा में कमल पुष्प और आंवले को भी शामिल करें तो और उत्तम रहेगा। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि फूलों से भी मां की आराधना कर सकते है। साथ ही श्रंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश को भी पूजनस्थल पर लेकर बैठें। सर्वप्रथम ॐ पुंडरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर गंगाजल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए 'ॐ भूम्यै नमः' कहें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए

ॐ दीपोज्योतिः परब्रह्म दीपोज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु में पापं पूजा दीपं नमोस्तुते!

का जाप करते हुए संकल्प करें।

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद
श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण करें। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें। फिर दोनों की आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं।

विद्यार्थीजन इस दिन माता महासरस्वती का यह मंत्र जप करें

या देवि! सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता!
नमस्तस्यै! नमस्तस्यै! नमस्तस्यै नमोनमः!

इससे मां सरस्वती की भी कृपा प्राप्त होती है। *

{ लघुकथाएं }

# खुशी की रोशनी


दीपावली की शाम थी। वातावरण में खुशियों की खनक थी। लेकिन सामने वाले फ्लैट का दरवाजा बंद था। सूने से उस दरवाजे को देखकर ऐसा लग रहा था, उस घर में कोई हलचल ही न हो। पूरे दिन में बस दो-तीन बार ही वह दरवाजा तभी खुलता था, जब कामवाली बाई आती-जाती थी या फोन करके मंगवाया हुआ दूध-सब्जी जैसा सामान देने कोई आता था। हालांकि इसी घर में कभी खूब चहल-पहल हुआ करती थी। लेकिन दो साल पहले जब इस घर में रहने वाले अंकल और आंटी के जवान बेटे और बहू की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, तब से इस घर में उदासी बनी रहती है। इस ट्रेजडी के बाद से अंकल-आंटी घर से न के बराबर ही निकलते थे। कोई रिश्तेदार या दोस्त भी उनके घर में नहीं आता था।

मैं कुछ देर तक उस फ्लैट के बंद, सूने दरवाजे को देखती रही। फिर मैंने एक-एक करके पांच दीये उस दरवाजे के सामने जला कर रख दिए। इसके बाद दरवाजे की फोटो खींचकर उन अंकल-आंटी के फोन पर भेज दी। आंटी को फोन करके बता भी दिया।

थोड़ी देर बाद उनके फ्लैट का दरवाजा खुला। अपने दरवाजे के सामने जलते हुए दीयों को देखकर अंकल-आंटी के चेहरे खुशी से रोशन हो उठे। आशा बंधी, उन दोनों के मन के भीतर बैठी उदासी अब छंट जाएगी। *

- हरीश कुमार 'अमित'





# खुद्दारी

शहर दिवाली की रोशनी से जगमगाया हुआ था। मैं अपने पति के साथ दिवाली की खरीदारी करने बाजार आई थी। मेरे पति की नजर एक छोटे से बच्चे पर पड़ी, जो जोर-जोर से आवाज लगा रहा था, 'ले लो, दस के बारह दीये ले लो...।'

पति को उस गरीब बच्चे पर दया आ गई। उन्होंने मुझसे उस बच्चे से दीये खरीदने के लिए कहा। मैंने साफ मना कर दिया। मुझे डिजायनर दीपक लेने थे, जबकि उसके पास केवल सादे दीये थे। पति ने फिर कहा, 'अरे गरीब बच्चा है, खरीद लो न।' मैं उनका मन रखने के लिए बच्चे से दीये खरीदने को तैयार हो गई।

'दस रुपए के बीस के हिसाब से लगा दो, तुम्हारे दीये कुछ खास नहीं हैं।' मैं मुंह बनाकर बच्चे से बोली।

'नहीं हो पाएगा मैडम जी।' बच्चे ने सपाट स्वर में कहा।

'अरे, ले भी लो।' पति ने कहा तो मैंने पचास दीये ले लिए। पैसे देकर आगे बढ़ी ही थी कि पीछे से वह बच्चा दौड़ता हुआ आया, 'मैडम जी..!'

'अब क्या है? मैंने पूरे पैसे दे तो दिए हैं।' मैं चिढ़ कर बोली। 'पर्स से पैसे निकालते समय आपका मोबाइल गिर गया था, वही लौटाने आया हूं।' बच्चा मासूमियत से बोला।

बच्चे की ईमानदारी देखकर हम दोनों स्तब्ध रह गए। अभी कुछ देर पहले बच्चा एक पैसा कम करने को तैयार नहीं था, वह अब मोबाइल लौटाने चला आया।

मोबाइल हाथ में पकड़ाकर बच्चा जाने लगा तो मैंने रोका। उसे सौ का नोट देते हुए बोली, 'सुनो, यह लो, मिठाई खा लेना।' 'इसकी कोई जरूरत नहीं मैडम जी। हम मेहनत की खाते हैं, इसी में खुश रहते हैं।' कहकर वह बच्चा चला गया। उसकी खुद्दारी देखकर हम दंग रह गए। *

-शीला श्रीवास्तव


{ नवगीत / अखिलेश श्रीवास्तव चमन }

# हम जलते हुए दीप हैं

मोती भरे से सीप हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
अपने हृदय को
हम भरे हैं स्नेह से,
हम धरा पर हैं
बरसते मेह से,
हम प्रेम से सींचेंगे
मन की क्यारियां,
रहने न देंगे
द्वेष की चिनगारियां
हम महकते फूल हैं जी
हम रसीले गीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।
हम जलाते हैं
स्वयं को ज्योति बन,
छल, कपट से मुक्त
अपना स्वच्छ मन,
हम विहंस
सबको लगाते हैं गले,
अपने लिए
सारे सगे, सारे भले
हम नहीं दुश्मन किसी के
हम सभी के मीत हैं।
हम जलते हुए दीप हैं।

{ नवगीत / माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' }

# अंधियारे ने कहा दीप से



अंधियारे ने कहा दीप से,
जग ने मिथ्या भ्रम फैलाया
तुझे जलाया मुझे मिटाने,
अब तक तू ये समझ न पाया।
मिला तुझे क्या मुझे घटाकर
खुद भी जलता रहा रात भर
मुझे अकारण ही उलाहना
दिया जगत ने बात-बात पर।
मैं दुनिया में अजर-अमर हूं
सबने केवल अवगुण गाया।
मेरी किस्मत में लिक्खा है
पीड़ा, कुंठा, एकाकीपन
तुझे मिला स्वागत-अभिनंदन
यश ,कीर्ति, पूजा और वंदन
जिसने जैसा कर्म किया था
वो उसके हिस्से में आया।
गलत काम का हूं मैं साक्षी
इसमें मेरा दोष नहीं है
सुख होगा तो दुख भी होगा
आज किसी को होश नहीं है
तन माटी में मिल जाएगा
साथ नहीं जाएगी माया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट-रोहित के फॉर्म पर सबकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर रविवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारुप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी20 और टेस्ट प्रारुप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढना सीख गया है।

अब सवाल यह है कि वनडे प्रारुप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिए क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाएंगे। इस श्रृंखला के लिए दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया में आज से वनडे सीरीज का आगाज, सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों का रिकॉर्ड अच्छा

आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिए अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है, जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस श्रृंखला के जरिए दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है। रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा। पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाए हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे। कोहली अगर चिर परिचित अंदाज में लंबी पारियां खेलते हैं और रोहित अच्छी शुरुआत देते हैं, जो दोनों धुरंधरों का कैरियर कुछ साल और खिंच सकता है।



### रोहित-कोहली ट्रायल पर नहीं

मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने में फिर मजा आएगा। दोनों को बखूबी पता है कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है और मौजूदा चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखकर कड़े फैसले लेने से भी गुरेज नहीं करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा, रोहित और कोहली आस्ट्रेलिया में टीम का हिस्सा हैं। वे ट्रायल पर नहीं हैं। एक बार खेलना शुरू करेंगे, तब आप आकलन कर सकते हैं।'

### वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं रेड्डी

टीम प्रबंधन रोहित और गिल की सफल जोड़ी में बदलाव नहीं करेगा जबकि यशस्वी जायसवाल का विकल्प भी है । कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे और श्रेयस अय्यर तथा केएल राहुल उनके बाद, जिसके मायने हैं कि राहुल को विकेटकीपिंग भी करनी होगी। नीतिश कुमार रेड्डी वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं चूंकि हार्दिक पंड्या चोट के कारण बाहर हैं। मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह का साथ देने के लिये तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को चुना जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**आस्ट्रेलिया** : मिचेल मार्श (कप्तान) , जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

## खबर संक्षेप




### बोस्टन ओपनः क्वार्टर फाइनल में हारी अनाहत

**नई दिल्ली।** महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गई। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4 11-9 6-11 3-11 11-5 से हराया। अनाहत ने अमेरिका की चार्लोट जे को 11-4 11-6 9-11 11-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।


### एशेज में आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने पुष्टि की कि नियमित कप्तान पैट कमिंस अगर एशेज श्रृंखला से पहले कमर की चोट से उबर नहीं पाते हैं तो स्टीव स्मिथ कप्तान होंगे। कमिंस चोट के कारण भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से भी बाहर हैं। उनका 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में खेलना भी तय नहीं है। बेली ने कहा,' पैट नहीं खेल पाते हैं तो स्मिथ कप्तान होंगे। यह रणनीति हमारे लिए पहले भी कारगर रही है।' स्मिथ इस सप्ताह न्यूयॉर्क से आस्ट्रेलिया लौट आए हैं और क्रिकेट न्यू साउथवेल्स के मुख्यालय पर अभ्यास शुरू कर दिया है।



### न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 रद्द

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया जब इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 153 रन बना लिए थे। सैम कुरेन ने 35 गेंद में नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल है। जोस बटलर ने 25 गेंद में 29 रन बनाए जबकि हैरी ब्रूक ने 14 गेंद में 20 रन बनाए। इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान बारिश के कारण 15 मिनट खेल रोकना पड़ा जबकि पारी के ब्रेक के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई और मैच रद्द करना पड़ा। बाकी दो मैच सोमवार और बृहस्पतिवार को खेले जाएंगे।



### मकाऊ ओपनः पुखराज मडप्पा, चौरसिया ने किया कट में प्रवेश

**मकाऊ।** भारत के पुखराज सिंह गिल, विराज मडप्पा और एसएसपी चौरसिया ने एसजेएम मकाऊ ओपन गोल्फ में कट में प्रवेश कर लिया। गिल ने पहले दिन पांच अंडर 65 स्कोर के बाद दूसरे दिन तीन ओवर 73 स्कोर किया । वह संयुक्त 43वें स्थान पर है। मडप्पा भी दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। वहीं चौरसिया संयुक्त 59वें स्थान पर हैं।



## रणजी ट्राफी : शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने खोई अपनी पकड़

# शमी ने बरपाया कहर, चटकाए 4 विकेट बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार विकेट चटकाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को उत्तराखंड पर 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उत्तराखंड ने खेल के अंतिम दिन दो विकेट पर 165 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब कप्तान कुणाल चंदेला 68 और भूपेन लालवानी 12 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने अपनी लय खो दी। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी ने सुबह की परिस्थितियों का बेहतरीन फायदा उठाते हुए 24.4 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप और इशान पोरेल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। शमी ने पहले चंदेला को 72 रन पर पगबाधा आउट कर जीत की राह खोली, फिर लंच के बाद अभय नेगी, जन्मेजय जोशी और राजन कुमार को आउट किया। उत्तराखंड ने अपने अंतिम आठ विकेट मात्र 92 रन पर गंवा दिए और टीम 265 रन पर आउट हो गई।



### सेना ने त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से दर्ज की जीत

इस बीच सेना ने दिल्ली में त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से जीत दर्ज की। त्रिपुरा की टीम फॉलो ऑन करते हुए दूसरी पारी में केवल 163 रन पर आउट हो गई। सेना की तरफ से अर्जुन शर्मा ने पांच विकेट लिए। अहमदाबाद में मेजबान गुजरात ने असम के साथ ड्रॉ खेला, जिसने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 28 रन से की थी और अंत छह विकेट पर 192 रन पर किया। मुख्तार हुसैन (44), सुमित घडीगांवकर (37), नौवें नंबर के सिबाशंकर रॉय (नाबाद 39) और दसवें नंबर के स्वरूपम पुरकायस्थ (नाबाद 44) ने मैच ड्रॉ करने में अहम भूमिका निभाई।

### झारखंड ने तमिलनाडु को एक पारी और 114 रन से हराया

**कोयंबटूर।** झारखंड ने पूर्व चैंपियन तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में शनिवार को एक पारी और 114 रन से हराया जबकि अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे युवा आफ स्पिनर रिषव राज ने चौथे और आखिरी दिन चार विकेट चटकाए। झारखंड की जीत कल ही तय हो गई थी जब उसने तमिलनाडु को फॉलोआन खेलने के लिए कहा। चौबीस वर्ष के रिषव ने आखिरी दिन दो और विकेट लेकर पदार्पण के साथ 49 रन देकर चार विकेट चटकाए। झारखंड के पहली पारी के 419 रन के जवाब में तमिलनाडु की टीम 93 रन पर आउट हो गई थी। दूसरी पारी में तमिलनाडु ने 212 रन बनाए। झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 173 रन की पारी के दम पर 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

### आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ

वहीं कानपुर में आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ हो गया । आंध्र के पहली पारी के 470 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने आठ विकेट पर 471 रन बनाए। रिंकू सिंह 165 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि माधव कौशिक ने 54 और आर्यन जुआल ने 66 रन का योगदान दिया।

### बड़ौदा ने ओडिशा को 7 विकेट से हराया

कटक में बड़ौदा ने ओडिशा को सात विकेट से हराया। ओडिशा ने पहली पारी में 271 रन बनाये थे जबकि बड़ौदा ने पहली पारी सात विकेट पर 413 रन पर घोषित की। ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 174 रन पर आउट हो गई। बड़ौदा के महेश पिठिया ने 63 रन देकर छह और भार्गव भट्ट ने तीन विकेट लिए। जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## जापान ओपन के फाइनल में लैला...



**ओसाका।** कनाडा की लैला फर्नांडीज ने कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद 35 वर्षीय सोराना सिर्सिया को 6-1 2-6 6-4 से हरा कर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फर्नांडीज ने निर्णायक सेट में 4-4 के स्कोर पर सोराना की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। चौथी वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी का फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा से होगा। वैलेंटोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में जैकलीन क्रिस्टियन को 6-7(3), 6-4, 6-3 से हराया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

## जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# 16 साल की तन्वी का जलवा फाइनल में की जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सोलह साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालीफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा।

### तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पदक किया पक्का

तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। तन्वी ने पहला गेम केवल 13 मिनट में समाप्त कर दिया। तन्वी ने दूसरे सेट में तेजी से 12-4 की बढ़त ली लेकिन चीन की खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाते हुए वापसी की कोशिश की। तन्वी ने हालांकि उनकी कोशिश को नाकाम करते हुए प्रभावशाली जीत दर्ज की।

### वापसी करने में सफल रही तन्वी

तन्वी ने मैच के बाद कहा, मैं आज बहुत सहज महसूस कर रही थी और जिस तरह से मैं खेल रही थी उससे बहुत खुश हूं। मैंने दूसरे गेम में 12-4 के स्कोर पर कुछ गलतियां की लेकिन कोच की सलाह से वापसी करने में सफल रही।' इससे पहले पुरुषों के एकल में इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदुल्लाह ने चीन के ली ची हैंग को 14-16, 16-14, 15-12 से हराया।

## रोहित और विराट से मेरे रिश्ते मजबूत : गिल

**पर्थ।** पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं और मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचाएंगे नहीं। रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल ने कहा,'बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हो लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी।' उन्होंने कहा,' मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते।



# टीम इंडिया की चुनौती, अहम मुकाबले से पहले गेंदबाजी संयोजन पर मंथन जरूरी

एजेंसी ▶▶| इंदौर

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार 19 अक्टूबर को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं।



लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे।

### अमनजोत को दी गई तरजीह

हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिए उन्हें उतारना ही होगा। इससे अनुभवहीन और युवा क्रांति गौड़ पर दबाव बन रहा है, जिसने अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव या तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी के भी विकल्प हैं।

## दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज को हराकर पहली बार बनाई पोडियम पर जगह

# विश्व कप फाइनल में चमकी ज्योति, कांस्य जीत कर रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नानजिंग

अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई, जिन्होंने यहां कांस्य पदक हासिल किया। एशियाई खेल चैंपियन ज्योति ने दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज ब्रिटेन की एला गिब्सन को 150-145 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई ।

आठ तीरंदाजों के विश्व कप सत्र के फाइनल में भारत की 29 वर्ष की ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज को 143-140 से हराया था। वह सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक तीरंदाज मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा से 143-145 से हार गई।



### विश्व कप फाइनल में तीसरी बार उतरी थी ज्योति

विश्व कप फाइनल में ज्योति तीसरी बार उतरी थी । इससे पहले वह 2022 और 2023 में पहले दौर में बाहर हो गई थी। भारत की मधुरा धमनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बेरनाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गई।

### पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा

भारत को पुरुष कंपाउंड वर्ग में निराशा हाथ लगी। देश के शीर्ष तीरंदाज ऋषभ यादव शूट-ऑफ में नीदरलैंड के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लोसेर से हारकर कांस्य पदक से चूक गए। दोनों तीरंदाजों ने निर्धारित पांच छोरों पर केवल तीन अंक गंवाए और स्कोर 147-147 से बराबर रहा। शूट-ऑफ भी रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ने परफेक्ट 10 अंक बनाए, लेकिन श्लोएसर का तीर केंद्र के करीब लगा, जिससे यादव बहुत कम अंतर से विश्व कप फाइनल में पदक से वंचित रह गए। इस तरह से अभिषेक वर्मा विश्व कप फाइनल में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय कंपाउंड तीरंदाज बने हुए हैं, जिन्होंने क्रमशः 2015 (मैक्सिको सिटी) में रजत और 2018 (सैमसन) में कांस्य पदक जीता था। रिकर्व वर्ग में किसी भारतीय ने क्वालीफाई नहीं किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240